


07:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 037 | epaper.rashtriyakhabar.com | फाल्गुन, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

दरिद्रता धीरतया विराजते कुवस्त्रता शुभ्रतया विराजते।
कदन्नता चोष्णतया विराजते कुरुपता शीलतया विराजते॥

भावार्थ : दरिद्र अवस्था में यदि व्यक्ति धैर्य नहीं छोड़ता, तो निर्धनता कष्ट नहीं देती। साधारण वस्त्र को यदि साफ रखा जाए तो वह भी अच्छा लगता है। यदि सामान्य भोजन, जिसे पुष्टिकारक न माना जाए, भी ताजा और गर्म गर्म खाया जाए तो अच्छा लगता है। इसी प्रकार सुशीलता आदि गुणों के होने पर कुरुपता बुरी नहीं लगती।


### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 12.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.39 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.26 बजे

## भारत-नेपाल सीमा पर लश्कर समर्थित गेस्ट हाउस




- खुफिया एजेंसियों ने सरकार को आगाह किया
- दो मंजिला गेस्ट हाउस किनलोगों का अड्डा
- बिहार और यूपी की सीमा में प्रवेश आसान

**अवधेश कुमार शर्मा**

**पटना:** भारत-नेपाल खुली सीमा पर बिहार से लेकर पश्चिमोत्तर क्षेत्र में बड़ी संख्या में मस्जिद, गेस्ट हाउस, मदरसा और अन्य इस्लामिक प्रचार केंद्र कार्यरत हैं। इस सम्बंध में बताया गया है कि पाकिस्तान आर्थिक संकट में है, अलबत्ता पाकिस्तान के दावत ए इस्लामिया नामक संगठन से आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट में भारत-**

नेपाल खुली सीमा पर कट्टरपंथी गतिविधियों का मामला उजागर हुआ है। सूत्रों की माने तो भारत नेपाल सीमावर्ती जिला में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में पाकिस्तान समर्थित मॉड्यूल उन आतंकवादियों का पनाहगाह बना हुआ है, जो भारत को निशाना बनाना चाहते हैं। खुफिया एजेंसियों के प्रतिवेदन के दृष्टिगत, भारत-नेपाल सीमा पर दो मंजिला गेस्टहाउस बनाये गये है, जहां दावत-ए-इस्लामिया (डीइएल) के मेहमान ठहरते रहते हैं। वहां पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों के लोगों को रखा जाता है। डेल (दावत ए इस्लाम) ने उपर्युक्त निर्माण में 1 करोड़ 25 लाख रुपए खर्च होने की बात बताया है। उपर्युक्त धनराशि उन्हें पाकिस्तान में कार्यरत डीईएल की शाखाओं से प्राप्त है। जिहादी समूह में अधिकत्तर पाकिस्तान स्थित समूहों से धन राशि संग्रह करने में लगे रहते हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के सीमावर्ती जिलों रौतहट, परसा, कपिलवस्तु, सुनसरी, बारा, नवलपरासी, रुपनदेही और अन्य जिलों में विदेशी सहायता प्राप्त करने वाली मस्जिदें और मदरसा भारत विरोधी गतिविधियों का केंद्र बना हुआ हैं। लश्कर-ए-तैयबा जैसे शीर्ष आतंकवादी संगठन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, फैजाबाद, उधर पीलीभीत तक ठिकाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं और नेपाल की सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र को निशाना बनाने को प्रयासरत हैं।



मदरसा और अन्य इस्लामिक प्रचार केंद्र बहुतायात में कार्यरत के बीच साजिश

बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में मदरसा, मस्जिद का निर्माण से नो मेन्स लैंड भी अछूता नहीं रहा है। जिससे भारत को विशेष चिंता है और नेपाल को चिंता करने की आवश्यकता है। भारत के सीमावर्ती नेपाल के जिलों में संचालित पाकिस्तान समर्थित मॉड्यूल भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल आतंकवादियों को संरक्षण देते हैं। भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ती इस्लामिक संस्थाओं में संचालित गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। लश्कर ए तैयबा (ऑपरेटिव) संचालक मोहम्मद उमर को इस क्षेत्र में नेटवर्क के विस्तार का काम सौंपा गया है। उमर को इसी तरह की गतिविधियों के लिए पहले भी कई बार पश्चिम बंगाल के कोलकाता और बिहार के दरभंगा भेजा गया। खुफिया एजेंसी से जुड़े एक वरिष्ठ पदधिकारी के अनुसार, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल में कट्टरवादी, चरमपंथी समूहों के माध्यम सीमावर्ती क्षेत्र के मदरसों और मस्जिदों में राशि का पहुंचना, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

## हिमस्खलन की चपेट में आए 70 लोगों को बचाया

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में हिमस्खलन की चपेट में आने से पांगी-चंबा से जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया है। यहां पर स्टेट हाईवे-26 पर रोहली नामक स्थान पर सड़क पर एवलांच आ गया था। इस दौरान हिमस्खलन में फंसे 70 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। शनिवार देर शाम को यह मार्ग बंद हो गया और बड़ी संख्या में लोग यहां फंस गए थे। पुलिस ने 70 लोगों को यहां से रेस्क्यू किया और रात को रेस्ट हाउस में ठहराया। ज्पुलिस चौकी तिन्दी को सूचना मिली थी कि तिन्दी-किलाड़ राज्य उच्च मार्ग-26 पर रोहली के समीप हिमस्खलन हुआ है। इस पर एक बचाव दल और सड़क सुरक्षा संगठन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। यहां से लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है, लेकिन सड़क अब भी अवरुद्ध है।

## कांग्रेस ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची की जारी

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने सोमवार को आगामी नागालैंड विधानसभा चुनावों के लिए दो उम्मीदवारों के साथ अपनी तीसरी सूची जारी की। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी के केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने तीसरी सूची के लिए दो उम्मीदवारों का चयन किया है। पार्टी ने जिन दो उम्मीदवारों का चयन किया, उनमें इम्बुर विधानसभा सीट से बेंदांगकोकबा और तहोक सीट से शाबोह कोन्याक चुनाव लड़ेंगे। इनके साथ ही अभी तक 27 उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है। पूर्वोत्तर राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 27 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना दो मार्च को होगी।

## अस्थिर पाकिस्तान, भारत के हित में नहीं : रूसी राजदूत

**नयी दिल्ली:** पाकिस्तान के बिगड़ते हालात के बीच भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने आज यह कह कर एक विवाद पैदा कर दिया कि एक कमजोर और अस्थिर पाकिस्तान, भारत के हित में नहीं हो सकता है। रूस के राजदूत ने आज यहां एक ट्वीट में कहा, कमजोर पाकिस्तान भारत, अफगानिस्तान के लिए बेहतर नहीं होगा। श्री अलीपोव के ट्वीट को लेकर प्रतिक्रियाएं आने लगीं तो उन्होंने एक अन्य ट्वीट में सफाई देते हुए कहा, मेरा मतलब है कि अस्थिर पाकिस्तान दक्षिण एशियाई क्षेत्र में किसी के भी हित में नहीं है। एक मजबूत भारत-विरोधी पाकिस्तान किसी के भी हित में नहीं हो सकता है विशेष रूप से भारत के। रूसी राजदूत के स्पष्टीकरण से यह स्पष्ट नहीं हुआ कि रूस किस तरह के पाकिस्तान को भारत के हित में मानता है और उसकी आतंकवाद की नीति को लेकर रूस के विचार में क्या परिवर्तन आया है अपितु यह जरूर साफ हुआ कि रूस पाकिस्तान की दशा को लेकर बेचैन है।

## समस्तीपुर मे आक्रोशित लोगों ने की दारोगा की पिटाई

**समस्तीपुर:** बिहार में समस्तीपुर जिले के मथुरापुर पुलिस आउट पोस्ट थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा एक ई-रिक्शा चालक की कथित पिटाई किये जाने से आक्रोशित लोगों ने एक अवर पुलिस निरीक्षक (दारोगा) को पीट-पीटकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के मथुरापुर बाजार समिति के पास समस्तीपुर-दरभंगा पथ पर लगे जाम को हटाने के लिये पुलिस पहुंची थी। इस दौरान अवर पुलिस निरीक्षक उमाकांत राय ने एक ई-रिक्शा चालक की लाठी से पिटाई शुरू कर दी, जिससे ई-रिक्शा चालक घायल हो गया।यह देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और दारोगा उमाकांत राय को पीट-पीटकर घायल कर दिया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**स्थगन** › संसद के दोनों सदनों में अब भी गूंज रही हिजनवर्ग की रिपोर्ट की गूंज

# विपक्ष का जेपीसी बनाने की मांग पर हंगामा

- पहले दो दिन भी इसी मांग पर गतिरोध
- राज्य सभा में नोटिस नामंजूर किया
- सरकार ने अब तक इस पर कुछ नहीं कहा

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** लोकसभा में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का हिंडनवर्ग के मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति बनाने की माँग को लेकर हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही एक बार स्थगन के बाद जैसे शुरू हुई कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन अधिकारी डॉ किरीट प्रेमभाई सोलंकी ने सदस्यों को अपने अपने स्थान पर बैठने की अपील की। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी सदस्यों से सदन चलाने के लिए सदस्यों से शांति बनाने का आग्रह किया। श्री जोशी ने कहा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद चर्चा होने की परंपरा रही है इसे बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। डॉ. सोलंकी ने कहा कि सरकार जवाब देने के लिए तैयार है इसलिए सभी को चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। सदस्यों को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करना चाहिए। पीठासीन अधिकारी के बार बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं रुका जिसकी

›› पेज 2 भी देखें

### बजट सत्र में लगातार तीसरे दिन बाधित


राज्य सभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को भी हंगामा जारी रखा जिसके कारण बजट सत्र में लगातार तीसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका। पूर्वाह्न ग्यारह बजे सदन की बैठक शुरू होने और आवशयक दस्तावेज पटल पर रखे जाने के बाद विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। इसके बाद कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदस्यों का रवैया गैर-जिम्मेदाराना है। सभापति कुछ बोलने वाले ही थी कि विपक्षी सदस्यों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया जिसके कारण उन्होंने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

स्वान नदी में शार्क के ऐसे हमले से लोग अब नदी के करीब जाने से भी डर रहे हैं

## शार्क ने नदी में तैरती नाबालिग बच्ची को मार डाला

- नदी में इस किस्म का हमला से लोग मानसिक चोट की स्थिति में है

**राष्ट्रीय खबर**




**पर्थ:** यहां की नदी में तैरने गयी एक बच्ची पर शार्क ने हमला कर दिया। किसी तरह उसे घायल हालत में बाहर तो निकाल लिया गया था लेकिन अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। यहां के स्वान नदी में शार्क के ऐसे हमले से लोग अब नदी के करीब जाने से भी डर रहे हैं। नदी में इस किस्म का हमला होते जिनलोगों ने देखा है, वे सभी मानसिक चोट की स्थिति में है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पुलिस के इंस्पेक्टर पॉल रॉबिनसन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नदी में डॉलफिनों का एक समूह भी तैर रहा था। इसी स्थिति को देखकर इस बच्ची ने नदी में छलांग लगायी थी। पानी के नीचे तैरती शार्क ने अचानक उस पर हमला कर दिया। किसी तरह उसे जब खींचकर निकाला गया तो वह खून से सनी हुई थी। अनुमान है कि इस बच्ची पर हमला करने वाला एक बुल शार्क था, जो आम तौर पर ऑस्ट्रेलिया के नदियों में भी पाया जाता है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी इसी स्वान नदी में शार्क के हमले से एक पचास साल का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। यहां के जेम्स कूक यूनिवर्सिटी के शोध कर्ता एंड्रूय चीन ने कहा कि यह नदी स्वाभाविक तौर पर इस प्रजाति के शार्कों के निवास स्थल है। अब लोग ही उनके करीब जा रहे हैं।

›› पेज 2 भी देखें

त्रिपुरा में सत्ता में वापसी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने लगी भाजपा

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो रैलियों को किया संबोधित



- माकपा-कांग्रेस गठबंधन पर शाह का हमला
- पहले इलाका आतंकवादियों के चंगुल में था
- वामपंथियों को वोट दिया तो फिर से हिंसा

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** त्रिपुरा में सत्ता में वापसी के लिए भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है।त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में सभी दल अपनी-अपनी रणनीति पर काम शुरू कर चुके हैं। भाजपा के दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज यानी सोमवार (6 फरवरी) को दक्षिण त्रिपुरा जिले के सांतिर बाजार में एक जनसभा को संबोधित किया। अमित शाह ने सोमवार को दो रैलियों को संबोधित किया है। इस दौरान अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला।केंद्रीय गृहमंत्री के

›› पेज 2 भी देखें

## नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**जगदलपुर:** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग बीजापुर में नक्सलियों ने एक विवाह सामारोह में शामिल होने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की तेजधार हथियार से हत्या कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि भाजपा के उसूर मंडल अध्यक्ष नीलकंठ काकेम अपनी ससूराल ग्राम पेंकरम कल आए थे। यह इलाका नक्सल प्रभावित है। गांव में सादे भेसभूषा में पहले से नक्सली मौजूद थे। उन्होंने कुल्हाड़ी व चाकू से उन पर हमला कर दिया। इस बीच पति को नक्सलियों से घिरा देख पत्नी ललिता निहत्थे ही हथियारधारी तीन नक्सलियों से भिड़ गई, लेकिन नक्सलियों ने चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। ललिता और नीलकंठ के तीन छोटे-छोटे बच्चे पास ही खड़े रहे। नक्सलियों ने पत्नी व बच्चों के सामने ही नीलकंठ की हत्या कर दी। नीलकंठ 15 साल से उसूर के मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे।

भाजपा खेमे के विरोध का खुलासा सांसदों की गैर हाजिरी से

## फिर टला मेयर का चुनाव कार्यवाही स्थगित



- मनोनित सदस्यों के मतदान का विरोध
- पहले दो बार भी इसी तरह हुआ था हंगामा
- आप ने सुप्रीम कोर्ट जाने का एलान कर दिया

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के लिए महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव लगातार तीसरी बार टल गया और हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। दिल्ली नगर निगम में सोमवार को हंगामे की वजह से महापौर का चुनाव टालना पड़ा। फिलहाल, अगली तारीख तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है। इससे पहले, दिल्ली नगर निगम के मेयर पद के लिए सोमवार को एक बार फिर से कवायद शुरू हुई। सदन की बैठक शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने एलान किया है कि महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति

**बदलाव** › यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन में प्रयोग के दौरान बर्फ की नई संरचना बनी

# वहां बनाया गया बर्फ दूसरों से काफी अलग है

- इसका घनत्व पानी के काफी करीब है
- पहले कभी ऐसा कृत्रिम बर्फ नहीं बना
- रासायनिक संरचना पर शोध जारी है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सामान्य पानी से ही बर्फ बनता है और हम जानते हैं कि पानी से बर्फ बनने के बाद दोनों की प्रकृति में काफी बदलाव आ जाता है। आणविक संरचना के स्तर पर भी इस बदलाव की जानकारी पहले से ही वैज्ञानिक क्या आम लोगों को भी है। वैसे धरती पर प्राकृतिक तौर पर बनने वाले बर्फ के अलावा रासायनिक प्रक्रिया से बने बर्फ के बीच भी संरचना का अंतर होता है। इस क्रम में पहली बार प्रसिद्ध वैज्ञानिक पत्रिका साइंस ने नये प्रकार के बर्फ की जानकारी दी है। यह काम यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन में किया गया है। इस नये किस्म के कृत्रिम बर्फ की रासायनिक और आणविक संरचना

›› पेज 2 भी देखें

### इसका घनत्व की दूसरे प्रकार के बर्फ से अलग है

रासायनिक परीक्षण में पाया गया है कि इसका घनत्व की दूसरे प्रकार के बर्फ से अलग है। इस हिसाब से यह पानी के बिल्कुल करीब वाली स्थिति में है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन के केमिस्ट रोसू फिनसेन ने अपने शोध दल के साथ मिलकर इसे तैयार किया है। इसे बनाने के बाद यह बताया गया है कि इस नये किस्म के बर्फ का घनत्व 1.06 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर है जबकि पानी का एक ग्राम होता है। इसलिए इसे पानी के सबसे करीब का बर्फ भी माना गया है। दरअसल अपने शोध के क्रम में वैज्ञानिकों ने अत्यंत ठंडे स्टील के ठोस गेंदों के करीब पानी के रखा था। पानी जमने के बाद जो बर्फ इन स्टील के बॉलों के करीब बना, वह पहले से तय मापदंडों से बिल्कुल अलग था। इसी वजह से उसका गहन परीक्षण कर सारे अंतर को देखा गया है। पानी के इतने करीब के घनत्व का कोई बर्फ इससे पहले कृत्रिम तौर पर नहीं बनाया जा सका था। इसी कॉलेज के दूसरे केमिस्ट क्रिस्टोफ सालजमान ने कहा कि इससे कई धारणाएं भी बदल जाएंगी।

पश्चिम बांगाल में भाजपा का एक विकेट और गिरा

## सुमन कांजीलाल टीएमसी में शामिल

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को फिर से एक झटका लगा है। भाजपा खेमा की तरफ से टीएमसी के टूटने की दावेदारी के बीच अलीपुरदुआर से भाजपा के विधायक सुमन कांजीलाल अब तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। औपचारिक तौर पर उन्होंने पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अभिषेक ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र प्रदान कर पार्टी की सदस्यता दी। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद प्रदेश भाजपा के कुछ नेताओं ने उन्हें विश्वासघाती करार दिया है जबकि उनके करीबी भाजपा नेताओं ने इस फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया है। पार्टी का झंडा नहीं देने पर भाजपा के लोग दलील दी जा रही है कि इससे उनकी विधानसभा की सदस्यता जा सकती थी। जिससे बचने के लिए अंग वस्त्र दिया गया है।

वैसे पार्टी के अंदर इस बात की चर्चा पहले से ही थी

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

## रामगढ़ उपचुनाव में कूदे छात्र और अभ्यर्थी

रांची: रामगढ़ उपचुनाव में इस बार छात्रों और अभ्यर्थियों ने भी ताल ठोक दी है। अबतक 10 ऐसे युवाओं ने चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। बता दें कि पिछले दिनों उत्तरी छोटानागपुर का इलाका छात्रों के आंदोलन का गढ़ रहा है और इसमें युवाओं ने अपनी जबरदस्त भागीदारी दिखाई है। छात्र नेता और आंदोलनकारी सफी इमाम ने कहा कि कि युवाओं ने रामगढ़ उपचुनाव में उतरने का फैसला इसलिए किया है ताकि इसी बहाने सरकार के कानों में युवाओं की बात भेज सकें। देश में लोकतंत्र है और हमें भी चुनाव लड़ने का अधिकार है, और अब चुनाव लड़ के ही अपनी बात मनवाई जा सकती है। सफी का कहना है कि हेमंत सरकार से हमें काफी उम्मीदें थी, लेकिन इस सरकार ने युवाओं को छला है और चाहे नियोजन नीति हो या स्थानीय नीति किसी का भी समाधान नहीं हो सका है।

**राहत** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित

# गरीब लोगों को आवास हो स्वीकृत: हेमन्त

- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात
- आवास से वंचित गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराने पर चर्चा
- झारखण्ड के 8,37,222 योग्य परिवारों को आवास का नहीं मिल सका है लाभ
- मुख्यमंत्री ने चार माह पूर्व पत्र लिख कर भी किया था आग्रह



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित 8, 37, 222 परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निबंधित सभी लाभुक गरीब हैं और उन्हें आवास उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से इस मामले में जल्द निर्णय लेकर गरीबों के लिए आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से 15वें वित्त आयोग के तहत झारखण्ड का बकाया राशि को निर्गत करने का आग्रह किया। साथ ही, केन्द्रीय बजट 2023 -23 में मनरेगा के तहत राशि में की गई कटौती पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को नवंबर 2022 में पत्र लिखा था। पत्र के मध्यम से मुख्यमंत्री ने बताया था आवास प्लस अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के लिए सूचीबद्ध 10,35,895 परिवारों में से वित्तीय वर्ष 2021-22 में मात्र 4,03,504 इकाई का भौतिक लक्ष्य दिया गया था। अभी भी 6,32,391 योग्य परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल सका है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी आवास प्लस में निबंधित परिवारों में से 2,03,061 परिवारों को सूची से हटाया गया है। इनमें से अधिकतम परिवार ऐसे हैं जो आवास की पात्रता रखते हैं लेकिन वर्ष 2019 से पूर्व स्थानीय कर्मियों द्वारा गलत इन्ट्री करने के कारण इन परिवारों को आवास से वंचित होना पड़ रहा है। आवास प्लस योजना के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6,32,391 का भौतिक लक्ष्य आवंटित किया जाय। आवास प्लस से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हटाये गये 2,03,061 परिवारों को जाँचोपरान्त सत्यापन करने की सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

वहीं दूसरी ओर, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने भी ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को इस संबंध में जनवरी 2023 में पत्र लिख प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया था।

इस अवसर पर मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम, मुख्य सचिव, झारखण्ड सुखदेव सिंह, सचिव ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार, शैलेश कुमार सिंह, सचिव, भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार अजय तिर्की, वित्त सचिव, झारखण्ड अजय कुमार सिंह, रेजिडेंट कमिश्नर एम.आर मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो आज करेंगे नामांकन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए यूपीए की ओर से कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो मंगलवार को नामांकन पर्चा भरेंगे। बजरंग महतो के नामांकन में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल होंगे। कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महागठबंधन के नेता शामिल नहीं होंगे। क्योंकि वो कल दिल्ली में रहेंगे। उनके प्रतिनिधि के रूप में मंत्री जोबा मांझी, विधायक सविता महतो और योगेंद्र महतो नामांकन में शामिल होंगे। गोला गोलीकांड के एक मामले में कांग्रेस की निवर्तमान विधायक ममता देवी के सजायाफ्ता होने के बाद रामगढ़ विधानसभा की सीट खाली हुई है। इस सीट पर एनडीए की ओर से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी ने आजसू प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। वहीं सात फरवरी को महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो नामांकन करेंगे। बजरंग महतो निवर्तमान विधायक ममता देवी के पति हैं और काफी लंबे दिनों से उन्होंने कांग्रेस में कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो पर भरोसा जताया है। बजरंग महतो के नामांकन के दौरान मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, राज्यसभा प्रत्याशी रहे शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, जगदीश साहू सहित कई नेता उपस्थित रहेंगे। महागठबंधन की योजना नामांकन के बाद एक बड़ी सभा कर मंच से एकजुट महागठबंधन का मैसेज देना है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मन बना लिया है और वहां बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ की जनता जानती है कि कैसे भाजपा-आजसू ने षड्यंत्र रचकर उनके चुने गए प्रतिनिधि को जेल भेजने का काम किया।

अडानी ग्रुप पर वितीय अनियमितता के खिलाफ

# देश व्यापी प्रदर्शन के क्रम में कांग्रेस का मुख्यालय में प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** अडानी ग्रुप पर वितीय अनियमितता के खिलाफ आज कांग्रेस का देश भर में हुए मार्च एवं विरोध-प्रदर्शन के बीच झारखंड प्रदेश कांग्रेस के द्वारा भी मोदी सरकार के खिलाफ आज पूरे राज्य में एसबीआई और एलआईसी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने किया। वहीं रांची ग्रामीण कांग्रेस के तत्वावधान में एलआईसी कार्यालय हिनू के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध-प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद, अभिलाष साहु ने संबोधित किया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि एक-एक भारतवासी के पसीने से कमाई धन राशि एलआईसी के माध्यम से केन्द्र की सरकार ने लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि निम्नवर्गीय, मध्यमवर्गीय परिवार के लोग एक ओर महंगाई के संकट से गुजर रहे है वहीं दूसरी ओर अपने बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए जमा पूंजी भी डूबने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक एलआईसी के 39 करोड पॉलिसी धारकों का 33060 करोड रुपए डूब चुके हैं। भारतीय बैंकों का अडानी समूह पर करीब 80 हजार करोड का कर्ज है।

इसके बावजूद बैंकों से कर्ज देकर खाताधारकों का पैसा मोदी सरकार डूबा रही है। उन्होंने कहा कि एलआईसी और एसबीआई में हिस्से को प्रधानमंत्री जी ने अडानी ग्रुप के ऐसे समूह का हवाला किया जिस पर देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेट फ्रॉड का इल्जाम लगा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री खामोश क्यूं है, देश की जांच एजेंसियां चुप क्यों है। कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री उक्त मामले की जेपीसी गठन कर जांच करायें।

अपने चूंनिदा मित्रों को देश की संपति लूटने का अधिकार मोदी जी ने दे दिया है लेकिन कांग्रेस देश के सजग प्रहरी के रूप में ऐसा नहीं होने देगी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकात सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर ऐसे चुप्पी साधी हुई हैए जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी जी से हम कहना चाहते हैं कि आप अपने परम मित्र को धोखा दीजियेए हमें उससे कोई मतलब नहीं हैए पर कम से कम भारत के निवेशकों के 29 करोड़ पॉलिसी होल्डर और एसबीआई के 45 करोड़ खाता धारकों को तो धोखा मत दीजिये।

रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि करोड़ोंए 40 करोड़ केलगभग निवेशक जिन्होंने अपनी जमा पूंजी एलआईसी में लगाई थीए उनके भविष्य का सवाल है और एलआईसी में जो अडानी एंटरप्राईसेस हैंए 1 प्रतिशत से बढ़ा कर एलआईसी ने 4०23 प्रतिशत अपना निवेश कर दिया उसमें। किसके इशारे पर किया, क्यों किया। धरना प्रदर्शन में जितेन्द्र त्रिवेदी, दिलावर खान, शहबाज अहमद, प्रदीप सिंह, राजकुमार नागवंशी, तारिक मुंजिबी, आसिफ खान, सुदीप उरांव, समीर कुरैशी, फ्रांसिस तिर्की, अनिल सिंह, प्रकाश सोनी, विक्की ठाकुर, राखी प्रियदर्शी, राजकुमार, सदाब खान, संतोष सोनी, दीपू सिन्हा, जियाउल हक, सहित सैकड़ो की संख्या में शामिल थे।

# ग्रीन कार्ड धारकों को तुरंत राशन उपलब्ध कराये सरकार: नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भात-भात कहकर गरीब गुरबा वर्गो की भूख से मौत ना हो इसलिए 6 माह से बंद किए गए 17 लाख ग्रीन कार्ड धारियों को अब अविलंब राशन उपलब्ध कराए सरकार नहीं तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर उनसे व्यक्तिगत रूप से इस बिंदु पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया ताकि भविष्य में झारखंड राज्य में गरीब गुरबा वर्ग के लोगों की भूख से मौत ना हो । श्री नायक ने आगे बताया कि यह दुख और आक्रोश का विषय है कि हरा कार्ड धारियों को विगत 6 माह से अगस्त 2022 से जनवरी 2023 तारीख तक राशन नहीं मिला है जो सोचनीय प्रश्न है । सरकार के खाद आपूर्ति मंत्री श्री रामेश्वर उरांव इस दिशा में आज तक कोई सकारात्मक ठोस पहल नहीं किया जाना गरीब विरोधी कार्य है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से मांग किया कि वे जल्द से जल्द इस दिशा में सकारात्मक ठोस पहल करें ताकि गरीब गुरबा 17 लाख हरा कार्ड धारियों को कम से कम होली पर्व के पूर्व इन्हें राशन मिल सके । श्री नायक ने आगे यह भी बताया कि छःमाह से बंद किए गए 17 लाख ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं उपलब्ध कराना शत प्रतिशत (भोजन का अधिकार) कानून का घोर उल्लंघन है जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है । ऐसा ना हो कि पूर्व की तरह सिमडेगा वाली घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए राज्य की हेमंत सरकार इस दिशा में गंभीर हो और ऐसी व्यवस्था की शुरूआत की जाए कि सभी कार्डधारियों की ही तरह हरा कार्ड धारियों को भी प्रतिमाह समय पर राशन मिल सके इस पर गंभीरता पूर्वक काम किया जाना चाहिए और इन 17 लाख हरा कार्डधारियों को किस परिस्थिति में राशन नहीं दिया गया इसकी जांच की जानी चाहिए और दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर सजा दिया जाना चाहिए ताकि ऐसे अमानवीय कार्य और कानून का भविष्य में उल्लंघन ना हो सके।

## लालू प्रसाद सहित 4 की सजा बढ़ाए जाने मामले में सुनवाई 2 सप्ताह बाद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई सोमवार हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद निर्धारित की है। बता दें कि इस मामले में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया था कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।

**उपचुनाव** उपचुनाव को लेकर प्रत्याशी हुए रेस

# एनडीए और महागठबंधन के बीच मुकाबला, प्रचार अभियान में कूदेंगे बड़े नेता

राष्ट्रीय खबर





**रांची:** जिले में उपचुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। एनडीए की उम्मीदवार सुनीता चौधरी और महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो के बीच मुख्य मुकाबला होना है। सुनीता चौधरी ने शनिवार को अपना नामांकन कर लिया है, जबकि बजरंग महतो 7 फरवरी को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पूर्व ही दोनों उम्मीदवार और उनके समर्थक फील्ड में अपना चुनावी प्रचार कर रहे हैं। अब महागठबंधन और एनडीए की ओर से प्रत्याशी का नाम घोषित होने के बाद दोनों गठबंधन के नेता और कार्यकताओं ने आम जनों में अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर प्रचार की गति बढ़ा दी है।

कुछ ही दिनों में दोनों प्रत्याशियों की ओर से बड़े-बड़े नेता चुनाव प्रचार करते दिखेंगे। रणनीति के तहत एनडीए गठबंधन की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित कई बड़े नाम वाले नेता वाले उपचुनाव के दौरान प्रचार करने यहां आएंगे। अपने गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करते नजर आएंगे।

वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो भी टिकट मिलने से पहले ही जोर शोर से प्रचार प्रसार में लगे थे और अब उनको महागठबंधन द्वारा टिकट मिलने के बाद प्रचार प्रसार भी तेज हो गया है। महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता भी महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को जिताने के लिए एड़ी चोटी लगाने में जुट गए हैं। महागठबंधन के घटक दल में जेएमएम, आरजेडी सहित अन्य दल भी चुनाव प्रचार में काफी प्रमुखता के साथ नजर आएंगे। जहां एक और आजसू जगह जगह चुनावी सभा कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के प्रत्याशी द्वारा भी चुनावी प्रचार किया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### 15 माह बाद भी कारोबारी विष्णु अग्रवाल पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट नहीं मिली

**रांची:** रांची के बड़े कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के खिलाफ लगे आरापों की जांच रिपोर्ट 15 महिने बाद भी रांची डीसी ने सरकार को नहीं दी है। नामकुम क्षेत्र के जगन्नाथपुर के मेहंदीबगान रांची में 9.15 एकड़ खासमहाल जमीन, सरकारी भूमि की अवैध खरीद, रजिस्ट्री,कब्जा और अधिकारियों के मिलीभगत से नियमितीकरण कराये जाने का आरोप है। इसके अलावा विष्णु अग्रवाल पर रांची नगर निगम क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से रांची मास्टर प्लान सहित अन्य नियमों, विनियमों के उल्लंघन एवं गैरकानूनी तथा अवैध कार्यों में शामिल रहने का आरोप लगा था। इसमें रांची नगर निगम के अधिकारियों का भी प्रश्रय की बात सामने आयी थी जिनकी मिलीभगत से गैरकानूनी कार्य किए गए। इस संबंध में कोलकाता के परिवादी सुनील सरावगी ने आरोप लगाते हुए राजभवन को आवश्यक पहल का अनुरोध किया था। पूरे मामले पर राज्यपाल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव ने सरकार से जांच रिपोर्ट मांगी थी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस संबंध में 9 नवंबर और 22 नवंबर 2021 को ही रांची उपायुक्त को पत्र लिखकर रिपोर्ट देने को कहा गया था। जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में ही देने को कहा गया था, लेकिन फरवरी 2023 तक भी रिपोर्ट सरकार को नहीं भेजी गयी।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष का जेपीसी बनाने .. ..

वजह से सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह में कार्यवाही शुरू होने पर श्री धनखड़ ने कहा कि नियम 267 के तहत उन्हें 10 नोटिस मिले हैं, लेकिन नियम के अनुकूल नहीं होने के कारण उन्हें अस्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वह नियम के प्रति प्रतिबद्ध हैं, इसलिए वह इन नोटिसों को स्वीकार नहीं कर सकते। इसके बाद कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, वामपंथी दलों, शिवसेना, आम आदमी पार्टी तथा कई अन्य दलों के सदस्य अपनी-अपनी सीट के निकट खड़े होकर एकसाथ जोर-जोर से बोलने लगे। सदस्यों ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने की अनुमति देने की भी मांग की। सभापति ने कहा कि सदन व्यवस्थित नहीं है, इसलिए कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

### शार्क ने नदी में तैरती .. ..

आम तौर पर वे इंसानों पर हमला नहीं करते हैं लेकिन अपवाद की स्थिति की कई घटनाएं भी है। इससे पहले समुद्री इलाकों में तैरते इंसानों पर शार्क के हमलों की घटनाओं में अप्रत्याशित तौर पर बढ़ोत्तरी हो रही है। इस बारे में भी समुद्री वैज्ञानिक मानते हैं कि दरअसल अपने शिकार की तलाश मे घूमते शार्कों के करीब जाने वाले इंसान पर वे शिकार समझकर ही हमला करते हैं। आम तौर पर शार्क या कोई भी दूसरी प्रजाति बेवजह हमला नहीं करती है। अब इस हादसे के बाद लोगो को नदी में जाने के लिए सतर्क किया गया है। साथ ही एहतियात के तौर पर बोट पर सवार पुलिस वाले इलाके की गश्ती भी कर रहे हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित .. ..

निशाने पर कांग्रेस और लेफ्ट के अलावा त्रिपुरा के शाही वंशज प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा के नेतृत्व वाली टिपरा मोथा पार्टी भी रही। शाह ने टिपरा मोथा पर आरोप लगाया कि उसका कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त समझौता हो चुका है। माकपा-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, कम्युनिस्टों के शासनकाल में त्रिपुरा को अंधकार मिला था लेकिन भाजपा ने राज्य के लोगों को अधिकार दिया। अमित शाह ने कहा, दोनों दलों ने कभी भी जनजातियों का सम्मान नहीं किया। इन दोनों दलों ने 50 साल तक त्रिपुरा पर शासन किया, फिर भी उसका विकास नहीं हुआ।अमित शाह ने कहा वामपंथियों को वोट देने का मतलब, त्रिपुरा में फिर से हिंसा का शासन स्थापित करना। उन्होंने कहा, पूरा नॉर्थ ईस्ट पहले उग्रवादी संगठनों के बम धमाकों से जूझता था, पर आज उनकी जगह रेलवे और हवाई जहाज की आवाज आती है। बता दें कि त्रिपुरा के आदिवासियों के लिए अलग राज्य ग्रेटर टिपरालैंड की मांग को लेकर प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा ने टिपरा मोथा पार्टी का गठन किया है और अकेले ही विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। राज्य की 60 में से 42 सीटों पर टिपरा मोथा चुनाव लड़ेगी। त्रिपुरा में लगभग 20 आदिवासी बहुल सीटें हैं और ये पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता की कुंजी हैं। इसलिए टिपरा मोथा किंगमेकर की भूमिका में उभर सकती है।

### फिर टला मेयर का .. ..

के सदस्यों के चुनाव एक साथ होंगे और इसमें नामित सदस्य भी मतदान में हिस्सा लेंगे। नामित सदस्यों के मतदान में हिस्सा लेने की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा और आप के सदस्यों की ओर से नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित की गयी।

सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा शुरू हो गया जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

अब आम आदमी पार्टी ने बार बार भाजपा की तरफ से हो रही ऐसी कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का रुख करने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि पीठासीन अधिकारी भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। मनोनित सदस्यों को मतदान का अधिकार पहले कभी नहीं रहा है। इस बार किसी तरह भाजपा का मेयर बनाने की जुगत में भाजपा ऐसे हथकंडे अपना रही है। आज यह काम होना था, यह भाजपा ने पहले ही तय कर लिया था। इसी वजह से इस चुनाव के लिए होने वाले मतदान में भाजपा के कई सांसद आये भी नहीं थे। इससे साफ है कि यह सब सोची समझी साजिश थी। इसलिए पार्टी अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर किसी जज की निगरानी में यह मतदान कराने की मांग को लेकर याचिका दायर करेगी।

### वहां बनाया गया ..

दूसरे बर्फ से अलग है। इसलिए इसे नये किस्म का बर्फ माना जा रहा है। इस बर्फ में दूसरे किस्म के कृत्रिम विधि से बने बर्फ की तरह आणविक संरचना क्रमवार नहीं होती। इसमें सारे अणु एक दूसरे से स्फटिक की तरह जुड़े होते हैं। इस बर्फ को शोधकताओं ने एमॉरफस बर्फ का नाम दिया है। इस शोध के बारे में बताया गया है कि शोध दल ने इसे काफी अधिक ठंडा करने के लिए तरल नाइट्रोजन का प्रयोग किया। इससे तापमान को शून्य से दो सौ डिग्री तक नीचे ले जाने में मदद मिली। इसमें सामान्य बर्फ डालकर उसे हिलाने के बाद ऐसे नया बर्फ तैयार हुआ है। यह देखने में शीशे जैसा है लेकिन यह घास पर ठंड में जमने वाले बर्फ के बुरादों से भी भिन्न है।

### सुमन कांजीलाल .. ..

कि वह अपने ही इलाके के भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री जॉन बारला से काफी समय से नाराज चल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक उन्हें जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण पद मिल सकते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के तीन विधायक तृणमूल में शामिल हो गए। पंचायत चुनाव से पहले इस दलबदल को भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष ने कहा, मैं पार्टी बदलने के बारे में नहीं सोच सकता। हर राजनीतिक कार्यक्रम में वह मेरे साथ होते थे। मैं वर्तमान सरकार के खिलाफ सबसे मुखर था। मैं सोच भी नहीं सकता था कि यह इस तरह बिकेगा। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा में सुमन के काम से दिक्कत होती तो वह विधायक का पद छोड़कर दल बदल सकते थे लेकिन जिस तरह से उन्होंने पार्टी बदली, हम राजनीतिक नेता कार्यकताओं को क्या जवाब देंगे? कुछ दिनों पहले ऐसी अफवाहें थीं कि शंकर घोष भी तृणमूल के संपर्क में हैं। उन्होंने लोगों को पहचानने में गलती की है। हम व्यापार करने के लिए राजनीति नहीं करते हैं।


**शहर >> अपडेट**

### बच्चों को कॉपी कलम देकर बढ़ाया गया मनोबल

पिपराकोठी पू च : मध्य विद्यालय सूरजपुर में समाजसेवी मुकेश कुमार जयसवाल द्वारा कॉपी कलम देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। समाजसेवी मुकेश कुमार जायसवाल ने बताया शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं संचालित है जिससे बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं बहुत से बच्चे ऐसे हैं जिनके अभिभावक द्वारा शिक्षा के प्रति उदासीनता रहती है और बच्चे कॉपी कलम के अभाव में मायूस रहते हैं तथा उनकी पढ़ाई बाधित होती है। जिस कमी को दूर करने का प्रयास कर बच्चों के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा हूं।

# युवती को अगवा करने की खबर निकला पति-पत्नी के बीच का विवाद

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** अहियापुर थाने से चंद कदम दूर दादर रोड पर कार सवार बदमाशों द्वारा एक युवती को अगवा करने की खबर दरअसल पति-पत्नी के बीच विवाद का था। पुलिस की तमाम गश्ती व्यवस्था को धता बताकर युवती को जबरन गाड़ी में बिठाने की घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस भी तुरंत हरकत में आ गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने पर पुलिस को बदमाशों की करतूत कैद मिली। लेकिन करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का निकला। फिलहाल पुलिस ने दोनों को अभिरक्षा में ले लिया है। थाने पर लाकर जब पूछताछ की गई तो पता चला कि दोनों ने प्रेम विवाह किया है और दोनों इलाके के ही एक निजी स्कूल में पढ़ाते हैं। अक्सर दोनों के बीच आपस में लड़ाई होती थी और रविवार को भी किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद युवती गुस्से में आकर घर से निकल गई। उसके बाद पीछे से पति भी कार से निकला और बीच सड़क पर पत्नी को जबरन गाड़ी में बैठा कर तेजी से भाग निकला। यह देख स्थानीय लोगों को लगा कि युवती का अपहरण किया गया है और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे दी। लोगों ने पुलिस को बताया कि शेखपुर ढाब की ओर से निकलकर युवती जीरोमाइल से बैरिया जाने वाली सड़क पर खड़ी थी। इसी दौरान जीरोमाइल की ओर से एक कार आई और उसमें सवार लोगों ने लड़की को जबरन गाड़ी में बैठा लिया और तेजी से निकल गए। इसके बाद युवती के अपहरण किए जाने की चर्चा होने लगी। सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और कार नंबर के आधार पर छानबीन शुरू की। जांच में कार मीनापुर के एक व्यक्ति के नाम से रजिस्टर्ड मिली। इसलिए मीनापुर, हथौड़ी समेत आसपास के सभी थानों को अलर्ट कराते हुए तत्काल छापेमारी शुरू कर दी गई। इसी बीच उक्त कार पुलिस को अहियापुर इलाके में ही मिल गई। कार को रोककर जब चालक से पूछताछ की गई तो उसने सारी बात बताई। इसके बाद पुलिस ने सहबाजपुर स्थित घर से युवक-युवती को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। पूछताछ के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पत्नी को छोड़ दिया गया है। हालांकि, पति को अभी हिरासत में ही रखा गया है। नगर डीएसपी राघव दयाल ने बताया कि अहियापुर इलाके से कार सवार द्वारा एक युवती को जबरन गाड़ी में बिठाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस को जांच के लिए भेजा गया। सीसीटीवी फुटेज से मिले कार के नंबर के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। इसी बीच देर रात दोनों मिल गए। जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला सामने आया है।

# डॉ. अनूप ने संभाली निदेशक की बागडोर

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** डॉ. अनूप दास ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के 5वें पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. दास का वर्तमान कार्यकाल पांच वर्षो का होगा। ज्ञात हो कि डॉ. दास, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली की अनुशंसा पर अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा निदेशक के पद पर पदास्थिपित किये गए है। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिकगण सहित प्रशासनिक एवं तकनीकी संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त निदेशक को शुभकामनाएं दी।

डॉ. दास ने बताया कि हमारे संस्थान एवं इसके केन्द्र कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र राँची, मखाना अनुसंधान केन्द्र दरभंगा, कृषि विज्ञान केंद्र बक्सर व रामगढ़ संसाधन विहीन किसानों एवं अन्य हितधारकों लिए भूमि और जल ससांधनों के प्रबंधन, खाद्यान्न, बागवानी, जलीय फसलों, मात्स्यिकी, पशुधन और कुक्कुट, कृषि प्रसंस्करण तथा सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर अनुसंधान करते हैं, एवं वर्तमान में हमारे संस्थान बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए कार्य कर रहे हैं तथा भविष्य में और अधिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर डॉ. दास ने संस्थान के सभी वैज्ञानिकगण सहित प्रशासनिक एवं तकनीकी संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों यह आह्वान किया कि हम सब मिलकर संस्थान एवं देश के किसानों के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

# पर्वत पुरुष दशरथ मांझी को भारत रत्न दिलाने गया से दिल्ली तक पदयात्रा शुरू

**जदयू नेता चांदन सिंह ने पदयात्रियों का किया स्वागत**

राष्ट्रीय खबर



**वजीरगंज :** पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी को भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर जिले के गेहलोर घाटी से 13 लोगों ने गया से नई दिल्ली के लिए पैदल यात्रा शुरू किया है।पदयात्रा में शामिल सदस्यों ने कहा कि बाबा दशरथ मांझी ने अपने जीवन काल में पैदल दिल्ली पहुंचे थे। इनसे प्रेरणा लेकर आज हम सब 13 लोग मिलकर घाटी से पैदल दिल्ली की ओर पहुंचकर उनके लिए भारत रत्न की मांग केंद्र सरकार से करेंगे। सभी पदयात्री दशरथ बाबा के जैसा सिर पर टोपी पहने हुए हैं। सोमवार को पदयात्री वजीरगंज जिले के भवंडी गांव पहुंचे, जहां उनका स्वागत जदयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर पद यात्रियों को रवाना करते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जदयू नेता चंदन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी कुर्सी पर दशरथ बाबा को बैठाकर सम्मान दिया था इतना ही नहीं उनके गृह क्षेत्र में कई विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है। भारत रत्न की मांग तो काफी दिनों से की जा रही है पर कोई सुनने वाला नहीं है। पदयात्रा एक अच्छा प्रयास है।13 सदस्यों की अगुवाई कर रहे सत्येंद्र मांझी ने बताया कि दशरथ मांझी ने अथक परिश्रम और अदम्य साहस के साथ पहाड़ काटकर सड़क का निर्माण कराया लेकिन फिर भी केंद्र सरकार द्वारा इन्हें उपेक्षा की जा रही है।सदस्यों में नागेश्वर मांझी, शकलदेव दास,जेठू मांझी, उपेंद्र कुमार, अमेरिका दास,कैलास मांझी, शिवचरण मांझी,विलास नारायण मांझी, सागर कुमार दिल्ली के लिए पैदल रवाना हुए।

# नि:शुल्क दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी :** एसएसबी कैम्प महुअवा के कमान अधिकारी दिव्य रंजन सिंह के मार्गदर्शन में सीमा क्षेत्र के 45 किसानों के लिए दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश कुमार ममोत्रा, उप-कमांडेंट विश्वास केएम सहायक कमांडेंट, पंकज कुमार अंचलाधिकारी छौरादानों, धीरेंद्र कुमार प्रमुख छौरादनो, डॉ गायत्री कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र पिपराकोठी और मुखिया संतोष गिरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री ममोत्रा ने बताया कि एसएसबी सीमा पर अपना कर्तव्य निर्वहन के साथ सामाजिक गतिविधियों में मुख्य भूमिका निभाती है।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया नेशनल एक्सचेंज कार्निवल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भारत की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज पूरे देश में अपने नेशनल एक्सचेंज कार्निवल का शुभारंभ किया है। इस मेगा कार्निवल के दौरान ग्राहक टाटा मोटर्स की किसी भी डीलरशिप में जाकर टाटा की सभी कारों और यूवी पर आकर्षक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहकों को चुनिन्दा मॉडलों पर 60,000 रुपये तक का एक्सचेंज बेनेफिट्स भी मिलेगा। यह मेगा कार्निवल कंपनी की ग्राहक-केन्द्रित पहल के तहत आयोजित किया गया है और 250 शहरों में टाटा मोटर्स के ऑथराइज्ड डीलरशिप में 15 फरवरी तक चलेगा।

इस घोषणा पर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग और कस्टमर केयर, श्री राजन अम्बा ने कहा कि, ह्लटाटा मोटर्स में हम ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें आनंददायक अनुभव प्रदान करने की लगातार कोशिश करते हैं। इस योजना के अनुरूप, हम ग्राहकों के लिए 12-दिनों के नेशनल एक्सचेंज कार्निवल को शुरू करने की घोषणा कर रहे हैं। इस कार्निवल के दौरान हमारे प्री-ओन्ड कार व्यवसाय, टाटा मोटर्स अश्योर्ड के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से हम ग्राहकों को उनकी मौजूदा कारों का परेशानी रहित मूल्यांकन प्रदान करेंगे। मुझे पक्का भरोसा है कि नेशनल एक्सचेंज कार्निवल से हमारे ग्राहकों को आसानी से अपनी मनपसंद टाटा कार को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी और इस तरह वे हमारे ऑफर पर उपलब्ध डिजाइन, ड्राइव और सुरक्षा के सर्वश्रेष्ठ संयोजन का अनुभव कर पाएंगे।

टाटा मोटर्स अश्योर्ड कंपनी का इनहाउस प्री-ओन्ड कार प्रोग्राम है जो ग्राहकों को अपनी मौजूदा कारों को नई टाटा कारों से बदलने के लिए वन-स्टॉप समाधान मुहैया करता है। वर्ष 2009 में अपनी शुरूआत के समय से ही यह प्री-ओन्ड कार प्रोग्राम सभी संभावित खरीदारों को आकर्षक लाभ प्रदान कर रहा है।

# व्यापारी सहयोगीयों के लिए बिजखाता लॉन्च किया

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज अपने करंट एकाउंट - बिजखाता के लॉन्च की घोषणा की, जो देश भर के छोटे व्यवसायियों और व्यापार करने वालों के लिए असीमित लेनदेन और तत्काल एक्टिवेशन के साथ आता है। बड़ी संख्या में छोटे व्यवसाय के मालिक व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बचत खातों का उपयोग करना जारी रखते हैं क्योंकि वे व्यवसाय खातों की न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकते हैं। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक लेनदेन को अलग करने की प्रक्रिया को बोझिल बना देता है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गणेश अनंतनारायणन ने कहा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हमारा लक्ष्य बैंकिंग को सुलभ और सरल बनाना है। हमारे शोध से पता चलता है कि न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को पूरा नहीं करने और लेन-देन की परिभाषित संख्या से अधिक होने पर लगाए गए उच्च शुल्क का डर छोटे व्यवसाय के मालिकों के लिए व्यवसाय खाता शुरू करने में बाधक है। इस बाधा को दूर करने के उद्देश्य के साथ, हमने छोटे व्यवसाय के मालिकों को व्यवसाय बैंकिंग के लाभों को सक्षम करने और प्रदान करने के लिए बिजखाता की शुरूआत की है। यह हमारे व्यावसायिक उत्पादों के मौजूदा पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बिजखाता को विशेष रूप से इन छोटे व्यापारियों और व्यापार मालिकों के लिए डिजाइन किया गया है। यह सभी व्यापारिक लेनदेन को एक मंच पर लाता है और उन्हें कई बैंकिंग लाभों का आनंद देते हुए स्पष्ट लेखाजोखा बनाए रखने में उनकी मदद करता है।

# युवा समाजसेवी रौनक ने अपने जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

राष्ट्रीय खबर



**गया :** जन्मदिन मनाने के सभी के तौर तरीके अलग-अलग है।कोई केक काटकर मनाता है तो कोई दोस्तों के साथ मस्ती कर।लेकिन गया में सोमवार को एक युवा समाजसेवी सरदार रौनक सिंह सेठ ने अपना जन्मदिन दूसरों के हित के लिए मनाया। खालसा ब्लड डोनर्स के संस्थापक रौनक सिंह सेठ ने अपने जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर एवं रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया । रक्तदान शिविर में पुरुषों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ने भाग लिया। सरदार रौनक सिंह सेठ ने बताया कि इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में इस संस्था के सभी रक्तदानियो को संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष रौनक सिंह सेठ, राष्ट्रीय सचिव विश्वनाथ मेहरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभम श्रीवास्तव रक्तविर अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे गुरसेवक सिंह, सूरज कुमार सिन्हा, प्रीतेश कुमार सिन्हा, इकबाल सिंह, आशुतोष कुमार, शुभम श्रीवास्तव, आरूणी भारत, शालू गौर, वासुदेव गौर, भाई हरदीप सिंह, भाई बेअंत सिंह, अभिषेक कुमार, अंकुर सलूजा, टिंकू शर्मा एवं अन्य लोगों ने रक्तदान किया। उक्त सभी लोगों ने सरदार रौनक सिंह सेठ को जन्मदिन की बधाइयां देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना ईश्वर से की।

# 25 एकड़ मे लगी अफीम की फसल को किया गया नष्ट



राष्ट्रीय खबर

बाराचट्टी, गया : जिले के बाराचट्टी प्रखंड में नारकोटिक्स विभाग और जिला पुलिस के संयुक्त प्रयास से अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चला जा रहा है।इसी कड़ी में सोमवार को बाराचट्टी प्रखंड के नवसृजित धनगाई थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित इलका तिलेताड़ मे मादक पदार्थ अफीम की 25 एकड़ मे लगी फसल को एसएसबी, धनगाई पुलिस, वन विभाग, नारकोटिक्स व एक्साईज विभाग के द्वारा संयुक्त कारवाई कर नष्ट किया गया। एसएसबी 32 वीं वाहिनी ए कम्पनी धनगाई के पदाधिकारी ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र तिलेताड़ मे सोमवार को करीब 25 एकड़ मे लगी अफीम की फसल को एसएसबी के जवानों की सुरक्षा विभिन्न विभागों के सहयोग से नष्ट्रीकरण किया गया। इधर इस कार्रवाई से अफीम की खेती करने वाले किसानों और कारोबारियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि बड़े पैमाने पर बाराचट्टी के इलाकों में अफीम की खेती की जा रही है।

# मंदिर के सौंदर्यकरण को लेकर अहम बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**शेखपुरा :** नगर परिषद अंतर्गत महादेव नगर के बुधौली स्थित सुप्रसिद्ध श्रीअरधौती मंदिर का सौंदर्यकरण किया जा रहा है। इसके शीघ्र विकास के शेखपुरा के विधायक विजय सम्राट एवं कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान के नेतृत्व में अरधौती मंदिर के सदस्यगण तथा ग्रामीणों के साथ मंदिर परिसर में ही सार्वजनिक रूप से बैठक की गई। बैठक में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष सहित आसपास के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# शहीद राहुल सिंह की मौत होने से गांव में पसरा सन्नाटा

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** संग्रामपुर के लाल शनिवार को देर शाम रामपुर गांव निवासी स्वर्गीय जीवन सिंह के पुत्र शहीद राहुल कुमार सिंह देश के लाल उत्तराखंड में आर्मी सेना में कार्यरत थे। राहत आपदा बचाव के लिए जोशीमठ जाने के क्रम में बर्फ के भूस्खलन में शहीद हो गए। जैसे ही यह खबर रामपुर गांव सहित आसपास के गांव में पहुंचा लोगों में मातमी सन्नाटा पसर गया। इस खबर से लगातार शहीद राहुल कुमार सिंह के घर पर मुंगेर जिला ही नहीं बल्कि आसपास के जिला बांका भागलपुर जमुई आदि जगहों से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। विक्रम में सोमवार को बांका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सैनिक रोशन सिंह राठौर उनके आवास पर पहुंचकर परिवार जनों को संताबना देते हुए कहा कि मुझे ही नहीं पूरे देश को राहुल की कुबार्नी पर गर्व है ।परंतु एक तरफ दुख का पहाड़ भी हम सभी पर टूट कर गिरा है क्योंकि हम सभी के बीच से हम सभी के परिवार के एक होनहार बच्चा देश की सेवा में अपनी जान दे दी। यह कुबार्नी हम सभी के लिए और समस्त देशवासियों के लिए एक मिसाल कायम करती है ।यह संदेश देकर जाती है देश की सेवा पहले हैं उसके बाद अन्य कोई कार्य। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर योद्धा के अंतिम दर्शन करके हम सभी धन्य होंगे। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि राहुल के अंतिम विदाई समारोह में उपस्थित होकर मृत आत्मा को शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें देश के जाबांज सिपाही को सलामी देकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें। मौके पर उपस्थित शहीद राहुल के चाचा पन्ना सिंह ने बताया कि शहीद राहुल के पार्थिव शरीर सोमवार की देर रात शहीद रहे राहुल की पार्थिव शरीर अपना आवास रामपुर पहुंचने की संभावना है। उन्होंने नम आंखों से कहा कि हमने एक भतीजा देश ने एक लाल को खोया है। वही मौत मौके पर रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार राय पत्रकार गौतम झा एवं रामपुर गांव के दर्जनों ग्रामीण युवा बुजुर्ग बच्चे महिलाएं आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**संत शिरोमणि रविदास, पं.दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित**

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** मझोलिया प्रखंड क्षेत्र के रमपुरवा महनवा पंचायत में मुखिया डॉ. चंद्रिका साह की अध्यक्षता में उनके आवास पर एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदुपरांत पंचायत के मुखिया चंद्रिका साह ने चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह सहित भाजपा कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यकताओं को संबोधन में चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नीव होते हैं। पार्टी के बूथ विस्तारक बनाने की योजना पर चर्चा करते हुए विस्तारको से बूथों पर सक्रिय कार्यकताओं की टीम गठित कर बूथ मैनेजमेंट पर जोर दिया। इसके अलावा आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए, उनका लाभ दिलाने की बात कहा। पंचायत के मुखिया डॉ चंद्रिका साह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों का पूर्ण विश्वास है, कि लोग मानते हैं प्रधान मंत्री के नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहर >> अपडेट

### दोन क्षेत्र में लगाया चिकित्सा शिविर, नशा मुक्ति के लिए लोगों को किया प्रेरित

**बगहा :** एसएसबी 65वी वाहिनी के कमांडेंट पंकज डंगवाल के दिशानिर्देश के तहत सोमवार के दिन रामनगर प्रखंड के बेलाटाडी दोन, बेहतानी दोन एवं पिपरा दोन मे मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे वाहिनी के कमांडेंट चिकित्सक डॉ विनय अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिती मे ग्रामीणों की जांच कर मुफ्त मे दावा वितरित की गई । इस दौरान 242 लोगो का मुफ्त जांच कर उन्हे संबन्धित दवा दी गई । वाहिनी के कमांडेंट चिकित्सक डॉ विनय अग्रवाल के द्वारा ग्रामीणो को नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में विस्तार से बताया गया तथा इसे खुद भी छोड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

# जीविका ने किया बीज प्रसंस्करण इकाई के लिए भूमि पूजन

## आत्मनिर्भरता की ओर समर्पण एफपीसी ने बढ़ाया कदम

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिले के मुशहरी प्रखंड के हरपुर बखरी गॉव में 12 कट्ठे की जमीन पर 40 लाख की लागत से समर्पण जीविका महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा बीज प्रसंस्करण इकाई के लिए भूमि पूजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कंपनी के सीईओ राज कुमार ने बताया कि 40 लाख की लागत से कंपनी में सिविल वर्क किया जाएगा और उसके बाद लगभग 20 लाख की लागत की मशीनरी आएगी। कंपनी की वर्किंग कैपिटल सहित कुल लागत दो करोड़ 66 लाख होगी। सोमवार को एसएसबी के डीआईजी के रंजीत, डॉक्टर एसी सुखदेव, कमांडेंट पशु चिकित्सा, डीडीएम नाबार्ड जूही प्रवासिनी, अनिशा जिला परियोजना प्रबंधक जीविका ,देवेश कुमार परियोजना प्रबंधक फार्म वैल्यू चैन, समर्पण एफ पी सी की अध्यक्ष चंदा देवी एवं बोर्ड सदस्य के साथ ही जिला स्तरीय प्रबंधकों ने भूमि पूजन किया। जीविका परियोजना में पहली बार एफपीसी द्वारा इस तरह के कार्य किए जाने पर हर्ष जताते हुए डीपीएम जीविका अनीशा ने बताया कि यह एक शानदार पहल है, इससे आने वाले भविष्य में बीज प्रोसेसिंग इकाई के माध्यम से अच्छा रोजगार दीदियों को मिलेगा। गेहूं,धान और सब्जियों के बीज का प्रसंस्करण इस इकाई में किया जाएगा ।इस अवसर पर के रंजीत डीआईजी एसएसबी ने सभी दीदीयों को बधाई दी और एसएसबी की तरफ से हर तरह के सहयोग का भरोसा दिया। वही डीडीएम नाबार्ड ने कहा कि नाबार्ड की ओर से कृषि उद्योगों को बढ़ाने हेतु भरपूर सहयोग दिया जाएगा। जीविका परियोजना पिछले 15 सालों से जिले में कार्य कर रही है ।अनेक तरह के कार्य के माध्यम से दीदीयों को रोजगार का अवसर दिया जा रहा है, लेकिन पहली बार इस तरह से प्रोड्यूसर कम्पनी स्वयं एक फैक्ट्री का निर्माण कर उसमें रोजगार सृजन का शानदार पहल कर रही है। इस अवसर पर भूमि पूजन के बाद अतिथियों को वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संचार प्रबंधक राजीव रंजन, वित्त प्रबंधक अमानुल्लाह, आनंद शंकर, कुणाल कुमार, सिद्धार्थ कुमार, शोभा कुमारी और माइक्रो सेव की तरफ से परियोजना निदेशक और अन्य अतिथि मौजूद थे।

# आपसी रंजिश में युवक की मौत

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार की रात आपसी विवाद को लेकर एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।

बताया जा रहा है कि शहर के रतन पुरवा निवासी इसहाक अंसारी का पुत्र रियाज अंसारी उर्फ गुड्डू (25) रविवार की शाम काम कर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में रोककर कुछ युवक उसे पकड़ कर युवक की पिटाई की। जिससे गुड्डू बुरी तरह से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे सड़क किनारे फेंक कर युवक फरार हो गए। इधर झाड़ियों में कराहने की आवाज सुनकर राहगीरों ने युवक की पहचान की। जिसके बाद उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने युवक को इलाज के लिए एपीएससी रामनगर पहुंचाया। लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

रामनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है।

# तथागत बुद्ध , धम्म चक्र एवं हाथी की प्रतिमा स्थापना आज

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम में दिनांक 07 फरवरी 2023 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11:00 से रवींद्र सिंह बौद्ध की स्वामित्व वाली बगीचा रेस्टोरेंट (बरवत) में बौद्ध धर्म का प्रतीक चिन्ह स्थापित किया जाएगा। पश्चिम चम्पारण मुख्यालय (बिहार) में विष्णु के बुद्धवतार अर्थात तथागत बुद्ध की एक प्रतिमा, दो धम्म चक्र एवं दो हाथियों की प्रतिमा स्थापित करेंगे। जिसकी कुशीनगर के बौद्ध भिक्षु पूजा-अर्चना भी करेंगे। तत्पश्चात दीक्षान्त समारोह का आयोजन भी किया गया है। जिन बंधुओं को धम्म दीक्षा लेनी है वे कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। प्रतिमा स्थापना और दीक्षा कार्यक्रम उपरांत स्वरुचि भोजन की व्यवस्था रवींद्र सिंह बौद्ध 9304917800 ने किया है।

# अधेड़ की नेपाल में हुई हत्या अधिकारी दंपति गिरफ्तार

### घर में परिवारों में मची चीख-पुकार

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** थाना क्षेत्र के एक अधेड़ की नेपाल में हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। नेपाल के गुल्मी अंतर्गत सत्यवती ग्रामीण नगरपालिका के एक दंपति पर आरोप लगा है। मृतक व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के लाइन सुगौली वार्ड संख्या-18 निवासी अली इमाम के रूप में हुई है। वह नेपाल में कार्य करता था। बताया जाता है कि गुल्मी निवासी छविलाल अधिकारी व उसकी पत्नी विष्णु अधिकारी ने अली इमाम की हत्या कर शव गायब कर दिया। यह मामला पिछले पांच दिन पूर्व का बताया जाता है। इस क्रम में गुल्मी के सत्यवती ग्रामीण नगरपालिका में कार्य कर रहे सुगौली के लोगों ने अली इमाम की गुमशुदगी को लेकर गुल्मी थाना में आवेदन दिया।इसके बाद आवेदन के आलोक में पुलिस अली इमाम को ढूंढते हुए अधिकारी दंपति के घर पहुंची। जहां छानबीन में पुलिस को नेपाली दंपति द्वारा अली इमाम की हत्या कर देने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इधर, मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना की सूचना पहुंचते ही अली इमाम के घर चीख पुकार मच गई। वहीं गांव में कोहराम मच गया। अली इमाम को चार बच्चे हैं। वहीं एक बूढ़ी मां है,जिसका भरण पोषण अली इमाम ही करता था। घटना के बाद अली इमाम की मां व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत छात्र छात्राओं के बीच बांटा गया जूता

### कल्याण प्राथमिक विद्यालय जटातरी में हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**हवेली खड़गपुर :** आम जनता से मित्रता व सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 16वीं वाहिनी एफ समवाय द्वारा समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सोमवार को प्रखंड के नक्सल प्रभावित रमनकाबाद पश्चिम पंचायत के कल्याण प्राथमिक विद्यालय जटातरी में जरुरतमंद छात्र एवं छात्राओं के बीच जूता बांटा गया। एसएसबी के कमांडेंट मनीष कुमार के निर्देशन में कंपनी कमांडर पंकज यादव के नेतृत्व में कल्याण प्राथमिक विद्यालय जटातरी में जरुरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच जूतों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी कमांडर पंकज कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जहां एक ओर एसएसबी तथा स्थानीय नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक होता है। वहीं दूसरी और शांति और अमन की बहाली में कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन आगे भी जारी रहेगा। वहीं मुखिया छोटेलाल प्रसाद व प्रभारी प्रधानाध्यापक सरिता कुमारी ने सशस्त्र सीमा बल के इस कार्य की काफी सराहना की। इस मौके पर एसएसबी के उप निरीक्षक दिग्विजय सिंह लांबा, अवनीश कुमार महतो, राजेंद्र सिंह, संजय कुमार, कैलाश कुमार, करतार सिंह, रवि कुमार, निलेश कुमार, प्रजेश पी, रतनलाल, वार्ड सदस्य जितेंद्र कोड़ा सहित एसएसबी के जवान तथा ग्रामीण गण्यमान मौजूद थे।

# पांचवे दिन शांतिपूर्ण रही इंटरमीडिएट की परीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार को पांचवें दिन प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर अलग-अलग विषयों के कुल 1380 परीक्षार्थियों में 23 अनुपस्थित रहे।पंडित दीनदयाल बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक केदार प्रसाद ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा जीवविज्ञान में 157 में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दुसरी पाली की परीक्षा राजनीति विज्ञान में 414 में 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।जबकि कॉमर्स की परीक्षा में सभी 11 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वही राजकीय नंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक मनोज कुमार भारतीय ने बताया कि पहली पाली जीवविज्ञान की परीक्षा में 310 में 7 अनुपस्थित रहे। दुसरी पाली की परीक्षा राजनीति विज्ञान में 428 में 6 और कॉमर्स विषय की परीक्षा में 35 में 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।दोनो परीक्षा केंद्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक भी परीक्षार्थी नकल करते नही पकड़ा गया।परीक्षा कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा सभी केन्द्रों पर परीक्षार्थी निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे जहां कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनकी जांच की गई। जुता पहने छात्रों का जुता परीक्षा कक्ष के बाहर निकलवा लिया गया और उनके परीक्षा प्रवेश पत्र की जांच कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने दिया गया। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर पुलिस बल के साथ थाना के एसआई साधु शरण सिंह सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# बीसीसी बेलहर कप पर माधोडीह का कब्जा

राष्ट्रीय खबर



**शाहकुण्ड :** बेलहर प्रखंड के बेलहर बाजार स्थित शहीद झामा मैदान पर चल रहे बीसीसी बेलहर क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में माधोडीह की टीम ने बांका की टीम को 111 रनो से हराया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए माधोडीह की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर बनाए 238 रन। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांका की टीम ने 17 ओवर 4 गेंद में सभी विकेट खोकर सिर्फ 127 रन ही बना सकी इस तरह से माधोडीह की टीम ने इस मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार बिट्टू को दिया गया जिन्होंने की 22 गेंद में 63 रन की पारी अर्धशतकीय खेली ,मैन ऑफ द सीरीज का खिताब चानन टीम के उज्जवल को दिया गया वही अंपायर के रूप में मुकेश यादव व राजकुमार थे कमेंटेटर के रूप में अनितेश कश्यप, संतोष भगत, रवि प्रकाश, विराट ने रोचक कॉमेंट्री की स्कोरर के रूप में विपिन व पमपम थे। वही विजेता कप की ट्रॉफी व नगद चेक जिप अध्यक्ष बांका सुनील कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। साथ ही उपविजेता टीम को ट्रॉफी व चेक का पुरस्कार बेलहर की प्रमुख महोदया नीलम देवी हाथों दी गई । जबकि हिंदी भाषा के मशहूर कॉमेंटेटर अनितेश कश्यप को पुरस्कार रंजीत भारती के द्वारा दिया गया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, रंजीत भारती ,धौरी मुखिया पप्पू सिंह,धौरी उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति नवीन कुमार दास, समाजसेविका उमा दीदी , समाजसेवी रामकुमार उर्फ गोरे शंकर सुमन पत्रकार सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# संत शिरोमणि संत रविदास जयंती समारोह पूर्वक सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बेतिया के अंबेडकर कॉलोनी में रविवार को संत शिरोमणि संत रविदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बेतिया नगर निगम उप महापौर के प्रतिनिधि रमण गुप्ता, वार्ड पार्षद दीपक राम, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज सोनी, बजरंग दल के जिला संयोजक सोनू कुमार, विहिप के संरक्षक विनय कुमार, अभिषेक पटेल व अन्य लोगों के साथ महिलाओं ने बढ़-चढ़कर संत रविदास की जयंती में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संत रविदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों एवं महिलाओं ने संत शिरोमणि के चित्र पर पुष्प व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपर्युक्त कार्यक्रम में विहिप के नये जिला अध्यक्ष संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का आग्रह किया। वहीं विनय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में जाति और पार्टी धर्म संप्रदाय वह बांटने में राजनीतिक दल भूमिका अहम है। अपने निजी स्वार्थ और वोट की राजनीति के लिए हिंदू समाज को व्हाट्सएप आपस में लड़ा रहे हैं, जो नहीं होनी चाहिए। प्रतिवर्ष प्रत्येक स्थिति में समाज टूटे नहीं, इसके लिए अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर हम सबको इस दिशा में पहल करनी होगी। उपमहापौर प्रतिनिधि रमण गुप्ता ने हिंदू समाज पर हर समय कुठाराघात किया गया है। एकजुट होकर संगठित नहीं रहे इसके लिए समाज में असामाजिक शक्तियां अपनी जोर आजमाइश कर रही हैं। इस कुचक्र से हिंदू समाज को बचना चाहिए। ललन राम ने आपसी एकता ऊंच-नीच भेदभाव मिटाकर एक मजबूत समाज बनाने को कहा। वार्ड पार्षद दीपक राम, रोशन राम ने कार्यक्रम के अंत में सबको बधाई दी और संत रविदास के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील किया। कार्यक्रम के अवसर पर गीता देवी, आरती देवी, पूजा देवी, रीना देवी, रीमा देवी, शिवाली देवी, जगदीश राम, बच्चा पटेल, चंदन राम ,अरुण राम, ललन राम व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इस दुनिया के रंग बड़े अलबेले हैं

इस दुनिया के रंग बड़े अलबेले हैं।
जिधर नजर जाती प्रश्नों के मेले हैं।।
चह-चह-चह-चह से गुंजित हर नीड़ यहाँ।
रिश्तों की है भारी - भरकम भीड़ यहाँ।।
फौज खड़ी रहती है घर में अपनों की।
लेकिन, फिर भी, सारे यहाँ अकेले हैं।।
साथ - साथ जो खाते - पीते, हँसते हैं।
फन फैलाकर, वही पीठ पर डँसते हैं।।
देख परिस्थितियाँ प्रतिकूल, समय नाजुक।
मित्रों ने ही खेल हृदय संग खेले हैं।।
सत्य कहो तो, लोग खफा हो जाते हैं।
झूठे खुद को हरिश्चंद्र बतलाते हैं।।
दिखते हैं जो शक्कर से मीठे- मीठे।
होते वही नीम से कटुक, करेले हैं।।
बड़ी हस्तियाँ, बातें जिनकी बड़ी- बड़ी।
पल में राह बदल लेते, पा विकट घड़ी।।
बता हिमालय खुद को, इतराने वाले।
ढह जाते बनकर मिट्टी के ढेले हैं।।
जीवन पा, होने लगती कुलबुल - कुलबुल।
आशाओं के नये द्वार जाते हैं खुल।।
जान रहे होते हैं सब, जग नश्वर है।
फिर भी इच्छाओं के रेलम रेले हैं।।
खुश रहने के लिए, दुखी सब रहते हैं।
हर गम, हर पीड़ा को हँस-हँस सहते हैं।।
जिन्हें सफलता का सुख हासिल होता है।
कष्ट उन्होंने ही सर्वाधिक झेले हैं।।
खोल पिटारा बड़े - बड़े उपदेशों का।
हल बतलाते चलते जो, दुःख-क्लेशों का।।
वे ही बुनते रहते जाल मकड़ियों से।
रचते रहते झगड़े, नये झमेले हैं।।
अपनी ही करनी का फल सब पाते हैं।
किंतु दोष दूजों पर मढ़, सुख पाते हैं।।
खुद की किस्मत ही देती है दगा, मगर।
न्यायालय में दिखते ठेलम ठेले हैं।।
कंटक ही कंटक हैं, जीवन के मग में।
दुर्लभ है, मिलना शुभेच्छुओं का, जग में।।
मुँह में राम, बगल में छुरी छिपा करके,
घूम रहे निर्भय रावण के चेले हैं।।

**कवयित्रीः- डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, सहायक प्राध्यापिका जीबीएम कॉलेज, गया (बिहार)**

# मुख्यमंत्री के आगमन के पहले मॉक ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** मुख्यमंत्री के निर्धारित समाधान यात्रा को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में प्रेक्षागृह में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ ब्रिफिंग बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन एवं सुरक्षा व्यवस्था के विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्राप्त अपने अपने दायित्वों पूरी तल्लीनता के साथ निर्वहन करेंगे। बिना रूके बिना थके इस कार्यक्रम को सफल बनाना है, उन्हें यह एहसास नहीं हो कि किसी भी प्रकार की कोई चूक या कमी रही।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं की स्थिति क्या है, जनता उससे किस तरह लाभान्वित हुई है और जनता सरकार से और क्यार चाह रही है। यदि जनता माननीय मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देना चाहे तो उनसे आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों तक उपलब्ध करा दें ताकि मुख्यमंत्री उस आवेदन का अवलोकन कर सके।

जिलाधिकारी ने गुलालपुर और मंगरा पोखर स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर तैनात दण्डाधिकारियों एवं पुलिस बल को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने स्टैटिक पोजिशन पर रहेंगे, सिर्फ माननीय मुख्यमंत्री ही उक्त स्थल पर भ्रमण कर स्थल निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता को यह एहसास कराएं कि वो यदि आपके गांव में आ रहे हैं तो उनका भव्य स्वागत करें और उन्हें अपनी अच्छी छवि से अवगत कराएं। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी ने उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियो एवं कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल के साथ साथ निर्धारित मार्गा में सभी दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल समय से पूर्व पहुंच कर अपने अपने स्थानों पर तैनात रहेंगे। किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपद्रवी तत्वों पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। ट्रैफिक बैरिकेटिंग पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और कहा कि कारकेड गुजरने के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होने पाए, इस लिए रूट लाइन को स्पष्ट कर लेंगे। यदि कोई सूचना मिले तो तत्काल संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराऐंगे। माननीय मुख्यमंत्री के आगमन से प्रस्थान तक सभी पदाधिकारी एवं पुलिस बल अलर्ट रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सफियासराय स्थित हवाई अड्डा से उनके लिए निर्धारित सड़क मार्ग से गुजरने वाली कारकेड के लिए मॉक ड्रील किया गया। इस क्रम में जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित मुख्यमंत्री के कारकेड वाहनों को निर्धारित सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक के सभी मार्गों का सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। इस बीच जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, एसडीपीओ सदर/जमालपुर, मुख्यालय डीएसपी सहित ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य पुलिस बल शामिल थे। कारकेड निर्धारित विभिन्न मार्गा से गुजरते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल बांक पंचायत स्थित गुलालपुर, मंगरा पोखर, वाणिकी महाविद्यालय से होते हुए किला परिसर स्थित प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय सभागार से सर्किट हाउस में जाकर संपन्न हुई।

**शहर >> अपडेट**

### पुलिस हस्तक्षेप के बाद हल हुआ विवाद

सुगौली, पू.च : प्रखंड के करमवा रघुनाथपुर पंचायत के केकरवा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर ग्रामीण संदीप कुमार ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया हैं। जिसमे बताया है कि उसकी बहन की शादी की बारात आने वाली है। जिस रास्ते बारात आएगी उस रास्ते को गांव के हीं कुछ लोगों ने अवरुद्ध कर दिया है।जिससे आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। यदि रास्ते को नही चालू किया गया तो बारात नही दरवाजे तक नहीं आ पायेगी। उनलोगों से कई बार रास्ता खोलने को लेकर कहा भी गया पर बात नहीं बनी और वे लोग नही मान रहे है। इस बाबत थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि आवेदन मिला है। चौकीदार को वहां भेज कर रास्ते का मामला सुलझा दिया गया हैं।

# अंतजार्तीय एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना से 13 दंपत्ति लाभान्वित

## जिला पदाधिकारी ने लाभुकों को सौंपा एक-एक लाख रुपये की सावधी जमा पत्र

**अवधेश कुमार शर्मा**



**बेतिया :** अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना अंतर्गत कुल13 ऊजार्वान युवा दंपत्ति को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने उपर्युक्त दोनों योजनाओं से आँचल कुमारी, ज्योति कुमारी, पिंकी कुमारी, अंजली कुमारी, पूनम कुमारी, कुमारी नीतू कुशवाहा एवं गुडिया कुमारी, चांदनी कुमार, राजेश शर्मा, अरफात हुसैन, नीतू कुमारी, मिठु प्रसाद एव अमरेश कुमार को एक-एक लाख रुपये के सावधी जमा पत्र सौंपा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनील राय, अनुमण्डल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग ब्रजभूषण कुमार, जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने युवा दंपत्तियों से कहा कि सरकार प्रदत्त राशि का सदुपयोग उज्जवल भविष्य के लिए करें। उन्होंने कहा कि समाज तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। इस समाज में जाति विशेष या दिव्यांगता को लेकर लोगों में भेदभाव रखना शोभा नहीं देता है। सरकार ने सभी लोगो के विकास के लिए समान अवसर दिया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए निःशक्तजन एवं अंतजार्तीय विवाह करने वाले दम्पतियों को अनुदान राशि से सम्मानित किया जाता है। जिला पदाधिकारी ने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया कि जिला में योजना का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र युवा सरकार की योजना का लाभ उठा सकें।

सहायक निदेशक ने बताया कि अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना अंतर्गत समाज में छुआ-छूत की भावना समाप्त करने तथा अंतजार्तीय विवाह को प्रोत्साहित करने दे उद्देश्य से अंतजार्तीय विवाह करने वाली महिला को आर्थिक रुप से सबल बनाने के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत आँचल कुमारी, ज्योति कुमारी, पिंकी कुमारी, अंजलि कुमारी, पूनम कुमारी, कुमारी नीतू कुशवाहा व गुड़िया कुमारी को एक-एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र दिया गया, जिसकी अवरुद्धता अवधि तीन वर्ष की होती है।

वैसे ही मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना अंतर्गत दिव्यांगजानो के विवाह के प्रोत्साहन को एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। योजना अंतर्गत वर या वधु के निःशक्त होने पर एक-एक लाख रुपये एवं दोनों के विकल रहने की स्थिति में वर-वधु दोनों को अलग-अलग एक-एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। इस योजना अंतर्गत चांदनी कुमारी, राजेश शर्मा, अरफात हुसैन, नीतू कुमारी, मिठु प्रसाद एव अमरेश कुमार को एक-एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र दिया गया, जिसकी अवरुद्धता अवधि तीन वर्ष की होती है।

# चार दिवसीय ओआरसी शिविर का हुआ आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा दो अंतर्गत कैलाश नगर वार्ड नंबर 4 में आउटरीच चार दिवसीय कैंप का नगर परिषद सभापति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यह ओवारसी कैंप 4 दिनों तक नगर के अलग-अलग वार्डो में लगाया जाएगा तथा वैसे मरीज जो स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे हैं उनका इलाज किया जाएगा। सोमवार से शुरू हुआ यह कैंप गुरुवार तक आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को वार्ड नंबर 6 महावीर मंदिर के पास, बुधवार को वार्ड नंबर 13 बगहा एक और बृहस्पतिवार को वार्ड नंबर 35 पावर हाउस के पास कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों का इलाज किया जाएगा। सोमवार के दिन वार्ड नंबर 4 में लगे शिविर में कुल 175 मरीजों की जांच हुई तथा उन्हें उपयुक्त दवाइयां आदि दी गई। इस दौरान शिविर में आए लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारियां दी गई व फैमिली प्लानिंग के तहत गर्भनिरोधक दवाइयां व कंडोम वितरित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड के प्रभारी डॉ अतुल कुमार राय ने बताया कि शहरी पीएससी के अंतर्गत चार दिवसीय आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत कैलाश नगर के वार्ड नंबर 4 से की गई है। कोशिश है कि ऐसे लोग जो पीएससी या यूपीएससी में नहीं जा सकते हैं। उनके मोहल्लों में जा जाकर उनके स्वास्थ्य संबंधित कार्य किया जाए ताकि वे स्वस्थ रहे। अल्प विकसित व मलिन बस्तियों में जाकर स्वास्थ्य कैंप लगाकर गरीब और असहाय लोगों के बीच जांच पड़ताल कर उनका इलाज का कार्य किया जा रहा है।

सोमवार के दिन ओआरसी के तहत लगे शिविर में डॉ वेद प्रकाश, डॉ नेमतुल्लाह, एनम ललिता कुमारी, विभा कुमारी,नीतू कुमारी, पिंकी कुमारी, के साथ आशा विद्यावती देवी व एलटी बिट्टू कुमार यादव शामिल रहे।

# मैट्रिक के छात्र छात्राओं को शिक्षकों ने दी विदाई

**राष्ट्रीय खबर**



**भैरोगंज :** प्रखंड बगहा-1 के भैरोगंज बाजार हरहा नदी फिल्ड के पास स्थित अपना साइंस कोचिंग सेंटर के द्वारा आगामी 14 फरवरी से पड़ने वाले दसवीं की परीक्षा के लिए छात्र एवं छात्राओं को कोचिंग के द्वारा विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कोचिंग के डायरेक्टर अभिराज कुमार पांडेय ने बताया कि इस साल हमारे कोचिंग अपना साइंस कोचिंग सेंटर के लगभग 45 बच्चे दसवीं की परीक्षा में भाग लेंगे। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को आज कोचिंग की तरफ से कलम और मिठाई खिलाकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।वही कुछ पल के लिए अपने शिक्षकों से दूर जाते हुए बच्चों के आंखें भी नम हुई शिक्षकों ने सभी बच्चों को उत्साहित किया और कहा कि आप सभी निर्भीक एवं निडर होकर के परीक्षा दे। मौके पर कोचिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश कुमार सहायक शिक्षक नवल चौबे एवं बिट्टू कुमार उपस्थित रहे वही में छात्र-छात्राओं में अंकित कुमार, अंकित कुमार, शशिकांत कुमार, नितीश कुमार, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, शिखा कुमारी, निशा कुमारी, निरमा कुमारी, गुड़िया कुमारी, निशा परवीन आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# त्वरित कार्रवाई : पेट्रोल पंप के कर्मी से लुट मामले में पुलिस को मिली उपलब्धि

*तीन आरोपी गिरफतार, अन्य की जारी है तलास*


**राष्ट्रीय खबर**



**मोतिहारी/सुगौली पू.च :** पिछले दिनों हुई पेट्रोल पंप लूट कांड में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। इसको लेकर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि लूट कांड वाले पेट्रोल पंप के सीसीटीवी के फुटेज को निकाला गया। जिसके आधार पर लूट की घटना पर नजर करते हुए बारीकी से मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। जिसमें तीन लोगों को हथियार के साथ मोतिहारी शहरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि मामले से जुड़े दो लुटेरे अभी भी फरार है जिनको पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी चल रही है।

इसको लेकर थानाध्यक्ष ने बताया की सिसवाअजगरी के गुड्डू सहनी, बंजरिया का जिकरुल्लाह और पिपराकोठी का सुकेश कुमार को पकड़ा गया है।जिन्होंने इस लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश किया गया। जहां मामले की विस्तृत जानकारी ली गई। जिसके बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया कि मामले में लूट कांड में शामिल लोगों के पास से दो देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। साथ हीं थानाध्यक्ष ने बताया कि पम्पकर्मी से 30 हजार रुपये लूटे गए थे जो अभी बरामद नही हुआ है और इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### एनपीसीआई लिंक कराने के बाद ही खाते में आएगी राशि



**बगहा :** जिस लाभार्थी का खाता से एनपीसीआई नही जुड़ा है। उनके खाते में पैसा नहीं जाएगा। इसलिये सभी लाभार्थी खाता से एनपीसीआई लिंक कराले। सोमवार के दिन बगहा दो किसान भवन में पहुंचे बीपीएम बुलेट यादव ने किसान भवन पहुंचे लाभार्थियों का हाथों हाथ पोस्ट ऑफिस के तहत खाता खुलवाया ।इसकी जानकारी देते हुए पोस्ट आफिस के ब्रांच पोस्ट मैनेजर बुलेट यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की राशि, मनरेगा के तहत मिलने वाली राशि सहित अन्य कोई सरकारी राशि को अपने बैंक खाते में पाने के लिए अपने खाता से आधार एवं एनपीसीआई लिंक कराना अनिवार्य है। अन्यथा पैसा खाता में नही जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि अपने अपने खाता में आधार एवं एनपीसीआई जरूर लिंक कराले या फिर पोस्ट आफिस बैंक से अपना नया बचत खाता हाथो-हाथ खुलवा ले।

# नेशनल एन्टी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो का तीसरा स्थापना दिवस सम्पन्न

**राष्ट्रीय खबर**



**नरकटियागंज :** नेशनल एन्टी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो का तीसरा स्थापना दिवस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकान्त उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ कर रविकान्त उपाध्याय ने बताया कि देश में भ्रष्टाचार का दीमक लग चुका है। जिसमें बहुत सारे लोग शामिल हैं। बताते चले कि संस्था का तीसरा स्थापना दिवस पर सभी उपस्थित पदधिकारीगण ने ये संकल्प लिया कि अनुमंडल से लेकर जिला, राज्य से लेकर केंद्र तक जो भ्रष्टाचार और क्राइम का का बढ़ावा दे रहे हैं, उन्हें बख्शा नही जायेगा। संस्था का मुख्य उद्देश्य है, भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगाने की नीति पर कायम रहेगी। समाज सेवी नगरपरिषद उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज ने बताया कि यह संस्था चंपारण से चल रही हैं। जिस रफ्तार में चल रही हैं एक दिन बहुत आगे जाएगी। संस्था को जहां आवश्यकता पड़ेगी, वहां नगर परिषद का पूरी सहयोग मिलेगा। स्व.राजेश श्रीवास्तव के पुत्र सत्यम श्रीवास्तव ने तीसरा स्थापना दिवस पर शुभकामना दिया। संस्था के मोतिहारी जिलाध्यक्ष जयलाल दास ने बताया कि भ्रष्टाचार कहां कहां होता हैं। अगर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना हैं तो हमलोग एक दूसरे के सपोर्ट करेंगे तो हमलोग कामयाब होंगे। संस्था के संस्थापक/ अध्यक्ष रविकान्त उपाध्याय ने बताया कि तीसरा स्थापना दिवस पर बताया कि किसी भी प्रकार का आवेदन हमारे संस्था के नजदीकी कार्यालय में आप दे कर आपलोग न्याय पा सकते हैं। संस्था 28 राज्य में कार्यरत हैं, राज्य के कई जिलों में कार्यालय खोला गया हैं। आपलोग कार्यालय पहुँच कर अपना समस्या का निदान पा सकते हैं। उपस्थित पदधिकारीगण पूजा मिश्रा राष्ट्रीय महिला संरक्षण अध्यक्ष, मनोज पाण्डेय राष्ट्रीय सचिव, राहुल चौबे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, शैलेश मिश्रा राष्ट्रीय मीडिया सचिव, रामानंद चौधरी राष्ट्रीय प्रोग्राम सचिव, अनील श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष, अजय नाथ मिश्रा प्रदेश प्रोग्राम सचिव, खुर्शीद अनवर अनुमंडल अध्यक्ष ढाका, रवींन्द्र दादा जिलाउपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव जिला प्रवक्ता, बशिष्ठ कुमार प्रखंड अध्यक्ष सिकटा, सत्ययम श्रीवास्तव समाजसेवी, राजेश यादव धनौजी पंचायत सरपंच, अमरेंद्र मिश्रा, पिंटू उपाध्याय, रितिक राज लोग मौजूद रहें।

# 15 फरवरी को आयोजित लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने को निकाला पदयात्रा

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** भाकपा माले के पार्टी कांग्रेस 15 से 20 फरवरी 2023 के क्रम में पटना में आयोजित लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने को लेकर भाकपा माले ने पदयात्रा निकाली जिसमें भारी संख्या में गरीब, मजदूर, छात्र युवाओं ने भागीदारी किया । पदयात्रा के क्रम में लोगों ने डफली और झाल बजा होली धुन में रैली गीत, पटना होई लाले लाल, मजदूर किसानवा के होई जुटानवा, पटना होइ लाले लाल। लोकतंत्र खत्म होते जाता, कहा सूतल बाड़ हो खोल ना अखियां। आदि गाकर लोगों को आकर्षित किया। पदयात्रा के क्रम में चौक चौराहों पर पदयात्रा के दौरान सभा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता और किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा कि भाजपा ने भारतीय लोकतंत्र, संविधान और कानून को खत्म कर दिया है। अपने पुंजीपति मित्रों अंबानी अड़ानी के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को लुटा रहे हैं। हिड़ेनवर्ग की रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार भ्रष्ट है। ऐसे में भाजपा सरकार को राज और समाज से मिटाने के संकल्प के लिए पटना में भारी संख्या में गरीब, मजदूर छात्र युवाओं, महिलाओं का जूटान होगा।इसको ऐतिहासिक बनाने के लिए पदयात्रा शुरू किया गया है। चंपारण से हजारों लोग पटना कुच करेंगे। भाकपा माले के अंचल सचिव सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा ने संविधान, लोकतंत्र खत्म करना शुरू कर दिया है। दलित, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने में भाजपा जूटी है। माले नेता और मुखिया महासंघ के प्रवक्ता नवीन कुमार ने कहा कि भाकपा माले की यह रैली भाजपा व संघ बिग्रेड की साजिशों के खिलाफ वास-आवास, रोजी-रोटी से विस्थापन, किसानों और बंटाईदारों के अधिकार तथा स्वास्थ्य, शिक्षा व सम्मानजनक रोजगार गारंटी के सवालों पर पदयात्रा केंद्रित है और भाकपा माले का 11 वां महाधिवेशन भाजपा को राज और समाज से पुरी तरह मिटाने को महा गठबंधन समेत देश के तमाम विपक्षी दलों को एकजुट व दिशाबद्ध करने को संकलित हैं।

**वियोगी की पुण्यतिथि पर विशेष**

# सघन पीपल वृक्ष के झुरमुटों के साये में जमती थी वियोगी की साहित्यिक बैठकी



**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** दूर से ही आकाश को चूमता श्री विष्णुपद मंदिर के शिखर पर स्थापित स्वर्ण-कलश और ध्वज, स्थापत्य कला की एक अपूर्व मिसाल पेश करता पत्थरकट्टी के ताम्बड़ा पत्थर से निर्मित मंदिर का वास्तुशिल्प विधान नीलांचल पर्वत को चीरकर साठ-सत्तर दशक पूर्व बनाये गये श्री विष्णुपद मंदिर मार्ग के नव निर्मित श्री विष्णु द्वार के दक्षिण अवस्थित नीलांचल पर्वत पर ही श्री कामाख्या मंदिर से पूरब लंबी-चौड़ी सीढ़ियों से ऊपर बने अपने तीमजिले आवास के सबसे नीचले तल्ले पर सघन पीपल के झुरमुट्ठों के साये में वियोगी जी की साहित्यिक बैठकी जमती थी। राष्ट्रीय महाकाव्य 'आर्यावर्त' के प्रणेता महाकवि पं. मोहनलाल महतो 'वियोगी जी ने उत्तर भारत की इसी सांस्कृतिक नगरी गयाजी जैसे साहित्यिक लघु केन्द्र में हिन्दी को संस्कृत के वादों से मुक्त किया था। अपनी रचनाधर्मिता की बदौलत वह दौर ब्रजभाषा काव्य का था। खड़ी बोली हिन्दी जन्म ले रही थी। उस दौर में वे छविनाथ के नाम से अपनी रचनाएं किया करते थे। आरंभिक शिक्षा घर पर ही होने के बावजूद साधना की बदौलत व्यंग्य चित्रकारिता के माध्यम से उन्होंने अपनी साहित्यिक यात्रा आरंभ की थी। प्रयाग, इलाहाबाद आदि उत्तर प्रदेश से प्रकाशित तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं यथा माधुरी, सरस्वती आदि में प्रकाशित व्यंग्य चित्रों के नीचे श्रीयुत मोहनलाल महतो गयापाल लिखा करते थे, जो बड़े ही चुटीले हुआ करते थे,जो ब्रितानी शासन को तीर की तरह चुभते भी थे। यही नहीं बल्कि अपने पिता स्व. पंडित श्याम लाल महतो मूंछवाले के साथ यजमान यात्रा के कम में घुम घुमकर हिन्दी, मगही एवं संस्कृत भाषा के अतिरिक्त बंगला, महाराष्ट्री आदि विभिन्न बोलियों में सिद्धस्थ हुए थे। ये स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय की शिक्षा को अंगीगार न करते हुए अपनी इसी अपूर्व साहित्यिक प्रतिभा की बदौलत काफी लंबे समय तक यहां से इसका प्रतिनिधित्व भी करते रहे। वियोगीजी की सारस्वत प्रतिभा कुछ ऐसी थी कि उस जमाने के पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', महादेवी वर्मा प्रभृति विभूतियां उनकी साहित्यिक प्रतिभा के आगे नतमस्तक रहा करती थी। इस तरह वियोगी जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। पहलवान जैसी कद-काठीवाले व्यक्तित्व का इससे बड़ा आश्चर्यजनक उदाहरण नहीं हो सकता कि चांदी के सिक्के को अपनी हथेली पर रखकर अंगूठे सहित तर्जनी और मध्यमा अंगुली से दबाकर वे उसे रूपान्तरित कर देते थे। पान उनका सबसे प्रिय शौक था। होठों की लाली सदैव बरकरार रहा करती थी। उनसे मिलने पर उनसे प्रभावित हुए बगैर कोई नहीं रहता था। युवाओं के वे प्रेरणास्त्रोत थे। राष्ट्रभाषा हिन्दी को राजभाषा बनाये जाने पर इसी शहर के एक युवा साहित्यकार (विजय कुमार सिन्हा) द्वारा इसकी चर्चा उनसे किये जाने के दौरान प्रतिक्रियास्वरूप उन्होंने बड़े ही सहज ढंग से इसका उत्तर उन्हें अपने एक पत्र के माध्यम से देते हुए यह कहा था- 'निराश होने की कोई बात नहीं बुद्ध ने भी संस्कृत को इसी तरह कूटा था, लेकिन बाहर की भाषा को न अपनाकर उन्होंने पालि की ही पीठ ठोकी थी। अचरज इस बात की भी है कि बसुबंधु विश्वबंधु नागार्जुन ने भी थक हार कर अंत में हिन्दी का ही पल्ला पकड़ा और उसको ही इसका आधार बनाया। इस तरह आनेवाला भविष्य हिन्दी का ही है।

बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् की ओर से पुरस्कृत 'जातक कालीन भारतीय संस्कृति' एवं बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी की ओर से प्रकाशित पुस्तक 'आर्य जीवन दर्शन' उनकी सारस्वत प्रतिभा का एक प्रामाणिक दस्तावेज है। राष्ट्रीय चेतना से संपृक्त 'आर्यावर्त' जैसा उनका महाकाव्य तो एक अमर काव्य ही माना जाता है, जो उनकी गहन साधना का प्रतीक है। उन्होंने उपन्यासों का सृजन कुछ अधिक किया, जिनमें उस पार, आदमखोर, विसर्जन, शैतान की देन, विषपान, महामानव, पथ-विपथ, शेषदान, आदमखोर, बसेरा, महामंत्री, अतीत के चित्र आदि के नाम प्रमुख हैं। काव्य संग्रहों में निर्माल्य, एकतारा आदि तथा कहानी संग्रह में रजकण, सलिला के अतिरिक्त भी कई और नाम हैं।

### अधुरे आवासो का मुखिया ने किया भौतिक सत्यापन



**बगहा/चौतरवा :** बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग के आदेश के आलोक में आधा अधुरे बने आवास योजना के तहत आवास वैसे लाभूकों को सुबे की सरकार ने चिन्हित कराने की कवायद शुरू कर दी है। ताकि वैसे लाभूकों को सरकार के द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान कर घरों को बनाई जा सके। सोमवार को प्रखंड बगहा एक अंतर्गत पतिलार पंचायत में सरकारी स्तर से बनाए गए आवास जो पूर्ण रुप से तैयार नहीं है। वैसे घरों की सर्वे पतिलार पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा व मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में आवास सहायक गुंजन कुमार के द्वारा भौतिक सत्यापन की गई। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार के निदेर्शानुसार इंदिरा आवास योजना अंतर्गत दिनांक 01.04.2010 के पूर्व आवास का लाभ प्राप्त अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के वैसे परिवार जिनका आवास आधा/अधूरा अवस्था में है। उन्हें पूर्ण करने हेतु राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के दिशा निर्देश के आलोक में योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके इसके लिए मकानों के भौतिक सत्यापन का कार्य प्रारंभ किया गया। मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा और आवास सहायक ने घर घर जाकर जायजा लिया गया। डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया की सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत आने वाले लाभुकों में कोई ऐसा लाभुक नहीं छूटे इसकी हम लोग पूरी कोशिश कर रहे हैं। सरकार के तरफ से मिलने वाली पचास हजार की राशी का लाभ सभी को मिल जाए और साथ ही घर घर जाकर इसके बारे में पूरी जानकारी देने काम किया गया। साथ ही किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हो इसके लिए सभी को सचेत किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य बबलू कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

संपादकीय

# जज तो मिले पर विवाद अभी जारी रहेगा

सुप्रीम कोर्ट को पांच नये जज मिल गये हैं। कॉलेजियम की सिफारिश को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय को आज पांच नए न्यायाधीश मिले हैं, जिससे शीर्ष अदालत में कुल न्यायाधीशों की संख्या 32 हो गई है। उच्चतम न्यायालय के लिए स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या 34 है। सोमवार को क्रमशः राजस्थान, पटना और मणिपुर के उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति संजय करोल और पीवी संजय कुमार के साथ पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने शपथ ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) द्वारा इन्हें शपथ दिलाई गई। यह समारोह अदालत के नए भवन में सभागार में आयोजित हुआ। इस फैसले के बाद भी यह नहीं माना जा सकता कि यह विवाद इतनी आसानी से सुलझ जाएगा। दरअसर केंद्र सरकार की तरफ से इस मुद्दे पर अकेले किरेण रिजिजू जब तक मैदान में थे तो मामला दूसरा था। उप राष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट के तेवर से ही यह साफ हो गया है कि दोनों पक्ष इतनी जल्दी हथियार डालने के लिए तैयार नहीं होंगे। इसलिए ऐसे ही विवाद और टकराव की स्थिति हम आने वाले दिनों में भी देखते रहेंगे। विवाद पर सबसे पहले केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि केंद्र हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में सरकारी प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग अदालत के आदेश के मद्देनजर ही कर रहा है। इस विवाद में कई और चेहरे कूद पड़े हैं, जिस कारण यह न्यायिक विवाद अब धीरे धीरे राजनीति के मैदान का हिस्सा बनता नजर आ रहा है। बता दें कि कॉलेजियम सिस्टम वह प्रक्रिया है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले किए जाते हैं। कानून मंत्री ने इस पर अपनी राय देते हुए कहा है कि सरकार का कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमिशन एक्ट को रद्द करते वक्त दिए सुझावों के अनुरूप है। किरेन रिजिजू ने ये बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक टिप्पणी के बाद दिया है। केजरीवाल ने एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट को ट्वीट करते हुए लिखा, ये बहुत खतरनाक है। जजों की नियुक्ति में किसी भी तरह का सरकारी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, खास तौर पर केंद्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। आम जनता के लिए इसे समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी से तय होगा है कि आपके यानी आम नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाली संस्था न्यायपालिका को कौन और कैसे चलाएगा। ताजा बहस तब शुरू हुई जब 25 नवंबर को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति करने की पूरी प्रक्रिया को ही संविधान से परे बता दिया। केंद्रीय कानून मंत्री ने याद दिलाने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी समझ और कोर्ट के ही आदेशों को आधार बनाते हुए कॉलेजियम बनाया है। इस प्रक्रिय के पक्ष और विपक्ष में अनेक लोगों के तर्क दिये गये हैं। दरअसल इसके पीछे के दोनों तरफ के तर्कों का अपना अपना दम है। एक तरफ वर्तमान सरकार इस दलील को स्वीकारती है कि कॉलेजियम पद्धति से चंद लोगों को ही आगे बढ़ने का मौका मिलता है। सुप्रीम कोर्ट के जजों की पृष्ठभूमि को देखा जाए तो इस बात में दम है। जजों के रिश्तेदार ही अलग अलग उच्च न्यायालयों से अंततः सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचते हैं। बाद में यह भी खुलासा हो जाता है कि कौन किसका रिश्तेदार है। दूसरी तरफ कॉलेजियम पद्धति का समर्थन करने वालों की दलील है कि इस परंपरा को हटाने के पीछे मोदी सरकार की असली मंशा अपनी पसंद के लोगों को जज बनाया है ताकि न्यायपालिका पर भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समर्थक लोगों का कब्जा हो जाए। देश की दूसरी एजेंसियों का जो हाल अभी दिख रहा है, उससे यह संदेह गलत भी नहीं लगता। इसलिए तय है कि कि कानूनी प्रावधानों का चोला ओढ़कर दोनों ही पक्ष अपना वार करते रहेंगे। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ फैसलों ने मोदी सरकार को असहज कर दिया है। मामला चाहे नोटबंदी का हो अथवा पेगासूस का। सरकार के विरोध के बाद भी इन मामलों की सुनवाई होना ही मोदी सरकार के लिए परेशानी की बात है। भविष्य में कभी अगर इसके पन्ने दोबारा पलटे गये तो हो सकता है कि नये तथ्यों की मांग से ही यह सरकार परेशानी में पड़ जाएगी। इसलिए शह और मात का खेल अभी जारी रहेगा। हो सकता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव तक यह सरकार न्यायपालिका से विवाद से परहेज करे लेकिन यह साफ है कि इस विवाद की आग अंदर ही अंदर सुलगती रहेगी।



# युवाओं की भागीदारी के बिना आखिर नया भारत कैसे बनेगा?



ललित गर्ग
पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवावस्था में अपनी डायरी के पन्नों पर 'न्यू इंडिया' और 'युवा भारत' का जो सपना शब्दों में पिरोया था, वह आज साकार होता नजर आ रहा है। भारत मजबूती से लगातार नई पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से भारत ने मोदी के नेतृत्व में चुनौतियों का सामना किया है, वह अपने आप में काबिले तारीफ है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। नये विचारों, नये इंसानी रिश्तों, नये सामाजिक संगठनों, नये रीति-रिवाजों और नयी जिंदगी की हवायें लिए हुए आजाद मुल्क की गाथा सुनाता भारत एक बड़ा सवाल लेकर भी खड़ा है कि हम अपनी बुनियाद यानी युवाओं के सपनों को कब पंख लगायेंगे? कब उनकी निराशा की बदलियों की धूंध को दूर करेंगे? देश की युवा पीढ़ी की जरूरतों को कब पूरा करेंगे एवं कब उन्हें परेशानियों से मुक्त करेंगे? यह एक बड़ा सवाल है।कहते हैं कि युवा देश की धड़कन ही नहीं, उसके भविष्य का नियामक और नियंता भी होता है। स्वामी विवेकानंद ने जिस युवा पीढ़ी की ऊर्जा और राष्ट्रीय चरित्र की बात कही थी, वह आज बिखरी-सी क्यों नजर आ रही है? केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार अगले 15 साल में 100 में से 77 लोग बूढ़े होंगे। सतत विकास के एजेंडे की बात करें, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सन 2030 तक युवा रोजगार के अवसरों एवं शिक्षा-प्रशिक्षण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि भारत की बात करें, तो देश की युवा पीढ़ी के लिए सरकारी नौकरी सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यदि व्यक्तित्व में कर्मठता और ईमानदारी के साथ-साथ जिम्मेदारी का अहसास भी हो तो, किसी भी सेक्टर की नौकरी के प्रति अति आकर्षण कोई बुरी बात नहीं है। नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि आज सपने देखना और आकांक्षाओं को उड़ान देना, यही युवा की पहचान होती है। फिर ऐसे क्या कारण हैं कि भारत का युवा कुछ विलक्षण, अद्भुत एवं अनूठा करने की बजाय नौकरी तक ही उलझा है?कभी अमेरिका के वर्जीनिया में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को अमेरिका बनाकर दिखाने का संकल्प व्यक्त किया था। बहत्तर वर्ष के मोदी का अपनी इसी जिन्दगी में ऐसा करने का विश्वास व्यक्त करना कहीं अतिश्योक्ति तो नहीं है? लेकिन बड़े सपने हमें वहां तक नहीं तो उसके आसपास तो पहुंचा ही देते हैं, इसलिये मोदी के इस संकल्प को सकारात्मक नजरिये से ही देखा जाना देश के हित में है। उन्होंने बड़ा सपने लिया और उन्हें पूरा भी किया। लेकिन इन सुनहरे सपनों के बीच का यथार्थ बड़ा डरावना एवं बेचैनियों भरा है। देश की युवापीढ़ी बेचैन है, परेशान है, आकांक्षी है और उसके सपने लगातार टूट रहे हैं। देश का व्यापार धराशायी है, आम जनता अब शंका करने लगी है। इन हालातों में नया भारत बनाना या उसे अमेरिका बनाकर दिखाना एक बड़ी चुनौती है।


विकसित देशों में युवा 20 साल का होते-होते अपने स्वयं के इनोवेशन के लिए काम करने लगता है। बार-बार फेल होकर भी वह सफलता की ऊंचाई छूने की कोशिश में लगा रहता है। मगर भारत के हालात अलग हैं। कितना हास्यास्पद है कि हमने कुछ सरकारी नौकरियों को इतना महिमामंडित कर दिया है कि हर व्यक्ति वही नौकरी करना चाहता है, जिसमें दबंगई हो, प्रतिष्ठा हो, जी-हजूरी करने वालों की फौज हो, सुविधावाद हो। विकास को आकार देने में जुटे समाज में दबंगई की जरूरत ही क्या है। उधर उच्च शिक्षण संस्थान पढ़ाई की बजाय राजनीति के केंद्र बन रहे हैं। राजनीति बुरी नहीं, मगर आलम यह है कि वहां ऐसे नेता नजर आते हैं, जिनका पढ़ाई से कोई लेना-देना नहीं है। वे समय-समय पर बस अपनी ताकत ही दिखाते रहते हैं। हमने आजादी का अमृत महोत्सव मना लिया और अब भी हम अपने युवाओं को पुरानी मानसिकता से बाहर निकालकर रिसर्च और इनोवेशन के लिए तैयार ही नहीं कर पा रहे।

चीन और जापान की तरह उन्हें उत्पादक नहीं बना पा रहे हैं। भारत नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनने के लिए, अनूठा बनने के लिए और उसे अमेरिका बनाकर दिखाने के लिये अतीत का बहुत बड़ा बोझा हम पर है। बेशक हम नये शहर बनाने, नई सड़कें बनाने, नये कल-कारखानें खोलने, नई तकनीक लाने, नई शासन-व्यवस्था बनाने के लिए तत्पर हैं लेकिन मूल प्रश्न है इनमें युवाओं की भागीदारी कब सुनिश्चित करेंगे और कब हम उनकी अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे? भारत में आबादी का छठा हिस्सा बेरोजगार है और हम वैश्वीकरण की ओर जा रहे हैं, अमेरिका बनने की सोच रहे हैं, नया भारत बना रहे हैं। यह खोखलापन है। बहुत आवश्यक है संतुलित विकास की अवधारणा बने। केवल एक ही हाथ की मुट्ठी भरी हुई नहीं हो। दोनों मुट्ठियां भरी हों। वरना न हम नया भारत बना पायेंगे और न हम अमेरिका जैसा बन पायेंगे।

अमृत महोत्सव का माहौल है। अमृत काल है, जो हमें पीछे मुड़कर देखते हुए भविष्य के सपने बुनने के लिये पुनरावलोकन की मांग करता है कि हमें पहुंचना कहां था और हम जा किधर रहे हैं? सवाल उठता है कि भारत की धीमी प्रगति का एक कारण कहीं सरकारी नौकरी के प्रति युवाओं का अति लगाव, सरकारी तंत्र का भ्रष्टाचार में लिप्त होने के साथ-साथ कामकाज की तुलना में अधिक तनख्वाह एवं सुविधाएं देना तो नहीं है? आजादी के 75 साल बाद भी 92 प्रतिशत युवाओं में खतरों को मौल लेने की क्षमता ही नहीं विकसित हो पाई। आखिर वे सिर्फ सरकारी अथवा गैर सरकारी नौकरी से चिपक कर अपना जीवनयापन क्यों करना चाहते हैं? यह बात सच है कि बिना खतरे उठाए सफलता की ऊंचाई प्राप्त नहीं की जा सकती, नया भारत नहीं बनाया जा सकता। ऐसा लगता है कि देश का अधिकांश युवा वर्ग बिना पानी में उतरे तैरने का चैंपियन बनना चाहता है। विकास के बड़े और लुभावने सपनों के साथ-साथ हम विवेक को कायम रखें, नैतिक मूल्यों एवं मौलिक सृजन को जीवन का आधार बनाएं। जिस प्रकार गांधीजी ने ह्यमेरे सपनों का भारतह्न पुस्तक लिखी, उन्होंने अपने सपनों में हिन्दुस्तान का एक प्रारूप प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने गरीबी, धार्मिक संघर्ष, अस्पृश्यता, नशे की प्रवृत्ति, मिलावट, रिश्वतखोरी, शोषण, दहेज और वोटों की खरीद-फरोख्त को विकास के नाम विध्वंस का कारण माना। उन्होंने स्टैंडर्ड ऑफ लाइफ के नाम पर भौतिकवाद, सुविधावाद और अपसंस्कारों का जो समावेश हिन्दुस्तानी जीवनशैली में हुआ है उसे उन्होंने हिमालयी भूल के रूप में व्यक्त किया है। लगता है हमने युवा हाथों में विकास के सपने थमाने की बजाय सुविधावाद थमा दिया। विदेशों में भारत की स्थिति को मजबूत बनाना अच्छी बात है, लेकिन देश में बदलते हालातों पर निगाह एवं नियंत्रित भी जरूरी है।

# श्री गणेश की जन्म कथा

गणेश जी के जन्म और हाथी वाले सिर की कहानी बहुत रोचक है। शिवपुराण के मुताबिक देवी पार्वती एक दिन हल्दी का उबटन लगा रही थी। तभी माता के कक्ष मे नंदी आ पहुंचा। यह देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने सोचा कि वह घर में अकेली रहती हैं, इसलिए जब जिसका मन करता है, उनके कक्ष में आ जाता है। अब मुझे एक ऐसा बेटा चाहिए, जो मेरे साथ रहे और किसी को अंदर न आने दें। यह सोचते-सोचते मां का उबटन सूख गया था। वो उबटन को धोने लगीं। उसी उबटन से उन्होंने एक बालक बनाया और उसमें प्राण डाल दिए। उस बालक को माता पार्वती ने कहा,तुम मेरे पुत्र हो और तुम्हें हमेशा मेरी आज्ञा को मानना होगा। उन्होंने आगे कहा, देखो पुत्र,



अब मैं स्नान के लिए अंदर जा रही हूं। तुम यह ख्याल रखना कि घर के अंदर कोई भी न आ पाए।

माता पार्वती का आदेश मिलते ही आज्ञा पालन के लिए गणेश भगवान द्वार पर जाकर खड़े हो गए। कुछ देर बाद वहां भगवान शिव जी आए। उन्होंने जैसे ही अंदर जाने का प्रयास किया, तो भगवान गणेश ने उनको रोक दिया। शिव शंभू ने उन्हें बहुत समझाने की कोशिश की। जब वह नहीं मानें, तो भगवान ने गुस्से में आकर गणेश जी का सिर धड़ से अलग कर दिया। उसी वक्त पार्वती स्नान करके बाहर आई और अपने पुत्र गणेश का सिर जमीन पर पड़ा देखकर क्रोधित हो गईं। उन्होंने भोलनाथ से नारजगी जताई और गणेश को वहां खड़ा करने की वजह भी बताई।

इसके बाद पार्वती माता का गुस्सा शांत करने के लिए भगवान शिव ने हाथी का सिर गणेश के धड़ से जोड़ दिया। साथ ही यह भी आशीर्वाद दिया कि सभी देवताओं की पूजा से पहले पूरी दुनिया गणेश जी की पूजा करेगी।

वर्टिकल फॉरेस्ट

# गगनचुंबी इमारतों में लहलहाते जंगल



प्रमोद दीक्षित मलय
स्तंभकार

प्रकृति सृष्टि रचना का आधार है। प्रकृति आनंद का उत्स है। प्रकृति दिव्यतम है, अन्यतम है। वह प्रीतिकर स्नेह रसागार है। प्रकृति जीवन-राग का मधुर आलाप है, आलंबन है। प्रकृति की परिधि से परे कुछ भी नहीं। प्रकृति रोग-शोक नाशक है। प्रकृति प्राण प्रदायिनी अधिष्ठात्री देवी है। प्रकृति का अस्तित्व न केवल मानव अपितु समस्त प्राणियों को जीवनी शक्ति एवं ऊर्जा भेंट करता है। प्रकृति और मानव के संबंध अन्योन्याश्रित हो परस्पर पूरक हैं, सह-अस्तित्व का सायुज्य पथ है। तभी तो मानव सभ्यता का विकास नदियों के तीर पर निर्मल नीर की तृप्ति और अरण्य की सुखद छांव की सुख-संतुष्टि में ही सम्भव हुआ है। मानव ने प्रकृति सम्पदा की समृद्धि से प्रेरित हो विकास एवं विस्तार की राह पर पग धरे। विकास यात्रा के क्रम में मानव मन में प्रकृति से अत्यधिक प्राप्त कर लेने के लोभ-लालची भाव ने दृष्टि बदली। फलतः मानव विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश की राह पर चल पड़ा। विकास की अंधी दौड़ में वह प्रकृति एवं मानव के आत्मीय रिश्ते को भुला बैठा। जंगल, पहाड़ कटने लगे। सरिताओं के हृदय पर मशीनें गरजने लगीं। प्रकृति की लूट में आगे निकलने की होड़ बढ़ी, प्रकृति कराहने लगी। धरा के आभूषण हरित कानन कटे तो ऋतुचक्र असंतुलित हुआ। असमय वर्षा एवं सूखा-बाढ़ नियति बनी। धरती के ताप में वृद्धि हुई, हिमनद पिघले। मानव जीवन पर अस्तित्व का संकट आ खड़ा हुआ। प्रकृति मानव को चेतने-संभलने का संदेश देती रही पर मानव बजाय समझने-सीखने के जंगल दर जंगल काट धरती के वक्षस्थल पर कंक्रीट के विशाल कानन निर्मित करता रहा। जहां पथिक को न तरु-छांव है न पक्षियों को बसेरा। शहर-शहर गगनचुंबी इमारतों के टॉवर खड़े हुए जिनके अपार्टमेंट के फ्लैट में कैद जीवन को न शुद्ध हवा की प्राप्ति है न सूर्य के प्रकाश की। नीले आसमान में चमचमाती तारावलियों को देख मोहित हो जाना शायद उनके नियति में ही नहीं। शीतल चांदनी के स्पर्श को महसूस करना तो कल्पना की बात है। पेड़-पौधों की सुखद मलय बयार से वंचित कृत्रिमता की चादर ओढ़े जी रहे नगरों में बीमारी का फैलाव तो है पर प्रकृति का नहीं। प्रकृति से मानव के टूटे रिश्ते को संवारने के लिए इटली निवासी नगर वास्तुकार स्टेफनो बोएरी ने ह्यवर्टिकल फॉरेस्टह्न की कल्पना की जहां मानव और प्रकृति के सम्बन्धों को मजबूती दी जा सके। जहां गगनचुंबी इमारतों के अपने फ्लैट में भी मानव प्रकृति का सान्निध्य एवं स्नेह प्राप्त कर आनंदित हो सके। ह्यवर्टिकल फारेस्ट्रीह्न गगनचुंबी बहुमंजिला इमारतों में जंगल उगाने एवं विकसित करने की अत्याधुनिक तकनीक एवं कला है जो पूरी दुनिया में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है, इसमें बालकनी एवं छतों पर पेड़-पौधे एवं झाड़ियां रोपी-उगायी जाती हैं। वर्ष 2000 में दुबई प्रवास में स्टेफनो बोएरी के मन में ऐसी इमारतें बनाने का विचार उभरा जो हरीतिमा से युक्त हों। विचार को साकार करने हेतु इटली के फैशन शहर मिलान में 2007 में ह्यवर्टिकल फॉरेस्टह्न पर आधारित बहुमंजिला इमारत के काम में जुटे जो 2014 में 80 मीटर एवं 112 मीटर ऊंची दो बहुमंजली इमारतों के रूप में पूरा हुआ, जहां 800 से अधिक बड़े एवं मझोले पेड़ तथा 5000 से अधिक लघुकाय पौधे एवं झाड़ियां-लताएं रोपे-विकसित किये गये।

**विकास की अंधी दौड़ में वह प्रकृति एवं मानव के आत्मीय रिश्ते को भुला बैठा। जंगल, पहाड़ कटने लगे। सरिताओं के हृदय पर मशीनें गरजने लगीं। प्रकृति की लूट में आगे निकलने की होड़ बढ़ी, प्रकृति कराहने लगी।**

जानकारी

# रूमटेक मठ



राजधानी से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रूमटेक मठ अराधना का स्थल होने के साथ ही बौद्ध धर्म शिक्षा का प्रमुख केन्द्र भी है। यहां की परंपरागत शैली में बना यह विशाल मठ कारग्यद संप्रदाय से संबद्ध है। आवासीय घरों के बीच बना यह रूमटेक मठ दूर से नेकलेस में चमचमाते मोतियों-सा आभास देता है। जैसे ही आप मठ के पास पहुंचेंगे तो आपको हवा में फहराते रंग-बिरंगे झंडे आपका स्वागत करते हुए लगेंगे।यहां आने पर आपको लामाओं की तीन पीढ़ियां बाल, युवा और बुजुर्ग को एक साथ देखने और मिलने का अवसर प्राप्त होगा। इन लामाओं के बारे में सर्वविदित है कि इनका जीवन कठोर परन्तु संयत और अनुशासनबद्ध होता है। यहां दो मठ 'दा-दारूल', और 'ऐन्चे मठ' तो विशेष रूप से दर्शनीय हैं। 45 साल पुराना यह मठ अपनी दिलकश वास्तुकला के कारण आपके दिल को तो मोहता ही है साथ ही सफेद रंग का यह मठ आकाश से बातें करता हुआ भी दिखाई देता है।लेकिन आज किसी भी प्रकार की कोई बंदिश नहीं है, कोई भी सैलानी इस मठ के दर्शन कर सकता है।

# Redmi Note 12 5G एक ऑप्शन हो सकता है

साइबर दुनिया

नई दिल्ली : Redmi Note 12 5G आपके लिए एक ऑप्शन हो सकता है, अगर आप कोई नया 5G स्मार्टफोन खरीदने की सोच रहे हैं। Amazon A:SX Flipkart पर इस स्मार्टफोन को कई ऑफर के साथ खरीदा जा सकता है। हालांकि अें९ङ्ग्ल्ल पर इस स्मार्टफोन को सस्ते दामों में खरीदा जा सकता है। हम आपको यहां Redmi Note 12 5G के स्पेसिफिकेशंस और फीचर्स के साथ उस पर मिल रहे बेहतरीन ऑफर्स की जानकारी दे रहे हैं।



**Redmi Note 12 5G की भारत में कीमत**

Redmi Note 12 5G IYf 6GB रैम और 128GB स्टोरेज वेरिएंट 19,999 रुपये में लिस्ट है। माइक्रो एसडी कार्ड के जरिए फोन की स्टोरेज को 1TB तक बढ़ाया जा सकता है। इसका एक 4GB रैम वेरिएंट भी खरीद के लिए उपलब्ध है। ICICI Bank Card से पेमेंट करने पर इस फोन पर 1250 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट हासिल किया जा सकता है। इसके अलावा फोन को 1,346.04 रुपये की नो कॉस्ट एटकपर खरीदा जा सकता है। फोन को खरीदने के लिए एक्सचेंज ऑफर भी दिया जा रहा है, जो 6जीबी रैम वेरिएंट पर 18999 रुपये का है। हालांकि यह वैल्यू आपके फोन की कंडीशन पर निर्भर करेगा। अगर आपको अपने पुराने फोन पर फुल एक्सचेंज वैल्यू मिलती है तो आपको नयया स्मार्टफोन खरीदने के लिए महज 1 हजार रुपये देने होंगे।

**Redmi Note 12 5G के स्पेसिफिकेशंस**

Redmi Note 12 5G फोन में 6.67 इंच का डिस्प्ले है। यह एंड्रॉयड 12 पर बेस्ड MIUI 13 पर ऑपरेट होता है। फोन में होल पंच डिजाइन है और यह 1200 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ है। इसे Corning Gorilla Glass 3 की सुरक्षा दी गई है। फोन में स्नैपड्रैगन 4 Gen1 6nm ऑक्टा कोर 5G प्रोसेसर है। Redmi Note 12 5G के बैक में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। फोन में 48टढ का मेन लेंस कैमरा है। इसके साथ में 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो शूटर सेंसर है।

टॉप ट्वीट



" प्रधानमंत्री ने बाद में ट्विटर में संदेश में कहा, " यह जानकर मुझे गहरी पीड़ा हुयी कि इस विनाशकारी भूकंप से सीरिया में भी नुकसान हुआ है। वहां भूकंप में मारे गए व्यक्तियों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। उन्हें सहायता और सहयोग देने को प्रतिबद्ध हैं। "

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



"शूटिंग का अनुभव अभी तक तो बहुत अच्छा रहा है। फिलहाल में सिटाडेल इंडिया के बारे में ज्यादा नहीं बता सकता। अभी उसकी शूटिंग जारी है।"

वरूण धवन
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## असम में बाल विवाह के खिलाफ अभियान में पुलिस की बड़ी कार्यवाही

असम में बालिका वधुओ पर उस समय आफत के बाद मंडराने लगे थे,जब रात को पुलिस ने दरवाजा खटखटाया और उनके पति को पुलिस उठाकर ले गई।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में असम में बाल विवाह अधिनियम के खिलाफ सरकार ने अभियान छेड़ा और 2258 लोगो को गिरफ्तार किया है। एतएव, इसमें शामिल काजी और पुजारी को भी पकड़ा, जिसमे नाबालिग की शादी करवाने में शामिल थे।बाल शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकार इस तरह के एक्शन मोड़ में है।यह वे है अबुध लोग जो यह समझते है कि सरकार की कार्रवाई समाज विरोधी है।लेकिन यह जनहित और बाल शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकार ने बाल विवाह रोकने के लिए कदम उठाया है। अधिनियम के अंतर्गत कानून की शक्ति से सरकार पेश आ रही है।एक तरफ कानून का पंजा है और दूसरी तरफ रोती बिलखती बेटियो की चीख पुकार है।एक तरफ दया उमड़ आती है तो दूसरी तरफ बाल मृत्यु रोकने की सरकार की कवायद स्वागत योग्य लगती है।असम के ग्रामीण क्षेत्रो में बाल विवाह बहुत अधिक होते है। उनको दहेज और खर्च बचाने के लिए इस तरह के विवाहोत्सव का आयोजन कर बेटी की कम उम्र में ही हाथ पीले कर देते है। असम में करीब आठ हजार नाबालिग शादियों की लिस्ट सरकार के पास में है।इन सबकी गिरफ्तारी होगी।गरीब और दारुण स्थिति में भरणपोषण करने वाली महिलाएं भी है जिनकी देहात में अपने दम पर रोजगार उपलब्ध करती है। अब जिनको पकड़े गए है उनको सजा होगी।उसके बाद बाल विवाह करने और करवाने की किसी की हिम्मत नही होगी।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा गंगा पुल

- 2024 के अंत में गंगा पूल का सपना होगा पूरा
- 1900 करोड़ की लागत से साहिबगंज-मनिहारी के बीच युद्ध स्तर पर किया जा रहा है गंगा पुल का निर्माण
- नेपाल समेत पूर्वोत्तर के कई राज्यों से सीधा जुड़ जाएगा
- कारोबार व रोजगार से बदलेगी झारखंड की आर्थिक तस्वीर

राष्ट्रीय ख़बर

**साहिबगंज :** साहिबगंज वासियों की वर्षों पुरानी गंगा पुल का सपना 2024 के अंत तक पूरा हो जाएगा। पड़ोसी देश नेपाल व झारखंड को बिहार सहित पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों को जोड़ने वाला साहिबगंज-मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य की गति को कभी यास तूफान ने, कभी कोरोना ने तो कभी गंगा में असमय एकाएक बढ़े जलस्तर ने अवरुद्ध करने का कार्य जरूर किया, लेकिन अब एक बार फिर से निर्माण कार्य रफ्तार पकड़ ली है। 1900 करोड़ की लागत से गंगा पुल का निर्माण किया जा रहा है। वही साहिबगंज और मनिहारी में इस पुल का एप्रोच पथ के निर्माण कार्य पर लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

साहिबगंज- मनिहारी गंगा पुल फोर-लेन होगा। ये देश का तीसरा सबसे बड़ा पुल होगा। इस पुल व एनएच की कुल लम्बाई 22 किलोमीटर होगी। नदी पर 6 किलोमीटर और दोनों तरफ से एप्रोच रोड के साथ 16 किलोमीटर यानी पुल के साथ सड़क की कुल लंबाई लगभग 22 किलोमीटर होगी। गंगा पुल झारखंड में साहिबगंज बाईपास तथा बिहार के मनिहारी बाईपास से जुड़ेगी। भोपाल की कंपनी दिलीप बिल्कॉन को पूल निर्माण की जिम्मेदारी मिली है। पुल को एक्स्ट्रा डोज तकनीक से बनाया जा रहा है।

इस तकनीक में केबल के सहारे पुल के लोड को बैलेंस किया जाएगा। इस तकनीक से बनने वाला यह देश का सबसे बड़ा पुल होगा। पुल 46 पिलर पर टिका होगा। प्रत्येक पिलर धरती के अंदर 70 मीटर नीचे तक होगा। पिलर का व्यास 12 मीटर एवं इसकी ऊंचाई लगभग 30 मीटर होगी। साहिबगंज में गंगा पुल की मांग 1950 से ही शुरू हुई थी। वर्ष 1954 में देश के तत्कालीन सुप्रसिद्ध इंजीनियर डॉ. विश्वेश्वरैया ने सर्वे करने के बाद सामरिक और आंतरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से साहिबगंज में गंगा पुल निर्माण करवाने की अनुशंसा की थी, लेकिन समय बीतने के साथ गंगा पुल का मुद्दा राजनीति का शिकार होता चला गया। कहा जाता है कि उस समय भारतीय रेल में बंगाल की मजबूत पकड़ होने के चलते गंगा पुल को साहिबगंज के बजाय पश्चिम बंगाल के न्यू फरक्का में बनवा दिया गया। यहीं से साहिबगंज और उसके आसपास के इलाकों का बबार्दी का दिन शुरू हो गया। बाद में यह पुल इलाके के लिए बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा बनता चला गया। राज्य और केंद्र में कई सरकारें बदलती रही, लेकिन पुल निर्माण के मामले में साहिबगंज का भाग्य नहीं बदला।



समय-समय पर सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा साहिबगंज में गंगा पुल की मांग की जाती रही। दर्जनों बार बाजार बंद हुआ, रेल का चक्का जाम हुआ। साहिबगंज में गंगा पुल निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय विधायक अनंत ओझा द्वारा कई बार विधानसभा में आवाज बुलंद की। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अप्रैल 2017 को साहिबगंज के पुलिस लाइन मैदान से साहिबगंज-मनिहारी गंगापुल का ऑनलाइन शिलान्यास किया था। साहिबगंज-मनिहारी फोरलेन सड़क सह पुल के बन जाने से पूर्वोत्तर भारत झारखंड से सीधे जुड़ जाएगा।

वहीं पड़ोसी देश नेपाल की दूरी भी कम हो जाएगी। वहीं झारखंड बिहार, ओडिशा, बंगाल, असम सहित अन्य राज्य सीधे जुड़ जाएगा। व्यापर का मार्ग खुलेगा और रोजगार का साधन भी बढ़ेगा। साहिबगंज और उसके आसपास के इलाकों का पत्थर व्यवसाय के भाग्योदय होने की भी पूरी संभावना है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य युद्ध गति से चल रहा है। पुल बनने से इलाके के लोगों के लिए रोजगार का द्वार खुलेगा। पुल के माध्यम से पड़ोसी देश नेपाल के अलावे झारखंड सीधे पूर्वोत्तर के कई राज्यों से जुड़ जाएगा। साहिबगंज में गंगापुर का निर्माण कर रही कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि याश तूफान और कोरोना काल के चलते फुल दिमाग का कार्य कुछ समय तक जरूर प्रभावित रहा, लेकिन अब इसका निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा है और सब कुछ ठीक रहा तो साल 2024 के अंत तक गंगापुर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### रोजगार मेला का आयोजन

**दारू :** दारू प्रखंड के तिलैया शिव मंदिर के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास विभाग के द्वारा जेएसएलपीएस के सहयोग से रोजगार मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार मुख्य रूप से उपस्थित रहें। मंच का संचालन ओम प्रकाश कुमार ने किया। विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दारू प्रखंड के युवाओं एवं युवतियों को बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु उत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### महाशिवरात्रि को लेकर बैठक आयोजित

**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित पौराणिक हनुमान मंदिर मे महावीर मंदिर सेवा समिति की एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण लाल ने किया। बैठक में महा शिवरात्रि महोत्सव आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण लाल ने बताया कि भोलेनाथ व माता पार्वती का शुभ विवाह महोत्सव बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। कहा की भगवान शिवशंकर व माता पार्वती का तीन दिवसीय शुभ विवाह शिवरात्री महोत्सव के तहत आयोजित कि गई है जिसमें डोल-नगाडे, बाजे गाजे के साथ बारात नगर भ्रमण कराया जाए गा जिसके बाद शुभ विवाह एवम रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### बिजली कट जाने के बाद छात्र-छात्राओं को पढ़ने में असुविधा नहीं होगी

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय रूसा के बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठक सोमवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ0 मुकुल देव नारायण देव ने की। डॉ0 श्री देव ने सदन में रखे गए मुद्दों की जानकारी लेते हुए उसे अविलंब क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महिला महाविद्यालय रामगढ़ और चतरा में उपस्करों की आपूर्ति के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। तथा इस संबंध में कुलपति ने निर्देश दिया कि आपूर्ति किए गए उपस्करो की गुणवत्ता से सभी समझौता नहीं किया जाए। विश्वविद्यालय के 19 विभागों के साथ 6 सेमिनार हॉल में डिजिटल बोर्ड, यूपीएस के साथ लगाए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी ताकि कक्षा संचालन के समय बिजली कटने पर अध्यापन कार्य बाधित न हो सके। इसके साथ ही नवनिर्मित 250 सैया वाले छात्रावास को सही ढंग से सुसज्जित कर विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि छात्रावास के हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**आयोजन** कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत, भक्तिमय हुआ क्षेत्र

# पूर्व विधायक सहित सैकड़ों लोग हुए सम्मिलित, 501 कलशधारी हुए शामिल

राष्ट्रीय ख़बर

**चौपारण :** चौपारण झापा में नव निर्मित शिव मंदिर का कलश यात्रा के साथ श्री श्री 108 श्री रुद्रमहायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा का शुरूवात हुवा। 501 कलश में साथ निकले कलश यात्रा में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। झापा स्थित शिवमन्दिर से निकला कलश यात्रा गाजा बाजे के साथ झापा, बिशनपुर, बारा मोड़ होते हुए नेरचा नदी पहुँचा। इससे पूर्व यज्ञ समिति झापा ने अतिथियो को भगवा गमक्षा देकर स्वागत किया। कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक ने कहा कि झापा शिवमंदिर की भव्यता प्रसंशनीय है। झापा सहित आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख चैन व शान्ती बना रहता है। यज्ञ समिति ने बताया कि 9 दिनों तक चलने वाले महायज्ञ में प्रति संध्या पूज्य डॉ केशवानंद दास व झाँसी कि प्रसिद्ध कथावाचक श्रीमती राधा भक्ति भारती अपनी मधुर वाणी से कथा सुनाएंगी। कलश यात्रा में मुख्य पुजारी दिनेश गुप्ता, जिप सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुकुन्द साव, राजेन्द्र चनद्रवंशी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, स्थानीय मुखिया अन्नपूर्णा देवी, प्रतिनिधि बिनोद सिंह, स्थानीय समिति सदस्य मुकेश नायक, दादपुर मुखिया गंदौरी दाँगी कांग्रेस नेता बीरबल साव, रेवाली पासवान, संजय यादव, भाजपा नेता जन्मजेय सिंह, रामचन्द्र सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, बासुदेव साव, देवकुमार दाँगी, सुरेन्द्र पांडेय, लेखनाराय साव, इंद्रदेव साव, सुशील साहू, अध्यक्ष रामजीवन साव, सचिव हरिहार साव, कोषाध्यक्ष महेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष होरिल साव, उपकोषाध्यक्ष बिंदेश्वर नायक, सदस्य महेंद्र सोनी, जागेश्वर यादव, युवा अध्यक्ष मुनेश्वर नायक, युवा सचिव मुकेश नायक, सदस्य सुजीत कुमार, विजय गुप्ता, गणेश कुमार।



## पीडीएस सशक्तिकरण को लेकर एक बैठक आयोजित



राष्ट्रीय ख़बर

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड सभागार में पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला आपूर्ति पदाधिकारी गौतम भगत ने किया, जबकि संचालन प्रभारी एमओ सिमोन हांसदा ने की। बैठक में मुख्य रूप से बिडिओ दिनेश कुमार, प्रमुख सविता टूडू के अलावे कई जन प्रतिनिधी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र से लगभग सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता उपस्थित थे। बैठक के दौरान कार्ड में लाभुकों के आधार सिडिंग, अपवाद पंजी से वितरण, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने राशन डीलरों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिसमे स्पष्ट रूप से कहा है की सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ही डीलर काम करें।

पेजल एवं स्वच्छता विभाग की बैठक सम्पन्न

## संवेदकों का कार्य संतोषजनक नहीं होने पर करें कार्रवाई : उपायुक्त

राष्ट्रीय ख़बर

**हजारीबाग :** हजजारीबाग उपायुक्त सह-अध्यक्ष, नैंसी सहाय जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। जल जीवन मिशन के तहत की समीक्षा में पाया गया कि हजारीबाग जिले में अबतक 25.53 प्रतिशत घरों में हो चुकी है, जिसे बढ़ाने का निदेश दिया गया सभी सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र अन्तर्गत निर्मित हो रहे जलापूर्ति योजनाओं का नियमिति अनुभवण करने एवं पिन्सी प्रयगर की समस्या आने पर तुरन्त राक्षम पदाधिकारी को सूचित करने का निदेश दिया गया जिन संवेदकों का कार्य संतोषजनक नही है उनपर कार्रवाई करने का विदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया साथ ही अच्छा कार्य करने वाले संवेदकों को प्रोत्साहित करने का निदेश दिया गया।



साथ ही जिला निधि यथा जिला योजना अनाबद्ध निधि, आदि से वित्त पोषित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) की समीक्षा करते हुए विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के पास लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के सहयोग से प्रखण्ड स्तरीय कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधित कार्यों में गति लाने के लिए जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने का निदेश दिया गया उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता श्री मनोज कुमार मुण्डारी, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

**निर्माण** महेशरा प्लस टू उच्च विद्यालय मे हो रही चारदीवारी कार्यों पर ग्रामीणों ने लगाया रोक,

# जमीन मापी के बाद कार्य किया जाएगा : ग्रामीण

राष्ट्रीय ख़बर

**दारु :** दारू प्रखंड के महेशरा प्लस टू उच्च विद्यालय मे चल रहे चारदीवारी कार्य को ग्रामीणों ने रोक लगाया दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अंचल कार्यालय में कई बार जमीन मापी कर सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया परंतु ना ही मापी हुआ और ना ही सीमांकन किया गया बाबजुद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। हम लोगों का मांग है कि मौजा महेशरा थाना नंबर 192, खाता नंबर 86/120, रकबा 7 .11 एकड़ पर झारखंड सरकार के डीएमएफटी मद से चारदीवारी एवं भवन का निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्य से पहले भूमि का मापी एवम सीमांकन कराना होगा इसके बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने देंगे। क्या कहते हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश :-मैं अंचलाअधिकारी को जमीन मापी कर सीमांकन के लिए आवेदन लिखा था। परंतु यह कार्य नहीं हुआ है। जमीन मापी एवम सीमांकन के बाद ही निर्माण कार्य होना चाहिए। दारू अंचल के अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने कहा कि जमीन मापी के लिए ऑनलाइन आवेदन होता है। जिसके बाद 3 दिन के भीतर मापी एवं सीमांकन कराया जाएगा। मौके पर अर्जुन प्रसाद, कृष्ण चंद्र यादव, बुलाकी प्रजापति, रामलाल प्रजापति, वासुदेव राम, राहुल, कुमार मिश्रा, निपेंद्र कुमार मिश्रा, उमेश कुमार रवि, शंकर साव, बद्री ठाकुर, जगदीश राम एवम ग्रामीण मौजुद थे।



## न्यूज फटाफट

### अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ लगातार चला रहे हैं अभियान




**बड़कागांव :** बड़कागांव वन विभाग इन दिनों बड़कागांव थाना क्षेत्र में लगातार अवैध कोयला खनन एवं ढुलाई के खिलाफ अभियान चलाकर कोयला लदे वाहन और जंगलों में तस्करी के लिए जमा कर रखे कोयले जब्त कर रही है। वन विभाग के एसीएफ ए के परमार इन दिनों लगातार अभियान चला कर अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ चला रहे हैं। शनिवार मध्य रात्रि बड़कागांव के सेहदा और मोतरा जंगल मे दो ट्रैक्टर अवैध कोयला जब्त किया गया। इससे कोयला तस्करों में हड़कंप और बेचैनी बढ़ गई है। वन विभाग की टीम में एसीएफ ए. के परमार के साथ अजय यादव, रामचंद्र प्रसाद, मनोरंजन, ओम प्रकाश, चंदन कुमार, भोला प्रसाद साहू व अन्य कर्मी शामिल थे।

### 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा विशेष फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**हजरीबाग :** हजारीबाग राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत 10 से 25 फरवरी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चुरचू अन्तर्गत आयोजित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त, हजारीबाग के निर्देश पर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार हजारीबाग में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। समन्वय समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/सदस्य एवं स्वयं सेवी संस्था से उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह एवं जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ0. सी.बी. प्रतापन द्वारा उपस्थित सदस्यों को फाइलेरिया बीमारी एवं उसके बचाव के बारे में जानकारी दी गई तथा फाइलेरिया विलोपन हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में यह भी जानकारी दी गई कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है किन्तु इसका बचाव आसान है वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सार्वजनिक सेवन कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम के तहत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को दवा तालिका के अनुसार दवा सेवन करना अनिवार्य है। उक्त कार्यक्रम के दौरान 10 फरवरी को बूथ पर कार्यक्रम का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों, सम्मानित व्यक्तियों से कराकर दवा सेवन कराया जाएगा तथा 11 से 25 फरवरी 2023 तक दवा प्रशासकों द्वारा घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया खाली पेट दवा सेवन नहीं कराएं।

### कैंपियन बेसिक एकेडमी में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई



**इचाक :** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में दसवीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सचिव श्री बीरबल प्रसाद ने कहा कि विद्यालय आपके सम्पूर्ण विकास के लिए हमेशा प्रयास किया है। बिना समय बर्बाद किए हुए आप अपनी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जुट जाएं। वहीं प्राचार्य सुरभि वर्मा ने कहा कि विदाई तो विदाई होता है। दुख तो होता है पर परिवर्तन संसार का नियम है। इसलिए हम सभी को एक नई परिवर्तन के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक गणेश शंकर मदन ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि आप देश के भविष्य हैं। इसलिए आप अच्छे से पढ़े हैं और एक अच्छे समाज का निर्माण करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक आरिफ हुसैन, रजा आलम, गौरव कुमार, रंजित शर्मा, मोहन करमाली, संदीप सिंह, सुजीत शर्मा, धनेश्वर कुमार, कुनाल कुमार, मधु देव, अनिता दास, रिमझिम सिन्हा, शालू गुप्ता, सोनी कुमारी, गुड्डू कुमार सराहनीय योगदान रहा।

### मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य में बरियठ स्कूल में बांटा पोशाक



**इचाक :** इचाक राजकीय मध्य विद्यालय बरियठ में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता बांटी गई। मुखिया निशा कुमारी एवं पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी के द्वारा दिया गया। पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी ने कहा की सरकार की एक अच्छी पहल है जो बच्चों को यूनिफॉर्म मुहैया करा रही है जिसे गरीब बच्चे एवं अमीर बच्चे में किसी तरह का भेदभाव ना रहे और एक समान यूनिफॉर्म पहनकर विद्यालय आवे। मुखिया श्रीमती नीशू कुमारी ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना अच्छा कदम है एंव पोशाक मिलने से बच्चो मे खुशी दिखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव कुमार मेहता, उप मुखिया प्रतिनिधि कैलाश कुमार मेहता समाजसेवी अनिल मेहता, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, गोविंद मेहता, अभिषेक मेहता सचिव राकेश रंजन संतोष कुमार समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

**बैठक** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# दुर्घटना रोकथाम को लेकर दिए कई निर्देश

**जिले में दिसंबर 2022 में 23 लाख रुपए की चेकिंग से हुई वसूली**

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में विगत वर्ष दिसंबर 2022 में चेकिंग से वसूल किए गए राशि के संबंध में उपायुक्त ने जानकारी ली , जिसके आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि दिसंबर 2022 में 23 लाख रुपए राशि की वसूली चेकिंग के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर ड्रिंक एंड ड्राइव , बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वाले , बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वाले मौजूद है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर माह में जिले में कुल 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें से 17 की मृत्यु एवं 5 गंभीर रूप से घायल हुए। सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं गुमला एनएच 143अ में देखने को मिली है। बैठक में उपायुक्त ने जिले में अधिकतर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषित सूचित तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसी सूची के आधार पर इस वर्ष की तैयारी की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने अन्य जिलों में जाकर वहां के सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों को भी सीखकर अपने जिले में भी उस योजना को अपनाने का निर्देश दिया । पुलिस की टीम के साथ बेहतर तालमेल बनाकर जांच अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया । उन्होंने अवैध रूप से होने वाले माइनिंग पर कड़ी नजर रखते हुए उनपर कार्यवाही करने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि जिन सड़कों पर साइनेज बोर्ड नहीं लगाया गया है वैसे स्थानों पर साइनेज बोर्ड जल्द से जल्द लगाया जाय। रोड के किनारे जिन स्थानों पर रोड टर्निंग हो वैसे स्थानों से झाड़ियाँ को हटाया जाय। जिन थाना के अंतर्गत अत्यधिक सड़क दुर्घटना हो रही है इससे रोकने के लिए कैट्स आई ,साईनेज बोर्ड एवं डेलिनेटर लगाने का निर्देश दिया। जेब्रा क्रोसींग वाले स्थानों पर कैट साईनेज एवं डेलिनेटर लगाने का भी निर्देश दिया गया। गुमला जिला के सभी रोड में वाइट मार्किंग करने को कहा गया। ट्रिपल राइडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्ति को ब्रेथ एनालाइजर के द्वारा जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमित रूप से बच्चो को प्रशिक्षण करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आए दिनों राजमार्गो पर कई सड़क दुर्घटना देखने हो मिल रही है। जिसकी रोकथाम हेतु अधिक साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।।उन्होंने कहा कि जिले के सभी राजमार्ग में सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस प्रकार की व्यवस्था हो ताकि यदि रात के समय में कोई साइकिल चालक भी रास्ते से गुजरे तो उसे सभी साइनेज बोर्ड अच्छे से दिखे ताकि वो साइकिल चालक भी रोड पर सुरक्षित महसूस कर सके।

जिले में सड़क सुरक्षा के संबंधित कई कार्य किए जा रहे है। जिसके तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान , सभी संबंधित पदाधिकारी/कर्मी एवं विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, डीटीओ द्वारा ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया गया , उन सभी ब्लैक स्पॉट में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु योजनाएं बनाई जा रही है, ड्राइविंग /लर्निंग लाइसेंस के लिए आए हुए अभियार्थियो को सड़क सुरक्षा से संबंधित क्लिक /वीडियो दिखाया जा रहा है, नुक्कड़ नाटक , जागरूकता रथ, जांच अभियान, विभिन्न स्थानों पर कैट्स आई , सड़क सुरक्षा से संबंधित साइनेज बोर्ड आदि लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरुआ, सड़क सुरक्षा की टीम, आईआरएडी के कर्मियों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत वैद्यबिगहा ,सुल्तानी,कटैया, घाघरा,कोसडीहरा,रामपुर,सतगावां सहित पीपरा प्रखंड के कई गांवो में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 646 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान संत रविदास जी महाराज के जन्मोत्सव पर कहीं केक काटकर तो कहीं विधिवत पूजा के साथ ही उनकी मूर्ति या तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें स्मरण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने कई कठिनाइयों को झेलते हुए भी भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। कहा कि रविदास जी महान समाज सुधारक, ईश्वर के सच्चे भक्त थे। जिनकी भक्ति का गुणगान आज भी किया जाता है। उन्होंने छुआछूत,भेदभाव तथा समाज में फैले बुराइयों को मिटाने के लिए कई कार्य किया।संत रविदास जी का वचन ( मन चंगा तो कठौती में गंगा ) की कहावत आज भी प्रचलित है। उनका सत्य वचन कि कोई भी व्यक्ति किसी जाति में जन्म के कारण छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि उसके कर्म ही उसे ऊंच-नीच बनाते हैं। इसलिए हर इंसान को सदैव अच्छे कर्म ही करने चाहिए। इस मौके पर बसपा नेता सह पूर्व जिप प्रतिनिधि प्रमोद कुमार रवि, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम ,सुशील कुमार रवि,धर्मेंद्र कुमार ,अनुज पासवान,नरेन्द्र प्रियदर्शी,विजय राम,पिंटू कुमार,अरुण कुमार,मनोज राम,गोरखनाथ राम,ललन राम, धर्मेन्द्र कुमर,धनंजय चौधरी,अनिल साव,विश्वरंजन कुमार,अभिषेक कुमार,श्रावण कुमार,छोटू कुमार आदि उपस्थित थे।

### लता मंगेशकर को संगीत प्रेमियों ने दी श्रद्धांजली

**हरिहरगंज/पलामू :** स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पहली पुण्यतिथि पर कई प्रबुद्ध लोगों और संगीत प्रेमियों ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लता जी को गए एक साल गुजर गया, लेकिन उनकी यादें आज भी ताजा हैं। कहा कि बीते साल 6 फरवरी,2022 को उन्होंने 92 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। अपने आठ दशक से ज्यादा के करियर में उन्होंने 36 भाषाओं में करीब 50 हजार से ज्यादा गाने गाए थे। लता मंगेशकर की बहन और मशहूर गायिका आशा भोंसले के बारे में तो सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि लता जी ने सिर्फ हिंदी और उर्दू भाषाओं के गानों ही नहीं गाए बल्कि 36 भारतीय भाषाओं, मराठी, तमिल, भोजपुरी, कन्नड़ा, बंगाली जैसी कई भाषाओं में भी अपनी आवाज दी हैं। लता जी जब 13 साल की थीं, तभी उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया था और उन पर पारिवारिक जिम्मेदारी आ गईं थीं। इस दौरान उन्होंने संगीत की दुनिया में कई विश्व रिकॉर्ड भी बनाए जिस पर सम्पूर्ण भारत को गर्व है।

### पहले अपने आप को अनुशासित करे उसके बाद बच्चे अपने आप अनुशासित हो जाएंगे:चौरसिया

**पेटरवार :** पेटरवार बालिका मध्य विद्यालय पेटरवार में सोमवार को आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विषय- वस्तु पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड संसाधन केंद्र पेटरवार की ओर से आयोजित किया गया है। चार दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ओर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि मां- बाप के बाद शिक्षक को ही गुरु का दर्जा दिया गया है इसलिए पहले अपने आप को अनुशासित करे उसके बाद बच्चे अपने आप अनुशासित हो जाएंगे। कहा कि आपलोग ऊजार्वान है व आप में वह क्षमता है कि बच्चों के ब्यवहार में परिवर्तन ला सकते है। यहां आयोजित शिक्षकों के चार कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक दशरथ प्रसाद वर्मा, मणिलाल सोरेन, शैलेश कुमार खन्ना व जितेंद्र प्रसाद ने विषय वस्तु पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला के पहले दिन प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विद्यालयों के कक्षा एक, दो और तीन के 80 शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### समाजसेवी निरंजन पांडेय के अकास्मिक निधन

पलामू: समाजसेवी निरंजन पांडेय के अकास्मिक निधन पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी नें गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोमवार कोयुवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी द्वारा जारी बयान में सेना परिवार के सक्रिय सदस्य सिंगरा निवासी पंडित विजय शुक्ला की माँ शांति देवी व ग्राम ब्रहमोरिया निवासी निरंजन पांडेय के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।बयान में कहा गया है कियुवा वाहिनी के सदस्यों में गमगीन माहौल है।श्री पांडेय के सामाजिक कार्यो व समाज के प्रति समर्पित भाव की चर्चा की गई है।शोक व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय),नवीन तिवारी,बिजू बाबा,संजय मिश्रा,पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू),प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,किशोर दूबे,अजय शुक्ला,अध्यक्ष लल्लू पांडेय,पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी,फोटू दूबे, शिशु दूबे,सोनू तिवारी व अंगद दूबे शामिल थे।

### नए थाना प्रभारी से मिलकर उनका स्वागत

कुडू:भाजपा युवा मोर्चा कुडू मंडल अध्यक्ष सरजु कुमार साहू की अध्यक्षता में नए थाना प्रभारी से मिलकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए कहा की थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से अपराध एवं लूटपाट का ग्राफ तेजी से बढ़ा है जिसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने जरूरत है वहीं थाना प्रभारी ने कहा की क्षेत्र की जनता एवं आप सभी का सहयोग से क्षेत्र में सभी प्रकार की घटनाओं में कमी लाएंगे और मेरा प्रयास अपराध मुक्त कुडू बनाने का होगा। मौके पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू मीडिया प्रभारी कृष्णा मोदी मुन्ना यादव तपस्वी यादव अभिषेक तिवारी आदित्य साहू विकास साहू प्रभात कुमार अरविंद यादव मुकेश तिवारी नंदकिशोर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स »

### दिव्यांगता जांच शिविर का किया गया आयोजन

**पेटरवार :** पेटरवार असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो की ओर से पेटरवार प्रखंड के तीन पंचायतों में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि आगामी 21 फरवरी को प्रखंड कार्यालय पेटरवार स्थित बहुदेशीय भवन, 28 फरवरी को पंचायत सचिवालय चलकरी ओर 11 मार्च को पंचायत सचिवालय चांपी में दिव्यांगता शिविर लगाया जाएगा। जिसमे प्रखंड सहित जिले के चिकित्सीय टीम शामिल रहेंगे। बीडीओ ने प्रखंड के आम जनों से अपील करते हुए कहा कि अभी तक जिन दिव्यांग लोगो ने दिव्यांगता प्रमाणपत्र नही बनाया है वैसे लोग उपरोक्त स्थानों पर उपस्थित होकर दिव्यांगता जांच करा लें ताकि सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

# उपायुक्त ने किया जैविक खेती का निरीक्षण

**गुमला जिले के सैंकड़ों किसानों ने चुना जैविक खेती का मार्ग**

राष्ट्रीय खबर



**गुमला :** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में जिले भर में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है । जिले भर में प्राण संस्था द्वारा विभिन्न प्रखंडों के गांव के किसानों की मंडली बनाते हुए उन्हें जैविक खेती करने , एवं जैविक खाद्य के उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता दी जा रही है।

इसी क्रम में सिसई प्रखंड के 23 गांव से 50 किसानों की मंडली बनाई गई है, जिनके द्वारा 8 एकड़ जमीन में जैविक खेती की जा रही है। सभी किसानों से मिलने एवं उनके द्वारा किए जा रहे जैविक खेती का जायजा लेने आज उपायुक्त सुशांत गौरव सिसई प्रखंड के पंडरिया पंचायत स्थित पंडरिया गांव पहुंचे ।वहां 30 से अधिक किसानों के समूहों से उपायुक्त ने नीचे जमीन पर बैठ कर उनसे बात की।उपायुक्त ने सभी किसानों से उनके द्वारा किए जा रहे जैविक खेती एवं प्राण संस्था द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि संस्था द्वार उन्हें गोबर, सब्जी के छिलके आदि की सहायता से खाद्य बनाना एवं नीम के पत्तो से किट नाशक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही खेती करने हेतु तकनीकी सहायता भी प्रदान की जा रही है।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी किसानों से बात चीत की। साथ ही उन्होंने किसानों को जैविक खेती करने की विशेषता से भी अवगत करवाया । उपायुक्त ने कहा कि सालो से अब केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ एवं सब्जी का सेवन लोग कर रहें है जिस कारण लोगों को कई तरह की शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।इसके साथ ही केमिकल युक्त किट नाशकों के इस्तेमाल करने से भूमि की उर्वरता शक्ति में भी कमी आती जाएगी और एक दिन जमीन बंजर भी बन जाएगी। इन सभी समस्याओं से निजात पाने का एक मात्र तरीका है कि अब जैविक खेती की ओर भी किसान अपना रुख करे। इसके साथ ही आज हर एक मार्केट में जैविक खेती या रसायन मुक्त खाद्य पदार्थों को लोग अधिक मूल्य देकर भी खरीदना चाहते है। जिससे किसानों को भी अधिक मुनाफा मिल सकता है। उपायुक्त ने पुरुष किसानों से बात करते हुए उन्हें हड़िया दारू पीने से होने वाले नुकसान से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रति दिन हड़िया दारू में कमसे कम 100 रुपए के खर्चे आते हैं , वहीं इसके सेवन से हजार तरीके की बीमारी भी होती है जिसके इलाज के खर्चे भी बहुत होते हैं।वहीं नशीली पदार्थों के सेवन करने के बाद कई सड़क दुर्घटनाएं भी होती है। जिसके लिए आम नागरिकों को सालाना कमसे कम 20 हजार से अधिक का खर्चा लग जाता है। यदि इसी पैसे को अच्छे कार्य में ,खेती के लिए बीज खरीदने , बच्चों को अच्छी शिक्षा देने आदि में लगाया जाए तो अपने साथ साथ अच्छे समाज का भी निर्माण होगा।

उपायुक्त ने किसानों को जैविक खेती के तकनीक को अपनाकर साल में कमसे कम 2 से 3 बार खेती करने हेतु प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि यदि जैविक खेती की जाए तो मिट्टी की उर्वर्ता क्षमता में ह्रास नहीं आएगी जिस कारण साल में 2 से 3 बार अलग अलग तरह को खेती करते हुए अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल सही समय पर सही खेती करना ही खेत से लाभ दिलवाने का काम करता है। साग और सब्जी को भरपूर लगाने की बात कही। साथ ही उन्होंने रागी उत्पादन पर भी अधिक जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल धान की खेती नहीं बल्कि अन्य ऐसे प्रकार की खेती को अपनाएं जिसे कम पानी और खाद्य की आवश्यकता पड़ती हो।

उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जैविक खेती से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के उद्देश्य से प्राण संस्था की सहायता से किसानों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी साहयता प्रदान की जा रही है। जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 200 से अधीन किसानों को जैविक खेती करने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दरअसल सभी प्रखंडों से कुछ चुने हुए किसानों एवं महिला किसानों का एक समूह बनाया जा रहा है ।

# वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन, छात्रों लिया भाग

राष्ट्रीय खबर

**मोहम्मदगंज/पलामू:** प्रखंड के माली गांव स्थित न्यू ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओ बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पार्षद अंजू देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किए।मौके पर प्रदेश कांग्रेस नेता सत्यनारायण सिंह ने कहा कि बच्चो के लिए स्कूल में समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम जरूरी है।



जिससे बच्चो की प्रतिभा में निखार आता है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि समय समय पर कार्यक्रम आयोजन से बच्चो का आत्मबल बढ़ता है।कार्यक्रम का संचालन और अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक श्रीनिवास सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुनील कुमार सहित शिक्षको का योगदान रहा। विद्यालय के बच्चो ने स्वागत गान के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद गीत संगीत,नाट्य, हास्य कला से उपस्थित लोगो का मन मोह लिया।कार्यक्रम में उदय सिंह,रामजनम राम,मुखिया उमेश राम,नदीम खान,चंदन वर्मा,शुभम सिंह,दिनेश राम,विनोद राम सहित काफी संख्या में अभिभावक,छात्र छात्रा व ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसबीआई और एलआईसी देश का गौरव है: बिट्टू पाठक

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:**कांग्रेस पार्टी के द्वारा राजभर में एसबीआई और एलआईसी के कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है उसी कड़ी में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जेलहाता स्थित एसबीआई बैंक के समक्ष जमकर केंद्र सरकार के विरोध प्रदर्शन किया गया।



लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी एवं एसबीआई जैसे सरकारी संस्थाओं के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश से एलआईसी के 29 करोड पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है हम जानते हैं कि एलआईसी एसबीआई जैसे पीएसयू हमारे देश का गौरव है और करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई से बना है अपने सबसे अच्छे दोस्त की मदद करने के इरादे से मोदी सरकार ने जबरदस्ती एलआईसी एसबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अडानी समूह में जबरदस्ती निवेश कराने का प्रभाव डाला है पिछले कुछ दिनों में एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और निवेशकों को 33060 करोड़ का नुकसान हुआ।

एसबीआई और अन्य भारतीय बैंकों ने अडानी समूह को भारी मात्रा में लोन दिया है अडानी समूह पर भारतीय बैंकों का लगभग 8000 करोड रुपया बकाया है अडानी समूह के डूबने से देश की संपत्ति दांव पर है करोड़ों निवेशकों और पॉलिसीहोल्डर्स की गाढ़ी कमाई खतरे में है इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार से यह तीन मांग करती है ।

# तीन दिवसीय शिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का समापन

राष्ट्रीय खबर

**गुआ:** शिक्षा का अलख जगाने के ध्येय से डीएवी, सेंटर ऑफ एकेडमिक एक्सीलेंस, नई दिल्ली के तत्वधान में झारखंड ए जोन जमशेदपुर संभाग अंतर्गत विभिन्न छह स्कूलों में डीएवी गुवा,चिड़िया,नोआमुंडी,झींकपानी ,बहरागोड़ा एवं एन.आई.टी आदित्यपुर (जमशेदपुर) के 220 शिक्षकों की आयोजित तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का समापन रविवार को संपन्न हुआ। बच्चों के विकाश के शिक्षण की चिंता से ओत - प्रोत सहायक रीजनल ऑफिसर श्री ओपी मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति में आए बदलाव



की चर्चा एवं योजना की जानकारी शिक्षकों को देना अनिवार्य है। इसमें यह चर्चा की गई कि योजना को कैसे स्कूलों में क्रियान्वित किया जाय ताकि पठन-पाठन कार्यक्रम सरल हो सके। साथ बच्चों में अच्छा इंसान बनाने के लिए नैतिक मूल्य को शिक्षा से जुड़ा जाना अत्यंत अनिवार्य, सहायक रीजनल ऑफिसर श्री ओपी मिश्रा ने बताया। तीन दिवसीय शिक्षण जागरूकता कार्यक्रम में प्रायोगिक प्रशिक्षण, विभिन्न विषयों के सिलेबस परिवर्तन के साथ नई शिक्षा नीति में बदलाव की बहुत सारी जानकारी पर परिचर्चा की गई। परिणाम स्वरूप शिक्षा के बदलते स्वरूप को शिक्षक स्वाभाविक रुप से बच्चों के बीच नए सिरे से प्रायोगिक विधि से प्रस्तुत करने में कारगर हो सकेगे। सारे मास्टर ट्रेनर,प्रशिक्षिका व रिसोर्स पर्शन के द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत विषयों को रोचक तरीके से पढ़ाने की विधि प्रस्तुत की गई जिससे प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों में अपने विषयो के प्रति उत्साह देखा गया । प्राचार्यों में डीएवी गुवा के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार पांडेय, डीएवी चिरिया के प्राचार्य एस.के झा, डीएवी झींकपानी के प्राचार्य एस.के.पाठक, डीएवी के नोवामुंडी के प्राचार्य प्रशांत कुमार भुइया एवं डीएवी बहरागोड़ा के प्राचार्यअनूप कुमार खासतौर शामिल हो,शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुआयना करते देखे गए।

# धुमकुड़िया गौरव दिवस सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर

**गुमला :** जिला गुमला के ग्राम सैंदा में धुमकुड़िया महबा उल्ला (दिवस) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गाँव के देबीगुड़ी (देवी मां) में छोटे छोटे बालक बलिकाओं को विधिवत पूजा अर्चना करा कर धुमकुड़िया में प्रवेश दिलाया गया। वहीं शादी का रिश्ता तय हुआ लड़का श्री ऋषभ उरांव को धुमकुड़िया से बिदाई किया गया, जो वर्तमान में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं । इस अवसर पर कानून विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर, ला युनिवर्सिटी, रांची के श्री रामचंद्र उरांव ने कहा कि - धुमकुड़िया, हमारे कुँड़ुख समाज का पहला स्कूल का केंद्र है। उन्होंने कहा कि आदि काल से ही कुँड़ुख समाज के लोग धुमकुड़िया के माध्यम से समाज के लोगों को अच्छे जीवन जीने के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षा देते थे।



आज के समय में हमारे समाज के सभी गाँव में धुमकुड़िया केंद्र खोलने की जरूरत है। वहीं पर बाहर आये अतिथियों में से पूर्व मंत्री श्रीमती गीताश्री उरांव स्वागत करने वाले गांव वालों के साथ देवी मड़ई स्थान तक पहुंच कर सामुहिक पूजा में शामिल होने के बाद बच्चों को आशीर्वाद देकर वापस हुईं। इस धुमकुड़िया महबा उल्ला (दिवस) में उपस्थित तोलोंग सिकि ( लिपि) के निमार्ता तथा सैन्दा गांव निवासी डा नारायण उरांव ने कहा कि आज के दौर में सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किया जा रहा है। इसके पाठ्यक्रम मैं हिन्दी, अंग्रेजी एवं मातृभाषा शिक्षा है। इसके अनुसार हमारे समाज के लोगों को अपनी भाषा संस्कृति की शिक्षा धुमकुड़िया के द्वारा ही संभव है, क्योंकि 4 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में जोड़ने से बच्चों के लिए कई बातों में कठिनाई होगी। क्योकि आंगनवाड़ी में बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कुँड़ुख भाषा या लिपि नहीं जानते हैं। इस लिए प्रत्येक गाँव में पारंपरिक धुमकुड़िया केंद्र खोलने की जरूरत है। इस अवसर पर विभिन्न कुँड़ुख भाषा लिपि शिक्षण सेंटर के शिक्षकों के बीच कुँड़ुख टाईम्स के अंक 4 के बिसुसेंदरा विशेषांक और अंक 05 के धुमकुड़िया विशेषांक, चिंचो डण्डी अरा खीःरी पुस्तक का वितरण किया गया।

## शहर >> अपडेट

### किसानों ने किया विरोध

**महेशपुर :** प्रखंड के रामपुर एवं अमृतपुर गांव के दर्जनों किसानों ने नदी किनार के उपजाऊ जमीन से बालू माफिया द्वारा बालू उठाव करने तथा किसानों को धमकी देने के खिलाफ सीओ रितेश जायसवाल को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि मौजा भीमपुर में बांसलोई नदी किनार में उनका जमीन है।

## सिटी अपडेट्स >>

### बाइक से गिरकर दो महिला घायल

**कोडरमा :** जिले के ढाब थाना अंतर्गत ढाब रोड में बाइक से गिरकर दो महिला घायल हो गई। घायल की पहचान सुदमिया देवी और कौशल्या देवी दोनों दिबौर, कोडरमा के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल से 3 लोग सवार होकर अपने परिवार के यहां ढाब जा रहे थे। ढाब के रास्ते में ही अनियंत्रित होकर गिर जाने से पीछे बैठी दो महिला गिरकर घायल हो गई। 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जेवर समेत 2 लाख से अधिक की लूट

**कोडरमा :** कोडरमा जिले में हाल में लूटपाट के कई मामले हुए हैं तो वहीं एक सप्ताह पूर्व अपहृत सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद का सुराग अबतक नहीं मिल पाया है। ताजा मामला जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सतडीहा की है, जहां पंकज वर्णवाल के आवास पर लूटपाट हुई। उनकी पत्नी बबीता देवी सहिया साथी भी हैं। बीती रात 4 अपराधी हथियार लेकर घर मे घुसे और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घरवालों ने बताया कि 50 हजार नगद और जेवर समेत 2 लाख के सामान लूटकर फरार हो गए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मौत मामले की 9 महीने बाद जांच शुरू

**डोमचांच :** थाना क्षेत्र के सपही निवासी ढिबरा व्यवसाई मृतक अर्जुन साव की मौत से संबंधित घटना का मजिस्ट्रियल जांच किया जा रहा है। जांच करने सोमवार को घटना स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा पहुँचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया, साथ ही पीड़ित परिवार से बात कर पूरे मामले की जानकारी ली। वही मृतक अर्जुन साव के पुत्र वीरेंद्र कुमार व झारखंड आंदोलनकारी अजय कृष्ण वर्णवाल ने बताया कि घटना के 9 माह से ऊपर बीत जाने के पश्चात भी आरोपी पुलिसकर्मियों पर ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसके कारण आरोपी पुलिसकर्मी लोग खुलेआम घूमते हैं। हांलाकि उन आरोपी पुलिसकर्मियो के ऊपर 302 धारा के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच सीआईडी के द्वारा भी किया गया पर अब तक हमलोगों को इंसाफ नहीं मिल पाया है।

### रविदास की जयंती मनायी गयी

**कोडरमा :** तिलैया बस्ती गौतम बुद्ध नगर झुमरीतिलैया में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को रविदास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुरूआत किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि यूपी के पूर्व राज्यमंत्री एमएल तोमर थे। समारोह में मुख्य रूप से झारखंड की सांस्कृतिक नृत्य एवम स्थानीय बच्चों के द्वारा बाबा साहब के गानों पर नृत्य कर जयंती को सफल बनाया गया। श्री तोमर ने कहा कि रविदास जी ने समाज में भेदभाव, जातिवाद से ऊपर उठकर समानता का विचारधारा को स्थापित किया। इनके विचार को गुरुनानक साहब ने अपनाया।

**बैठक** वीडियो कांफ्रेसिंग से हुई जिला योजना समिति की बैठक

# जनहित को देखते हुए योजना का चयन करें : मंत्री हफीजुल हसन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और जिला योजना समिति के अध्यक्ष हफीजुल हसन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सपन्न हुई। बैठक का संचालन उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने किया। उप विकास आयुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत योजनाओं का घटनोत्तर स्वीकृति, अनुमोदन पर विस्तृत रुप से अवगत कराया।

बैठक में मुख्य रुप से विधायक बरकठ्ठा अमीत कुमार यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव व सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, कोडरमा व जिला परिषद सदस्य शामिल हुए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना के क्रियान्वयन को लेकर कई बात कही गयी।

विधायक अमित यादव ने पीसीसी निर्माण कार्य की गुणवत्ता, पुल निर्माण, सिंचाई योजना, जलापूर्ति योजना इत्यादि पर बात रखी। उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताये गये योजना को जांच करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिया।

साथ ही कहा कि जिस योजना का निर्माण कार्य हो रहा है, उन योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करेंगे।

उप विकास आयुक्त द्वारा वित्तिय वर्ष 2022-23 हेतु जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत सांसद, विधायक, प्रतिनिधि, सदस्य एवं ग्रामीण जनता से प्राप्त अनुशंसित योजनाओं के बारे में माननीय मंत्री को बताया गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि प्राप्त आबंटन के अनुसार आमजनों के हितों में ध्यान में रखते हुए योजना का चयन कर योजना का निर्माण कार्य करें ताकि उस योजना का लाभ आमजन को मिल सके। बैठक में विधायक अमीत कुमार, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी जिला परिषद सदस्य व जनप्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहे।

## यज्ञ को लेकर ग्राम आल्हो में 1251 महिलाओं ने कलश उठाया



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड अंतर्गत ग्राम आलहो पोस्ट नाइट मे श्री श्री 108 शिव शक्ति सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 1251 महिलाओं ने कलश उठाया। महायज्ञ का उद्घाटन करने कोडरमा ध्वजाधारी आश्रम से बाबा महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज यज्ञ स्थल में पहुंचे। यज्ञ का उद्घाटन मंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिला अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जयनगर प्रमुख अंजू देवी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर किया। विधायक नीरा यादव ने कहा कि यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो जाता है। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में मंगल कामना के साथ साथ आपसी भाईचारा बढ़ता है लोगों में धर्म के प्रति जागृति बढ़ती है।

## दिव्यांग उन्मुखीकरण का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

सतगावां: प्रखण्ड संसाधन केंद्र के सभागार में सोमवार को समावेशी शिक्षा अन्तर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका तथा पूर्व-प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद तथा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय ने किया। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा एवं अन्य योजनाओं से जोड़ने हेतु सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चला रही है।दिव्यांग छात्र किसी भी क्षेत्र में सामान्य बालक से कम नहीं है।इन सबों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबों का कर्तव्य होना चाहिए। प्रशिक्षक उमेश कुमार यादव रिसोर्स शिक्षक ने दिव्यांगता के प्रकार, दिव्यांगता के कारण, मिलने वाली सुविधाएं, चिकित्सकीय एवं शैक्षिक आवश्यकता, गृह आधारित शिक्षण इत्यादि बिंदु पर क्रमवार चर्चा किया। मौके पर रिसोर्स शिक्षक सुजीत कुमार, प्रखण्ड साधन सेवी शहजाद आलम, बीरेंद्र यादव, संतोष कुमार, अविनाश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, करन कुमार, बिनोद कुमार, जवाहर अकेला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका उपस्थित थी।

### छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**महेशपुर :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़बाड़ी में सोमवार को नौ वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाहिनी बिहटा पटना के टीम कमांडर ऋषि पाल सिंह धामा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के छह सदस्य टीम में ऋषि पाल सिंह धामा के अलावे केयम अंसारी,सतीश कुमार,राजनाथ कनौजिया,संतोष कुमार,शशी भूषण पांडेय शामिल थे। इन सबों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बारी-बारी से आपदा आने पर बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। बताया गया कि भूकंप,बाढ़ सहित अन्य प्राकृतिक या अन्य आपदा में फंसे लोगों का किस प्रकार रेस्क्यू करना है। तथा लिफ्टिंग,मूविंग की जानकारी दी गई। साथ ही ब्लड कंट्रोल, सीपीआर,कार्डियो,पलमोनरी, रेसिससाइटेशन की बेसिक जानकारी दी गई।

## लापता शिक्षक के परिजनों ने एसपी से लगायी गुहार



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** विगत 31 जनवरी से लापता कोडरमा थाना अंतर्गत दूधीमाटी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बाबत शिक्षक की पत्नी निर्मला सिन्हा, पुत्री अनिता सिन्हा ने जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव से मिलकर शीघ्र ही शिक्षक के सकुशल बरामदगी को लेकर गुहार लगायी है। साथ ही एक आवेदन भी सौंपा है। वहीं एसपी श्री गौरव ने आश्वासन दिया कि जल्द हीं पुलिस उन्हें सकुशल ढूंढ लेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिस पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। साथ ही किसी तरह की जानकारी मिलने पर उन्हें सूचित करें। एसपी से मिलने के दौरान मनोज कुमार झुन्नू भी परिजनों के साथ थे। ज्ञात हो कि इस संबंध में गिरिजा नंदन प्रसाद के बेटे आनंद किशोर ने पूर्व में भी कोडरमा थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि उनके पिता 69 वर्षीय गिरिजा नंदन प्रसाद 31 जनवरी को 11 बजे अपने आवास से बाजार जाने के लिए निकले थे। उसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे हैं।

## सतगावां में पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला आयुष विभाग के द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का सतगावां, बासोडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में समापन हुआ। पूरे प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित होकर योग का ट्रेनिंग प्राप्त किया और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ब्रांड एंबेसडर योग शिक्षक का सम्मान दिया गया। विभाग के डॉ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय से जो शिक्षक ट्रेनिंग प्राप्त किए हैं, वह अपना विद्यालय में स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को प्रत्येक दिन योग की ट्रेनिंग देंगे। योगाचार्य योगी सुषमा सुमन बताया कि नए भारत के निर्माण में योग आयुर्वेद का अहम भूमिका रहेगी। इसलिए विद्यालय से लेकर गांव तक योग का स्पेशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंच संचालन करते हुए योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि कोडरमा जिला में अब सभी विद्यालय में योग का मार्गदर्शक होगा। शिविर में भाग लेने वालों में राजेश कुमार ठाकुर, शरद अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, शंभू पासवान, ओम प्रकाश, कुमार रजक, मिथिलेश प्रसाद यादव, कामेश्वर प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## दहेज को लेकर नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या

▶▶ पति पुलिस हिरासत में



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के चेताग ग्राम स्थित गोबरीटोला (गोविन्दनगर)में रविवार देर शाम दहेज की लालच में एक नवविवाहिता का गला दबाकर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है।इस सबंध में लड़की के पिता नीरज साहू लोहरदगा निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी बेटी प्रिया देवी 21वर्ष की शादी कन्हाई साव ग्राम गोबरीटोला थाना बालूमाथ निवासी से हुई थी ।शादी में दहेज के रूप में आठ लाख नगद तथा सोना-चांदी बर्तन दिया था ।मृतक प्रिया देवी के पति कन्हाई साव,सास लीलावती देवी,ससुर गेंदा साहू,ननद सीता देवी,देवर खेलावन साहू,गोतनी संजना देवी ,मामा ससुर मुंसी साहू के द्वारा शादी होने के तीन महीने बाद और दहेज की लालच में दो लाख रुपया,बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी ।जिसको लेकर अक्सर प्रिया देवी के साथ मारपीट किया जाता था ।और जान मारने की धमकी दी जाती थी ।पिता ने आरोप लगाते हुए कहा परिजनों के द्वारा कि रविवार देर रात्रि लगभग 7:35 में उसकी बेटी का गला दबाकर हत्या कर दिया गया ।और उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया ।वहीं दूसरी तरफ मृतिका के पति कन्हाई साव ने कहा कि यह हत्या नही है बल्कि घर मे किसी बात को लेकर छोटी-मोटी लड़ाई हुई थी ।गुस्से में आकर उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।हमलोगों के द्वारा आनन-फानन में प्रिया को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेश राम और सुरेंद्र कुमार ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।वही बालूमाथ पुलिस ने थाना में कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।और आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।

## न्यूज फटाफट

### एकत्रीकरण सम्मेलन का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा झुमरी तिलैया वार्ड नंबर 16, 17, 18 आंगनबाड़ी के मैदान में बस्ती एकत्रीकरण सम्मेलन रखा गया। यह सम्मेलन माघ पूर्णिमा रविदास जयंती पर रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति झारखंड प्रांत की सह प्रमुख योगाचार्य योगी सुषमा सुमन थी। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुषमा सुमन, सेवानिवृत्त शिक्षक उपेंद्र कुमार दुबे, भाजपा के सुभाष मोदी, भोली कुमार, सुभाष गुप्ता, रामचंद्र दास, रोहिदास, सुधीर दास, प्रदीप कुमार सुमन, निर्मला देवी, रिंकू देवी, दिलीप दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। योगी सुषमा सुमन ने लोगों को एक वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संरक्षक सुभाष बरनवाल, गायत्री देवी, सूर्य नारायण बरनवाल ने सहयोग किया।

### राजद की बैठक में पार्टी कार्यक्रमों पर चर्चा

**मरकच्चो :** राष्ट्रीय जनता दल, कोडरमा जिला कार्यकारिणी की बैठक मरकच्चो स्थित प्रखंड कार्यालय में रविवार को हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने की जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख विजय सिंह ने किया। बैठक की शुरूआत संत शिरोमणी संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। बैठक में 8 फरवरी को पंचखेरो डैम में आयोजित वन भोज सह मिलन समारोह की तैयारी और 12 फरवरी को रांची में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की कोडरमा में राजद का बड़ा जनाधार है। जनाधार को धारदार बनाने के लिए संगठन को सक्रिय तौर पर गांव गांव में विस्तार करने की जरूरत है। कोडरमा में पार्टी लगातार कार्यक्रम कर रही और संगठन को सशक्त बनाने में जुटी है। इसी मद्देनजर पंचखेरो डैम में कार्यकताओं का मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। रांची में तेजस्वी यादव के आगमन में कोडरमा से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हो।

### गुंबद निर्माण कार्य का हुआ शिल्यान्यास

**सतगावां :** प्रखंड के टेहरो पंचायत के सकरी नदी किनारे स्थित मैसरवा पहाड़ पर शिव पार्वती के मंदिर निर्माण कार्य को लेकर कार्य प्रगति पर है। वहीं पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को लाखों की लागत से 51 फीट का भव्य गुंबद निर्माण कार्य को लेकर स्थल का शिलान्यास किया गया। बताया जाता है कि सकरी नदी के मैसरवा पहाड़ पर स्थित मंदिर में भगवान शंकर का शिवलिंग प्राचीन काल के समय से स्थित है और यहां सकरी नदी के उत्तरायण धारा भी बहती है। प्रति सोमवार व प्रत्येक पूर्णिमा के दिन भारी मेला लगता है जिसमें काफी भीड़भाड़ की संख्या में लोग उपस्थित होकर भगवान शिव के शिवलिंग को जलाभिषेक करते हैं। यहां के पुराने भोला सेठ उर्फ भोला लाल, मनोज भगत, विजय सिंह, रंजीत सिंह, बालमुकुंद सिंह, हृदय नारायण सिंह, मनोज सिंह, अनिल राम, मेघन चौधरी, कृष्णा प्रसाद यादव आदि ने बताया कि यहां प्राचीन काल से भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित था जिसे लोग पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। इस पहाड़ी पर एक चट्टान है जहां ऋषि-मुनियों ने तपस्या किया था जिसका प्रमाण अभी भी है। ग्रामीणों ने यहां माता-पार्वती का मंदिर अपने सहयोग से बनाया है। लाखों रुपये की लागत से 51 फीट का भव्य गुंबद निर्माण के लिए महाराष्ट्र से चलकर आये शिल्पकार चंद्रकांत विट्ठलराव केंद्रे भी आये हैं।

### अल्फा इंटरनेशनल स्कूल का हुआ उद्घाटन

**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत जयनगर बेलकतरी रोड में अल्फा इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया कौशर खान ने किया। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व जिप अध्यक्ष रामधन यादव एवं जयनगर प्रमुख अंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अमित कुमार यादव ने कहा कि जयनगर प्रखंड शिक्षा का हब माना जाता है। इस स्कूल का पहला ब्रांच परसाबाद रेलवे स्टेशन के सामने नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय का उद्घाटन भी हमने 10 वर्ष पहले किया था। और आज नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय के बच्चे ऊंची मुकाम हासिल किए। इसी विद्यालय की देन है कि इस स्कूल से पढ़कर निकले बच्चे आर्मी, नेवी, डॉक्टर की तैयारी, इंजीनियर की तैयारी कर रहे हैं। आज इसी नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय का दूसरा ब्रांच जयनगर प्रखंड में ही अल्फा इंटरनेशनल विद्यालय के नाम से उद्घाटन किया जा रहा है। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि शिक्षा वह अमूल्य धन है जो कभी समाप्त नहीं होता है।

### अभिकताओं ने डीसी को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा :** सोमवार को संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले पूरे भारतवर्ष में सभी जिला मुख्यालयों पर 5 सूत्री मांग को लेकर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम हुआ। इसी क्रम में कोडरमा जिला मुख्यालय पर संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा कोडरमा जिला इकाई द्वारा सहारा इंडिया से पीड़ित जमाकर्ता एवं अभिकर्ता द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार एवं वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम 5 सूत्री मांग हेतु कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। उपायुक्त कोडरमा ने कहा कि मांग को आगे तक पहुंचाने का काम मेरे द्वारा उचित माध्यम से शीघ्र किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के बाद कोडरमा जिला इकाई अध्यक्ष भागीरथ सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि अगर वर्ष 2023 तक सहारा इंडिया द्वारा जमा कर्ताओं का पैसा नहीं वापस दिया जाता है तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हम सभी अभिकर्ता और जमा कर्ता वर्तमान सरकार के खिलाफ अपना मतदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष गोप, सचिंद्र शर्मा, सुभाष सिंह, देवेंद्र प्रसाद वर्णवाल, महेश गोस्वामी, पुरुषोत्तम वर्णवाल, राजेंद्र नाथ गोस्वामी, मुन्ना कुमार, जयप्रकाश यादव, इंद्रदेव ठाकुर, आफताब आलम समेत अन्य जमाकर्ता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### धूम धाम से मनाई गई गुरु रविदास जी की जयंती

**बालूमाथ :** बालूमाथ थानां क्षेत्र अंतर्गत आरा ग्राम में गुरु रविदास की जयंती अम्बेडकर क्लब में धूम धाम से मनाई गई इस अवसर पर क्लब में गुरु रविदास की तस्वीर पर माल्या अर्पण तथा पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया व संध्या में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जहाँ कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया ।इस मौके पर संबोधित करते हुवे कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक रंजन ने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर दुनिया को एकता भाईचारे का संदेश दिया। गुरु ने लगभग 6 दशक तक समाज सुधारक, महान विचारक समाजसेवक के रूप में काम किया। उन्होंने समाज को मेहनत कर खाने तथा ईमानदारी से जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया।

### झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक सम्पन्न

**बालूमाथ :** झारखंड कुशवाहा महासभा जिला ईकाई लातेहार का जिला समिति का बैठक मारांगलोइयां पंचायत के बारा ग्राम में हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महासभा के पर्यवेक्षक प्रो.श्याम नारायन ने किया । सर्वसम्मति से लातेहार जिला इकाई का गठन समाज के प्रदेश के नेता अर्जुन कुमार ,राम लखन दान्गी ,सतीष प्रसाद,रामजीत महतो,राज कुमार महतो की उपस्थिति मे सम्पन्न हुई ।सर्वसम्मति से जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष भुषण कुशवाहा,बालूमाथ,उपाध्यक्ष जगरनाथ मेहता ग्राम बरैनी,प्रखन्ड चंदवा,महानन्द महतो, प्रखन्ड बालुमाथ, महासचिव रोहित महतो, ग्राम हेबना, प्रखन्ड बालुमाथ, कोषाध्यक्ष लालमन महतो, ग्राम गनेशपुर,प्रखंड बालुमाथ को चुना गया। जिलाध्यक्ष चुने जाने के बाद भूषण कुशवाहा ने कहा कि मैं पूरे जिला में अपने समाज को जागरूक एवं एकजुट करने के लिए भ्रमण करूंगा एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करूंगा।

## न्यूज फटाफट

### अवसरों को गोल में बदलने की जरूरत : कोच रॉकी



**ढाका :** भारतीय महिला अंडर-20 फुटबॉल टीम की कोच मेमोल रॉकी ने सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप में बंगलादेश के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद सोमवार को स्वीकार किया कि खिलाड़ी मौकों को गोल में नहीं बदल पा रहे हैं। भूटान को 12-0 से रौंदने के बाद भारतीय टीम बंगलादेश के सामने एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिये मंगलवार को नेपाल का सामना करना है और कोच रॉकी को उम्मीद है कि खिलाड़ी पिछले मैच की गलतियों को सुधार सकेंगे। रॉकी ने कहा, ''हमें कल के मैच में गोल करना ही होगा, और फाइनल में जगह बनानी होगी। फुटबॉल का खेल गोल करने पर ही आधारित है। लड़कियों को मौके बनाते देखना अच्छा लगता है, लेकिन सबसे जरूरी यह है कि वह उन मौकों पर गोल कर सकें। हमें कहीं न कहीं इसे सुधारने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''हम नेपाल को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वह एक अच्छी टीम हैं। हमने उन्हें भूटान और बंगलादेश के खिलाफ खेलते हुए देखा है। यह हमारे लिये आसान नहीं होगा और हमें अपनी पूरी ताकत लगानी होगी।'' कोच रॉकी ने कहा कि उनकी टीम ड्रॉ के बावजूद हतोत्साहित नहीं है और नेपाल पर जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाने के लिये तैयार है। दोनो टीमें जब सैफ अंडर-18 महिला चैंपियनशिप 2022 में आमने-सामने आयी थीं तब भारत ने नेपाल को 5-1 से शिकस्त दी थी। रॉकी ने कहा, ''जब भी कोई टीम सैफ चैंपियनशिप में भारत का सामना करती है तो वह बेहतर प्रदर्शन करने का कोशिश करती है। नेपाल भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेगा। इस क्षेत्र में सभी टीमें तेजी से बेहतर होती जा रही हैं और हम पिछले नतीजे की उम्मीद दोबारा नहीं कर सकते। मैं सिर्फ अपनी लड़कियों से कड़ी मेहनत की उम्मीद करती हूं, और मुझे विश्वास है कि हम कल जीत सकते हैं।''

**उपलब्धि** नाकों गांव के मुख्य लामा समापन के मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे

# हिमाचल में 12000 फीट की ऊंचाई पर आइस स्केटिंग प्रतियोगिता,बना विश्व रिकॉर्ड

- 13 से 15 और 16 से 19 महिला एवं वरिष्ठ महिला पुरुष कैटेगरी के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया
- पुरुष वर्ग में हिमाचल के यशीश नेगी ने गोल्ड मैडल
- अनिमेश शर्मा ने रजत व दोन्गयत तेंजिन ने कांस्य पदक हासिल किया।



**एजेंसियां**

**रिकांगपिओ :** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिला के नाको प्राकृतिक झील में दो दिवसीय राष्ट्रीय लॉन्ग ट्रैक आइस स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। नाकों गांव के मुख्य लामा समापन के मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता के समापन के साथ ही 12 हजार फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय स्तरीय लॉन्ग ट्रैक चैंपियनशिप करवाने का एक विश्व रिकॉर्ड भी बन गया है। इस लॉन्ग ट्रैक आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में 13 से 15 और 16 से 19 महिला एवं वरिष्ठ महिला पुरुष कैटेगरी के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन लाल ने कहा कि दो दिवसीय इस चैम्पियनशिप के 13 से 15 महिला केटेगरी के 500 मीटर रेस में महाराष्ट्र की हिताशी त्रिवेदी ने स्वर्ण पदक, रूही शर्मा हरियाणा ने रजत तथा महाराष्ट्र की नीरजा ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 13 से 15 पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के शौनक ने स्वर्ण पदक, हिमाचल प्रदेश के विख्यात कंवर ने रजत एवं महाराष्ट्र के अमोघ ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह 15 से 19 पुरुष वर्ग में जी देवी आंध्र प्रदेश ने गोल्ड मेडल, उत्तर प्रदेश के प्रिंस गौतम ने रजत एवं संयम गोयल हरियाणा ने कांस्य पदक जीता। सीनियर कैटेगरी में कर्नाटक के ओंकार योगराज ने स्वर्ण पदक, यूपी के अनुभव गुप्ता ने रजत एवं मध्य प्रदेश के सुजल साहू ने कांस्य पदक हासिल किया। तीन सौ मीटर ट्रैक रेस के 13 से 15 महिला कैटगरी में हिमाचल की इशिता राणा ने स्वर्ण पदक, तनवी ठाकुर ने रजत व सोनल ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। वही पुरुष वर्ग में हिमाचल के यशीश नेगी ने गोल्ड मैडल, अनिमेश शर्मा ने रजत व दोन्गयत तेंजिन ने कांस्य पदक हासिल किया।

15 से 19 पुरुष वर्ग में हिमाचल के नवांग जांगमो ने स्वर्ण पदक, तेनजिन छोकडूप नई रजत पदक एवं दिल्ली के मानस सेठी ने कांस्य पदक हासिल किया। दूसरी ओर 19 से ऊपर के महिला केटेगरी में दीक्षा ठाकुर ने स्वर्ण पदक, शगुन ने रजत व टाशी डोलकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया तो वही पुरूष वर्ग में हिमाचल के रजनीश ने गोल्ड, आंध प्रदेश के जोसेफ ने रजत व हिमाचल के सूर्य प्रकाश ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में 15 राज्यों के 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

वहीं मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इन विजेताओं का चयन आगामी प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के डायरेक्टर अवधूत तावड़े,राष्ट्रीय कोच रवि ढिलन, हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन उपाध्यक्ष प्रदीप कंवर, जिला परिषद सदस्य शांता कुमार, सोमंग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष विजय नेगी एवं पुरग्यूल आईस स्केटिंग एसोसिएशन के सदस्य मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय मैचों से आत्मविश्वास मिला : सविता पूनिया

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से लौटने के बाद सोमवार को कहा कि हालिया अंतरराष्ट्रीय मैचों ने उनकी टीम को रोमांचक मुकाबलों में आत्मविश्वास और आक्रामकता के साथ खेलने के लिये सक्षम बनाया है। सविता ने कहा,'' यह साल हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एशियाई खेल जीतकर सीधा पेरिस ओलंपिक में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। पिछली बार हम स्वर्ण जीतने के बहुत करीब आकर जापान से सिर्फ एक गोल से हार गये थे। इस साल हम काफी सकारात्मक हैं। खासकर इसलिये क्योंकि हमें पिछले कुछ सालों में काफी अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला है और हम काफी ज्यादा आत्मविश्वास और आक्रामकता से खेल सकते हैं।'' सविता की



टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैचों में 5-1, 7-0 और 4-0 से जीत मिली, जबकि चौथा मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। विश्व नंबर एक नीदरलैंड के विरुद्ध हालांकि भारतीय टीम को तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा। सविता ने कहा, '' हमने साल की शुरुआत सकारात्मक रूप से की है। हमने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद नीदरलैंड के सामने भी अच्छा खेल दिखाया। इस दौरे ने हमें एक टीम के रूप में एक दूसरे के साथ बेहतर तालमेल बैठाने में भी मदद की। हमने केप टाउन का भ्रमण किया। वह एक खूबसूरत शहर है और टीम ने इसका आनंद लिया। '' भारतीय टीम अब बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) में 12 फरवरी को शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर में शामिल होगी। सविता की टीम छह सप्ताह के शिविर में अपनी क्षमताओं और अनुकूलन पर ध्यान देगी। इसके अलावा खिलाड़ी केप टाउन में अपने प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद हॉकी के तकनीकी पहलुओं को भी सुधारने का प्रयास करेंगे। सविता ने कहा, '' मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन एक बार फिर केप टाउन में हमारे प्रदर्शन की समीक्षा करेंगी और हम अपनी कमियों का जायज़ा लेने के लिये व्यक्तिगत एवं टीम बैठक में शामिल होंगे।

### पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने कहा

# पाकिस्तान नहीं आना तो भाड़ में जाये भारत

**एजेंसियां**

**कराची:** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एशिया कप के लिये पाकिस्तान न जाने के फैसले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए असंसदीय भाषा का प्रयोग किया। मियांदाद ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, ''अगर भारत पाकिस्तान नहीं आना चाहता तो वह भाड़ में जाये। मैंने हमेशा पाकिस्तान का समर्थन किया है। हमें अपने हित को भी देखना है, और उसके लिये लड़ना है। हमें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि हम क्रिकेट की मेजबानी कर रहे हैं। यह आईसीसी का काम है। अगर आईसीसी इसे नियंत्रित नहीं कर सकता, तो ऐसे निकाय की कोई जरूरत नहीं है। ''

उन्होंने कहा, '' उन्हें सभी टीमों के लिये एक समान नियम लागू करने की जरूरत है। अगर टीमें इस तरह आने से बचना चाहती हैं, तो उन पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। भारत होगा अपने लिये, हमारे लिये नहीं है।'' उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अक्टूबर 2022 में कहा था कि एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में नहीं हो सकता, क्योंकि भारत पड़ोसी मुल्क की यात्रा नहीं कर सकता है।




शाह के इस बयान पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तत्कालीन अध्यक्ष रमीज़ राजा ने एतराज़ जताया था। बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष नजम सेठी ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिये शनिवार को एसीसी की आपातकालीन बैठक भी बुलाई, हालांकि इसका कोई हल नहीं निकल सका। मियांदाद ने कहा कि भारत हार के डर से पाकिस्तान नहीं आना चाहता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, ''आओ और खेलो। वे ऐसा क्यों नहीं करते? वे भागते हैं। अगर वह यहां आकर हमसे हारेंगे तो उनकी मुश्किलें बढ़ जायेंगी। यह बात वहां की जनता को पचेगी नहीं। यह हमेशा से होता रहा है। हमारे समय में भी वह इसी वजह से नहीं खेलते थे। वहां दंगे और लड़ाई झगड़ा होता है। आपने देखा होगा जब भी भारत किसी से हारता है तो वहां की जनता घरों को जलाती है।'' उन्होंने कहा, ''जनता को समझना होगा कि क्रिकेट सिर्फ एक खेल है। अगर आप अच्छा नहीं खेलेंगे तो हारेंगे। अगर मैं अच्छा खेलूंगा तो जीतूंगा। आप दूसरी चीजों पर जाते हैं। इससे किसी को क्या फायदा? मैं आईसीसी से कहता हूं, अगर कोई इस तरह के रास्ते अपनाता है तो आईसीसी को सख्त रवैया अपनाने की जरूरत है। आप भारत हैं तो क्या? अगर कोई देश इस तरह का बर्ताव करता है तो आईसीसी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।'' गौरतलब है कि एसीसी अध्यक्ष शाह की मंजूरी न होने के बावजूद पीसीबी एशिया कप की मेजबानी करने के लिये तत्पर है। सेठी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अगर भारत एशिया कप के लिये पाकिस्तान नहीं आयेगा, तो उनकी टीम भी अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत का दौरा नहीं करेगी।

## खबरें बॉलिवुड की

# जेलर में रजनीकांत के साथ काम करेंगे जैकी श्राफ





**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ, दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म जेलर में नजर आयेंगे। रजनीकांत बहुत जल्द फिल्म जेलर में नजर आयेंगे। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ की भी एंट्री हो गयी है। जैकी श्राफ का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसमें वह खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। सन पिक्चर्स के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से जैकी श्रॉफ का फर्स्ट लुक शेयर किया गया है, जिसमें वह काफी इंटेंस अंदाज में दिख रहे हैं। 'जेलर' एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं।

# सिटाडेल इंडिया से डिजिटल प्लेटफार्म पर डेब्यू करेंगे वरूण धवन



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन वेब सीरीज 'सिटाडेल इंडिया' से डिजिटल प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रहे है। सिटाडेल इंडिया रूसो ब्रदर्स ('एवेंजर्स एंडगेम' के निर्देशक) के प्रोडक्शन में बन रही है। राज एंड डीके (निर्देशक जोड़ी राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) इस वेबसीरीज को निर्देशित कर रहे हैं। वरूण धवन ने कहा, फिलहाल मैं सिटाडेल इंडिया के बारे में ज्यादा नहीं बता सकता। अभी उसकी शूटिंग जारी है। शूटिंग का अनुभव अभी तक तो बहुत अच्छा रहा है। हम इस शो को फिल्म के जैसे ही शूट कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि जैसे कोई बहुत बड़ी फिल्म बन रही हो। शायद मेरे जीवन की सबसे बड़ी फिल्म बन रही है। इससे ज्यादा मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता।

# राजस्थान इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल में जीता सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फ़ल्मि द स्टोरीटेलर ने राजस्थान इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है। जियो स्टूडियोज की फ़िल्म द स्टोरीटेलर कई फिल्म फेस्टिवल के सफल सफर से गुजरते हुए राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार हासिल कर चुकी है । पर्पस एंटरटेनमेंट और क्वेस्ट फिल्म्स के सहयोग से निर्मित, अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, तनिष्ठा चटर्जी, जयेश मोरे और रेवती मुख्य किरदार में है। महान फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की एक लघु कहानी पर आधारित, यह फिल्म एक धनी व्यवसायी की कहानी बताती है, जो अपनी अनिद्रा को दूर करने में मदद करने के लिए एक कहानीकार को काम पर रखता है, जिससे मामला अधिक पेचीदा हो जाता है क्योंकि इसमें कई ट्विस्ट जुड़ जाते हैं।



# रितेश पांडेय का होली गीत 'होली में टेम्परेचर हाई रहता' रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** भोजपुरी अभिनेता-गायक रितेश पांडेय का होली गीत 'होली में टेम्परेचर हाई रहता'रिलीज हो गया है। वेब म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रितेश पांडेय गाना 'होली में टेम्परेचर हाई रहता' रिलीज हुआ है। इस गाने में रितेश पांडेय के साथ काजल नजर आ रही हैं। वहीं, रितेश पांडेय ने कहा कि यह गाना आप सबों को खूब पसंद आने वाला है। इस गाने पर हमने बेहद काम किया है। इसका कॉन्सेप्ट भी सुंदर और सहज है। यह भोजपुरी की सबसे समृद्ध होली गीत में से एक होने वाली है। इसलिए इसको जरूर देखें और अपना आशीर्वाद दें। होली गीत 'होली में टेम्परेचर हाई रहता' को रितेश पांडेय ने गाया है। लिरिक्स अजय बच्चन का है। म्यूजिक छोटू रावत का है। वीडियो डायरेक्टर गोल्डी जायसवाल हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### सतना में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में गांजा तस्करी के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामपुर कोतवाली पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से पांच किलो 600 ग्राम गांजा जब्त किया है। कार से 85,000 रुपये मूल्य का गांजा ले जा रहा था। इस मामले में योगेश दुबे और धीरेंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### शिवपुरी में फॉरेस्ट गार्ड रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शिवपुरी :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आज एक फॉरेस्ट गार्ड को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस की टीम में एक होटल से फॉरेस्ट गार्ड गिर्राज धाकड़ को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। फॉरेस्ट गार्ड, किसान मुनेश धाकड से बदरवास रेंज की वन भूमि पर फसल किए जाने का बताकर उससे 40 हजार रुपए की मांग कर रहा था। मुनेश ने इस पूरे मामले की जानकारी लोकायुक्त पुलिस को दी थी। फरियादी मुनेश में फॉरेस्ट गार्ड गिर्राज धाकड़ को 20 हजार रुपए दिए तभी टीम ने पकड़ लिया।

### मारपीट के मामले में सूबेदार निलम्बित

**शहडोल :** मध्यप्रदेश के शहडोल में एक कार चालक को यातायात पुलिस के द्वारा मारपीट के मामले में पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 4 फरवरी को कार से एक परिवार अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी सूबेदार अभिनव द्वारा कार की जाँच के बाद मारपीट की गई थी। मारपीट का विडियो वायरल होने पर सूबेदार अभिनव को निलंबित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एक भी किसान को नहीं मिली सब्सिडी : कमलनाथ

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के वायदे के बाद भी प्रदेश के एक भी किसान को जीरो टिल सीड ड्रिल और हैपी टर्बो सीडर्स पर सब्सिडी नहीं मिली। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में घोषणा की थी कि सभी किसानों को जीरो टिल सीड ड्रिल और हैपी टर्बो सीडर्स पर 90 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी, ताकि कटाई में विलंब के कारण दूसरी फसल पर असर ना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी एक भी किसान को ये सब्सिडी मिली हो तो सरकार जनता को बताए।

### दो दिवसीय गांधी दर्शन शिविर का शुभारंभ

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर-जयपुर हाईवे स्थित कायड़ विश्राम स्थली पर आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ। शिविर का शुभारंभ झंडारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अजमेर स्थित महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों को गांधी दर्शन से रुबरु कराया जाएगा जिसमें देश के ख्यातनाम गांधीवादी विचारक विचार व्यक्त करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता एवं चिंतक सतीश राय तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अनिल शुक्ला गांधी दर्शन पर अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में गांवों दर्शन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जाएगी।

**भूकंप** प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक मदद का प्रस्ताव

# तुर्की और सीरिया में भूकंप से 1150 लोगों की मौत, 5300 से अधिक घायल

- तुर्की और सीरिया में भारी तबाही मचाई है
- इजराइल सहित कई अन्य देशों ने भी मदद की पेशकश की है

एजेंसियां



**इस्तांबुल :** तुर्की के दक्षिण में सीरियाई सीमा के पास स्थानीय समयानुसार सवेरे 04:17 बजे भूकंप का एक शक्तिशाली झटका महसूस किया गया है। पहले झटके के कुछ मिनट बाद एक और शक्तिशाली झटका महसूस किया गया जिसमें तुर्की और सीरिया में भारी तबाही मचाई है। अब तक 1150 से अधिक लोगों के मरने की खबर है जबकि 5300 से अधिक अन्य घायल हैं। बीबीसी ने तुर्की आपदा प्रबंधन एजेंसी के हवाले से कहा है कि पूरे इलाके में एक के बाद एक 40 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। तुर्की समेत लेबनान, सीरिया, साइप्रस, इसराइल और फ़लस्तीन में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसमें बड़े पैमान पर जान-माल का नुकसान हुआ है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप अर्दोगन ने कहा कि भूकंप से अकेले तुर्की में 912 लोगों की मौत हो गई है और 5,383 लोग घायल हो गए हैं। देश में आपातकाल लागू कर दिया है। वहां तेजी से राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार सीरिया में भी भूकंप के कारण भीषण तबाही की खबर है। वहां अब तक 237 से अधिक लोगों की मौत की ख़बर है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य अभी जारी है और उन्हें नहीं पता कि हताहतों की संख्या कितनी बढ़ेगी। तुर्की में सोमवार तड़के एक के बाद भूकंप के दो शक्तिशाली झटके महसूस किए गए हैं। बीबीसी ने बताया है कि भूकंप प्रभावित इलाकों में इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। तुर्की में तेजी से बचाव कार्य किया जा रहा है, लेकिन अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि अभी भी कई लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तुर्की और सीरिया में सोमवार को विनाशकारी भूकंप में हुयी जन-धन की हानि पर गहरा दुख जताया है और दोनों देशों को संकट की इस घड़ी में भारत से सहायता की प्रतिबद्धता जतायी है। मोदी ने बेंगलुरु में विद्युत क्षेत्र पर एक सम्मेलन का उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए तुर्की में भूकंप से भारी हानि का जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा, वर्तमान में हम सभी की नजर तुर्की में आए विनाशकारी भूकंप पर टिकी हुई हैं, जिसके कारण कई लोगों की दुखद मौत और व्यापक क्षति हुई है। देश के 140 करोड़ लोगों की सहानुभूति तुर्की के भूकंप पीड़ितों के साथ है। हम भूकंप पीड़ितों की हरसंभव सहायता करने को तैयार हैं। हम संकट की इस घड़ी में सीरिया के लोगों के दुख से दुखी हैं और उन्हें सहायता और सहयोग देने को प्रतिबद्ध हैं।

श्रमिकों के आंदोलन के आगे झुक गयी फ्रांस की सरकार

# मैक्रों की सरकार ने अपना ही फैसला वापस लिया



एजेंसियां

**पेरिस :** फ्रांस के राष्ट्रपति एमानूएल मैंक्रों के माहौल बिगड़ते देख अपना ही फैसला वापस लेना पड़ा है। सरकार ने वहां सेवानिवृत्ति का नया नियम लागू करते हुए पेंशन के प्रावधानों में बदलाव करने का एलान किया था। वहां के मजदूरों के लगातार आंदोलन के बाद स्थिति बिगड़ते देख सरकार ने अपना यह फैसला वापस ले लिया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्ने ने कहा कि अब बीस से 21 साल की उम्र में नौकरी प्रारंभ करने वाले 63 साल की उम्र तक नौकरी कर सकेंगे। पिछले वर्ष फिर से राष्ट्रपति का चुनाव जीतने वाले मैंक्रों इस मुद्दे पर हुए जनमत सर्वेक्षण में अपने ही इलाके में बुरी तरह पराजित हो गये थे। सत्तारूढ़ दल के कई अन्य सांसदों को इस आंदोलन की आंच का एहसास होने लगा था। दो दिनों के आंदोलन में फ्रांस के लगभग सभी श्रमिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए थे। देश के अलग अलग शहरों की सड़कों पर हजारों लोगों का प्रदर्शन सरकार की परेशानी बढ़ाने वाला था। दूसरी तरफ वहां के वामपंथी श्रमिक संगठन सरकार के खिलाफ अधिक आक्रामक हो रहे थे। संसद में वामपंथी विपक्ष ने सरकार के इस कानून में संशोधन के लिए हजारों प्रस्ताव दाखिल किये हैं। दरअसल सरकार की तरफ से यह दावा किया गया था कि सेवानिवृत्ति और पेंशन में सुधार के जरिए देश को वर्ष 2030 तक घाटे की स्थिति से उबारना है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अधिक उम्र के कामगारों को हटाने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाने की दिशा में सरकार काम करेगी क्योंकि अधिक उम्र में नौकरी से हटाये गये लोगों के लिए फिर से काम खोजना कठिन हो जाता है।

दो दुधमुंही बच्चियों को इलाज के नाम

# पर गर्म चूड़ियों से दागा गया, मामला दर्ज

- पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मामले दर्ज किए है

एजेंसियां

**शहडोल :** मध्यप्रदेश के आदिवासीबहुल शहडोल जिले में दो दुधमुंही बच्चियों को इलाज के नाम पर गर्म चूड़ियों से दागने के दो अलग-अलग मामलों में जिला पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। शहडोल पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंहपुर थाना क्षेत्र में बीती रात अबोध बच्चियों को गर्म चूड़ी से दागने और उससे एक बच्ची की मौत पर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रुचिता कोल (15 दिन) के परिजन के बयान के आधार पर प्राथमिक जाँच के बाद सामतपुर गाँव की रामवतिया चर्मकार के खिलाफ ड्रग एंड मैजिक रेमिडीज ऑब्जेक्शनल एडवरटाइज एक्ट 1954 की धारा 7 एवं 324 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी महिला ने निमोनिया के इलाज के नाम पर बच्ची के पेट को गर्म चूड़ी से दाग दिया था। बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे मामले में मृतिका शुभी कोल (तीन महीने) के परिजन के बयान के आधार पर सामतपुर गाँव ही की अज्ञात दाई के खिलाफ ड्रग एंड मैजिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर अनुसन्धान प्रारम्भ कर दिया गया है।

# शिवराज ने नागरिकों के साथ किया पौध-रोपण



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, सप्तपर्णी और खिरनी के पौधे लगाए। चौहान ने 19 फरवरी 2021 को अमरकंटक में प्रतिदिन पौध-रोपण का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री का प्रतिदिन पौध-रोपण के संकल्प का आज 717वां दिन है। मुख्यमंत्री के साथ स्वदीप सिंह भदोरिया तथा श्रीमती मोनिका भदोरिया ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर पौधे लगाए। कुलदीप सिंह भदौरिया, श्रीमती रीता सिंह भदौरिया, एम.एस. भदौरिया और श्रीमती मिथिलेश भदौरिया भी साथ थी। भोपाल की पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती कल्पना मीणा ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। सामाजिक कार्यकर्ता सर्वश्री बृजेश मीना, अशोक मीणा और विजय मीणा साथ थे।

# उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों ने ली शपथ



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने सोमवार को पांच न्यायाधीशों को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत सभागार में आयोजित एक समारोह में उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों और दो न्यायाधीशों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को शपथ दिलाई गई। इन पांचों न्यायाधीशों के पदभार ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। इस अदालत के लिए स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या 34 है। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को न्यायमूर्ति मिथल, न्यायमूर्ति करोल, न्यायमूर्ति कुमार, न्यायमूर्ति अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मिश्रा को पदोन्नत कर शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति के बाद केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को पांचों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचनाएं जारी की थीं। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की ओर से दो अन्य उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश बनाने की सिफारिशें केंद्र सरकार के समक्ष लंबित हैं।

**माघी पूर्णिमा** प्रयागराज में संगम तट पर अंतिम चरण में चल रहे माघ मेला के दौरान

# संगम में गंगा की निर्मलता से संत समाज अभिभूत है

- नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाने के सरकार के प्रयास से संतुष्ट दिखायी दे रहा है
- सब श्रीराम के पावन चरित्र में समाहित हैं

एजेंसियां



**प्रयागराज :** संगम नगरी प्रयागराज में संगम तट पर अंतिम चरण में चल रहे माघ मेला के दौरान गंगा की निर्मलता से संत समाज खासा अभिभूत है और नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाने के सरकार के प्रयास से संतुष्ट दिखायी दे रहा है। महामन्डलेश्वर संतोष दास (सतुआ बाबा) ने यूनीवार्ता से कहा कि संगम तट पर गंगा और यमुना के निर्मल जल को देख कर मन प्रसन्न है। संत महात्माओं का कहना है कि इतना शुद्ध जल उन्होंने अपने जीवन काल में नहीं देखा और वे इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को देते हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में इस प्रकार के धार्मिक स्थलों का जीर्णोधार और सौन्दर्यीकरण हुआ है, वह अप्रतिम है। चाहे वह काशी विश्वनाथ कोरीडोर या अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, इसका उदाहरण जिसमें 75 वर्षों में नहीं मिलता। महामन्डलेश्वर ने राम महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्री राम की कथा जिसने भी सुनी उसके जीवन की सभी व्यथा दूर हुयी और उसे भवसागर से मुक्ति मिली तथा सफलता का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पावन जीवन चरित्र समूची मानवता के लिए दिग्दर्शन, प्रेरणा एवं प्रकाश है। उनके जीवन से हम सबको विषम परिस्थितियों में जूझने की प्रेरणा मिलती है। हमारे मनीषियों ने माना है कि श्रीराम ही साक्षात धर्म हैं अर्थात श्रीराम ही सबकुछ हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की व्याख्या को लेकर विद्वानों में कुछ मतभेद हो सकता है लेकिन अलग -अलग व्याख्याओं में धर्म के जितने भी लक्षण बताए गए हैं वे सब श्रीराम के पावन चरित्र में समाहित हैं। वर्तमान पीढ़ी का सौभाग्य है कि वह श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य को युद्धस्तर पर होते देख रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए 500 वर्षों के लंबे इंतजार में कई पीढ़ियां चली गईं और लोगों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। संत ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में यहाँ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक उल्लेखनीय काम करवाए गए हैं और कल्पवासियों की सुविधा के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस बार माघ मेला माघी पूर्णिमा यानी छह जनवरी शुरू हुआ और महाशिवरात्रि यानी 16 फरवरी को समाप्त हो जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी

**कीव :** यूक्रेन के कई क्षेत्रों में रविवार रात हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनायी दी। देश के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेन के पोल्टावा, खार्किव, और निप्रॉपेट्रोस क्षेत्रों के साथ-साथ यूक्रेन-नियंत्रित जापोरिज्जिया और दोनेत्सक पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) क्षेत्रों में आधी रात के बाद हवाई हमले के सायरन बज गए। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शिम्हाल ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि रूस द्वारा 10 अक्टूबर 2022 को हवाई हमले शुरू करने के बाद यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने गत दिसंबर में कहा था कि देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को 100 प्रतिशत तक बहाल करना असंभव है। तुर्की की ऊर्जा कंपनी कारपॉवरशिप ने जनवरी में कहा था कि वह देश के ऊर्जा संकट को कम करने के लिए यूक्रेन को पांच सौ मेगावाट (मेगावाट) क्षमता की पावरशिप प्रदान करेगी। यह तैरने वाला बिजली संयंत्र लगभग दस लाख यूक्रेनी परिवारों की बिजली की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। गौरतलब है कि क्रीमिया ब्रिज पर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद,रूस ने गत दस अक्टूबर को यूक्रेन के बुनियादी ढांचों पर हवाई हमले शुरू कर दिए थे।

### अमेरिका में संगीत कार्यक्रम में गोलीबारी,एक की मौत

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राज्य अर्कांसस में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। केएआरके-टीवी के अनुसार अर्कांसस के न्यूपोर्ट के एक स्कूल में शनिवार रात अमेरिकी रैपर फ्रेडो बैंग का संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया था और स्थानीय समयानुसार रविवार तड़के लगभग 2:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर गोलीबारी होने की जानकारी मिली। अर्कांसस स्थित टेलीविजन स्टेशन 'केएआरके-टीवी' ने न्यूपोर्ट पुलिस विभाग के हवाले से बताया कि गोलीबारी में 19 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। केएआईटी-टीवी ने पुलिस प्रमुख लैरी दुलाने और लेफ्टिनेंट मार्क हार्मन के हवाले से बताया कि घायलों में से एक को बेहतर इलाज के लिए विमान से बड़े अस्पताल ले जाया गया है। केएआईटी-टीवी ने बताया कि घटना के सिलिसले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उन पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। इस मामले में और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है और जांच की जा रही है। बन्दूक से हुई हिंसा के मामलों के आंकड़े रखने वाली एक संस्था के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत से अमेरिका में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की 50 से अधिक घटनाएं हुई हैं।

### तुर्की में हिमपात के कारण 370 से उड़ानें रद्द

**इस्तांबुल :** तुर्की की विमानन कंपनियों पेगासस एयरलाइंस और टर्किश एयरलाइंस ने राजधानी अंकारा और मुख्य शहर इस्तांबुल में भारी हिमपात के कारण कुल 370 उड़ानें रद्द कर दी हैं। स्पूतनिक द्वारा प्राप्त एक सूची के अनुसार, पेगासस एयरलांस ने 6-7 फरवरी के लिए निर्धारित कई शहरों की कुल 200 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। ये सभी उड़ानें सबिहा गोकसेन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से आने-जाने वाली थीं। वहीं, टर्किश एयरलाइंस ने सोमवार को 170 उड़ानें रद्द कर दी। इनमें से 152 इस्तांबुल हवाई अड्डे के लिए और 18 सबिहा गोकसेन हवाई अड्डे के लिए निर्धारित थीं। इस्तांबुल और राजधानी अंकारा में भारी हिमपात के कारण सोमवार को स्कूल बंद कर दिये गये।

### ऑस्ट्रेलिया में बौद्ध मंदिर में आग लगने से क्षतिग्रस्त

**सिडनी :** आस्ट्रेलिया में मेलबर्न के एक बौद्ध मंदिर में रविवार रात भीषण आग लग गयी, जिसे बुझाने के लिए करीब 80 दमकलकर्मियों को सोमवार सुबह तक खासी मशक्कत करनी पड़ी। अग्निशमन विभाग विक्टोरिया (एफआरवी) के कर्मचारियों को रात लगभग आठ बजे मेलबर्न के दक्षिण-पूर्व में स्थित ब्राइट मून बौद्ध मंदिर में आग लगने की जानकारी दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मंदिर के विशाल एवं बहुमंजिला इमारत में आग बुझाने के लिए पहुंच गये। एफआरवी के मुताबिक रात करीब 10:35 बजे आग पर काबू पा लिया गया। आसपास के निवासियों को घर में रहने, सभी बाहरी दरवाजे और खिड़कियां बंद करने तथा हीटिंग और कूलिंग सिस्टम बंद करने के निर्देश दिये गये हैं। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एफआरवी के सहायक मुख्य अग्निशमन अधिकारी पॉल फोस्टर ने स्थानीय मीडिया को बताया कि दमकलकर्मी सोमवार सुबह तक बाकी बची आग को बुझा रहे थे। उन्होंने बताया कि यह एक बड़ी और भीषण आग थी क्योंकि मंदिर लगभग काफी विशाल और पांच मंजिला है। फोस्टर ने कहा,''यह एक व्यापक आग थी,बहुत तेजी से बढ़ रही थी और देखने में काफी भयावह थी। इसे कई किलोमीटर तक देखा गया था।''गौरतलब है कि ब्राइट मून बुद्धिस्ट सोसाइटी से संबंधित मंदिर को 1991 में खरीदा गया और इसे हॉल और प्रार्थना क्षेत्रों में बदल दिया गया। धीरे-धीरे यह स्थानीय बौद्ध समुदाय के लिए एक लोकप्रिय पूजा स्थल बन गया।

## आज का इतिहास

- 1792 : ऑस्ट्रेलिया एवं प्रुशिया ने फ्रांस के खिलाफ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1831 : बेल्जियम में संविधान लागू।
- 1856 : नवाब वाजिद अली शाह द्वारा अवध राज्य का ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में शांतिपूर्ण विलयन।
- 1904 : अमेरिका के बाल्टिमोर में आग लगने से पन्द्रह सौ इमारतें जल कर खाक।
- 1915 : चलती ट्रेन से पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ।
- 1935 : आज ही के दिन मशहूर बोर्ड गेम मोनोपोली को कॉपीराइट किया गया था।
- 1940 : ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- 1942 : यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1945 : ब्रिटेन, अमेरिका और रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- 1947 : अरब और यहूदियों ने फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- 1959 : फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा के नये संविधान की घोषणा की।
- 1962 : अमेरिका ने क्यूबा से सभी तरह के आयात पर रोक लगाई। जर्मनी की एक कोयला खदान में विस्फोट से 298 मजदूरों की मौत।
- 1965 : अमेरिका ने उत्तरी वियतनाम में लगातार हवाई हमले शुरु किये।
- 1983 : कोलकाता में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना।
- 1987 : जापान द्वारा अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (ए.एन.सी) को मान्यता।
- 1992 : स्वदेशी तकनीक से निर्मित पहली पनडुब्बी (आईएनएस शाल्की) को नौसेना में शामिल किया गया।
- 1997 : अमेरिका के स्टीफन स्क्यूवैल अगले तीन वर्ष हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के अध्यक्ष चुने गये।
- 1999 : जार्डन के शाह हुसैन की मृत्यु,अब्दुला नये शाह बने।
- 2000 : भारत व अमेरिका के बीच गठित संयुक्त आतंकवाद विरोधी दल की प्रथम बैठक वाशिंगटन में शुरू।
- 2001 : इस्रायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक चुनाव में पराजित, एरियल शेरोन नए प्रधानमंत्री बने।
- 2003 : फ्रांस के प्रधानमंत्री ज्यां पियरे रैफरिन भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
- 2006 : नेपाल में स्थानीय निकायों हेतु मतदान सम्पन्न।
- 2008 : केन्द्र सरकार ने सिमी पर प्रतिबन्ध की अवधि को बढ़ाया। इकेडोर का तंगुराही ज्वालामुखी फटा।
- 2009 : राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को महाराष्ट्र के राज्यपाल एससी जमीर ने डी० लिट् की उपाधि से नवाजा।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

रांचीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**बैठक** 8 फरवरी को व्यापारियों की राज्यस्तरीय बैठक

# कृषि विपणन शुल्क विधेयक किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं: चैंबर

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कृषि विपणन शुल्क विधेयक को लेकर आठ फरवरी को राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए सोमवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए चैंबर के महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, अमित शर्मा और प्रवीण जैन छाबड़ा ने बताया कि विधेयक किसी भी रूप में व्यापारियों को स्वीकार्य नहीं है। इस विधेयक के राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, राज्यस्तरीय बैठक में आगे की रणनीति तय की जायेगी।




चैंबर प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि विधेयक लगने से राज्य में खाद्यान्न महंगे होंगे। इससे खाद्यान्न दो फीसदी महंगी हो सकती है। मंडी शुल्क लगाना कहीं से भी राज्य में उचित नहीं है। खाद्यान्न व्यापारी प्रवीण जैन छाबड़ा ने कहा कि राज्य में अधिकांश खाद्यान्न आयतित होते है। राज्य एक कंज्यूमिंग स्टेट है। ऐसे में आयतित खाद्यान्नों पर शुल्क लगाने से खाद्यान्न महंगे होंगे। वहीं, राज्य के किसानों को इसका लाभ भी नहीं मिलेगा। व्यापारियों ने कहा कि मामले में कई नेताओं और अधिकारियों से विधेयक में हस्तक्षेप की मांग की गयी। इसके बाद भी व्यापारियों की मांग नहीं मानी गयी।

जिससे अब आंदोलन ही एक मात्र विकल्प है।

**खाद्यान्न व्यापार में आयेगी कमीः** व्यापारियों की मानें तो बिल के लागू होने से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आयेगी। जिससे किसानों के उपज की स्थानीय मांग घटने से उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत प्राप्त होगी। वहीं सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होनेवाले राशि (राजस्व) में कमी आयेगी।

**पिछले साल हुआ था विरोधः** पिछले साल भी राज्य सरकार ने इस बिल को मार्च में पास किया था। व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस लेने की बात कहीं थी। वहीं, राज्यपाल ने भी मई महीने में इस बिल को राज्य सरकार को संशोधन के लिये भेजा। लेकिन इस विधानसभा सत्र में सरकार ने फिर से इसे लागू कर दिया। इस दौरान अप्रैल माह में खाद्यान्न आयात बंद कर दिया गया था। हालांकि दो दिनों के खाद्यान्न आयात बंद होने के बाद ही राज्य सरकार ने व्यापारियों से वार्ता की।

नगर निगम की तैयारी जोरों पर

## रोप लाइट से जगमग होंगे खंभे



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी में जी 20 की बैठक मार्च में प्रस्तावित है। इसे लेकर रांची नगर निगम पूरे शहर को चमकाने में लगा है। रोड से लेकर नाला-पार्क सभी को दुरुस्त किया जा रहा है। वॉल पेंटिंग से लेकर डिवाइडर भी चमकाए जा रहे हैं। अब नगर निगम क्षेत्र के सभी खंभे पेंट कर रंगीन लाइट से जगमग होंगे। नगर निगम सभी खंभों पर रोप लाइट लगाएगा। वहीं लगाने वाली एजेंसी को इसका मेंटेनेंस भी करना होगा।

रांची नगर निगम प्रोक्योरमेंट कमिटी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एजेंसी को जल्द से जल्द पूरे शहर को कवर करने को कहा गया है। जिससे कि जी-20 से पहले शहर बाहर से आने वाले डेलीगेट्स के स्वागत के लिए तैयार होगा। जिला प्रशासन की टीम नगर निगम के कोआर्डिनेशन के साथ एक टीम का भी गठन किया गया है जो शहर को साफ सुथरा और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का कार्य कर रही है। वहीं अतिथियों के आने व जाने तक ट्रैफिक व्यवस्था सुगम हो इसे लेकर हर बिंदु पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। रूट चार्ट भी तैयार किया जा रहा है। जी0 की बैठक को लेकर रांची उपायुक्त ने भी विशेष दिशा निर्देश जारी किए हैं और निगम को स्पेशल ड्राइव चलाने का निर्देश दिया है। जिससे कि अपनी रांची की बेहतर छवि बन सके।

## सुप्रीम कोर्ट से बेल के लिए पूजा सिंघल को करना होगा इंतजार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को फिलहाल जमानत के लिए इंतजार करना होगा। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कुछ दस्तावेजों के सत्यापन के लिए समय की मांग की है। जिसके बाद शीर्ष अदालत ने पूजा सिंघल की एसएलपी पर अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। पिछली बार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बेटी की बीमारी के आधार पर जमानत दी थी। सोमवार यानी 6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और मनोज मिश्रा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि इससे पहले 3 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने पूजा को एक माह की अंतरिम जमानत दी थी। जिसके बाद पूजा सिंघल 4 फरवरी को जेल से बाहर निकली थी। अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर पूजा ने बीते 4 फरवरी को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जिसके बाद फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।



## बहस नहीं करेंगे तो आर्डर के लिए तैयार रहें: हाईकोर्ट

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से समय मांगे जाने पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा की 22 फरवरी को अगर मामले में बहस नहीं की जाएगी तो ऑर्डर के लिए तैयार रहें।



इससे पूर्व प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से समय मांगे जाने पर प्रतिवादी समरी लाल के अधिवक्ता कुमार हर्ष की ओर से विरोध किया गया। कहा गया कि वे सुनवाई से भाग रहे हैं, मामले में दोनों पक्षों की गवाही पूरी हो गई है, अब सिर्फ बहस होना बाकी है। प्रतिवादी की ओर से यह भी बताया गया समरी लाल की ओर से गवाही खुलवाने को लेकर जो एसएलपी दाखिल की गई थी वह सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। इसलिए अब इस मामले में और गवाही भी नहीं होनी है। यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के जाति छानबीन समिति के आदेश को पिछले दिनों रद्द कर दिया है, ऐसे में अब इस मामले में कुछ नहीं बच रहा है।

इसलिए मामले में बहस पूरी कर जल्द फैसला सुनाया जाना चाहिए। लेकिन प्रार्थी की ओर से समय मांग कर सुनवाई को टालने का प्रयास किया जा रहा है, जो अनुचित है। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में समरी लाल की ओर से हुई गवाही में लगभग सभी गवाहों ने कोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा ने पैरवी की। वही प्रतिवादी की ओर से कुमार हर्ष ने पैरवी की। दरअसल, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे। सुरेश बैठाने उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

### राजीव कुमार दर्ज कराई शिकायत

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अरगोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता राजीव कुमार के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि वकील साहब बोल रहे हैं, कुछ पैसा कमवाईए न, आपका तो सीबीआई से अच्छा है। हालांकि अधिवक्ता राजीव कुमार ने इस मामले पर व्यक्ति से पहचान बताने को कहा तो उसने पहचान बताने से इनकार कर दिया। इस मामले को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है और बताया कि इसके पीछे एक साजिश है।

### सरकार और सभी विवि से लिखित बहस जमा करने का आदेश

रांचीः लेक्चरर नियुक्ति मामले में दायर याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य भर के विश्वविद्यालयों, जेपीएससी, राज्य सरकार और प्रार्थी समेत अन्य पक्षकारों को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी डॉ। तसलीम आरीफ की ओर से दायर याचिका में सरकार द्वारा बनाए गए परिनियम को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार को परिनियम बनाने का अधिकार नहीं है। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। अब अदालत इस मामले में 2 मार्च को सुनवाई करेगी। यह याचिका वर्ष 2018 में दाखिल की गई थी।

## कांटाटोली फ्लाईओवर: 10 महीने में 30 फीसदी भी काम नहीं

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कांटाटोली में बन रहे फ्लाईओवर को कंप्लीट करने का डेडलाइन धीरे-धीरे नजदीक आता जा रहा है। लेकिन 30 फीसदी काम भी पूरा नहीं हो पाया है। काम लेने वाली अहमदाबाद की दिनेश अग्रवाल एंड संस कंपनी को अप्रैल 2024 तक फ्लाईओवर बनाना है। अप्रैल 2022 से कंपनी ने काम शुरू किया था, लेकिन 10 महीने में 30 फीसदी भी काम नहीं हुआ है। बचे हुए 14 महीने में कंपनी को 70 फीसदी से ज्यादा काम करना है। बहु बाजार के योगदा सत्संग आश्रम से कोकर के शांतिनगर तक बनने वाले 2।24 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर में कुल 44 पिलर बनाए जाने हैं। इनमें से अबतक सिर्फ 25 पिलर ही बने हैं, जबकि सिर्फ 6 पिलर की कैपिंग हुई है। अभी 19 पिलर बनने हैं और सभी की कैपिंग होनी है। इसके बाद पीलरों पर गाडर लगेगा और तब ढलाई होगी। डिवाइडर और रेलिंग बनाए जाएंगे। लाइटें लगेगी और सड़क को पक्का किया जाएगा। कांटाटोली का काम देख रही नगर विकास विभाग की एजेंसी जुडको के एक अधिकारी ने कहा कि अप्रैल तक काम पूरा करने की कोशिश है।

अगर डेडलाइन फेल हुआ, तो अक्टूबर 2024 तक इसे किसी भी सूरत में कंप्लीट किया जाएगा और 2024 में फ्लाईओवर को चालू कर दिया जाएगा। फ्लाईओवर बनने के बाद भी कई काम किये जाने हैं। उसके बाद ही फ्लाईओवर चालू किया जाएगा। बहु बाजार में फ्लाईओवर के नीचे 40 दुकानें बनाने की योजना है। फ्लाईओवर बनने के बाद इसके आवंटन की प्रक्रिया होगी। वहीं दोनों ओर के सर्विस लेन को सात-सात मीटर चौड़ी करने की भी योजना है।

फ्लाईओवर पर चढ़ने और अलग-अलग इलाकों में जाने के लिए एक्जिट और इंट्री रैंप का भी निर्माण होगा। एक रैंप वाईएमसीए और दूसरा रैंप खादगढ़ा बस स्टैंड के सामने बनेगा। वाईएमसीए के पास बनने वाला रैंप लालपुर और कोकर की ओर जाएगा। जबकि खादगढ़ा बस स्टैंड के पास बनने वाले रैंप से गाड़ियां नामकुम की ओर आना-जाना करेंगी। इसके अलावा दोनों तरफ के सर्विस लेन को भी पक्का किया जाएगा।







**अभियान** बिजली चोरी से परेशान जेबीभीएनएल, अभियान के बावजूद

## राजधानी में नहीं रुक रहा बाईपास कनेक्शन लेना

- बिजली चोरी करने के कुल 90 मामले दर्ज किये गये है
- बिजली चोरी रोकने और लोगों को रोकने की अपील की गयी है

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के बाद भी सूबे में बिजली चोरी नहीं रूक रही है। इससे बिजली वितरण निगम को करोड़ों को घाटा हो रहा है। जबकि निगम पिछले कुछ समय मे लगातार राजस्व संग्रहण पर बल दे रहा है। बिजली चोरी अधिक होने वाले जिलों में लोहरदगा जिला उपर आत है।



इस संबध में निगम मुख्यालय की ओर से भी लोहरदगा जिला में विषेश छापेमारी अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। इसमें बताया गया है कि मीटर के बावजूद लोग बाईपास कर बिजली जला रहे है। कई बार जिला में हुए छापेमारी से इसकी जानकारी भी हुई है। उपभोक्ताओं पर कारवाई के बाद भी जिला में ऐसे मामले नहीं रूक रहे है।

ऐसे में सघन अभियान चलाकर बिजली चोरी रोकने और लोगों को रोकने की अपील की गयी है। लोहरदगा जिला के पिछले एक साल के दौरान मीटर बाइपास कर बिजली चोरी करने के कुल 90 मामले दर्ज किये गये है। एक साल में बिजली चोरी से संबंधित अलग-अलग मामलों की में लोहरदगा जिले में कुल 438 मामले किये गये है।

सिर्फ लोहरदगा जिला की बात करें तो यहां बिजली चोरी से हर महीने विभाग को लाखों का नुकसान होता है। मुख्यालय के आदेश पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक की ओर से जिलों को हर महीने का लक्ष्य दिया जाता है। लेकिन राजस्व संग्रहण में उपयोग की गयी बिजली और राजस्व में काफी अंतर देखा जाता है। जानकारी हो कि निगम की ओर से हर जिला में बिजली मांग और उपयोग के अनुसार ही बिजली आवंटित किया जाता है। लोहरदगा के बिजली अधिकारियो की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी मीटर लगाए गये हैं। लेकिन जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण ग्रामीण अपने मीटर को हटा कर या मीटर बाइपास कर बिजली का उपयोग कर रहें है। ऐसे में विभाग के जांच दल मामले में कारवाई कर रहा है।